CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 02-07-2026 23:09 Color:

नई दिल्ली > **रविवार, 8 फरवरी 2026** > माघ 19, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्ण सप्तमी, विक्रम संवत 2082 | WATCH GOD WATCHDOG | वर्ष 22, संख्या 6 > पेज 28* > मूल्य ₹6.00 या ₹12.50* संडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित | www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

NBT

संडे नवभारत टाइम्स




**दीवारों पर आर्ट**

दिल्ली में लोधी रोड पर बिखरे रंग। स्ट्रीट आर्ट फेस्ट 28 फरवरी तक। आज सुबह 11 बजे मेहरचंद मार्केट के सामने डी ब्लॉक में।

## बिखरे खुशियों के रंग

❶ दिल्ली में देश-विदेश के कलाकार दीवारों को सजा रहे हैं, वहीं DDA 14-16 फरवरी को 4 पार्कों में फ्लावर फेस्ट और 14, 15 फरवरी को बांसेरा में ग्रीन एक्सपो का आयोजन करेगा। 15 फरवरी को सीरीफोर्ट ट्रेल रन होगी। ❷ मध्य प्रदेश के कूनो नैशनल पार्क से भी खुशी की खबर आई, मादा चीता आशा ने पांच शावकों को जन्म दिया। चीतों की संख्या 35 हो गई है।





**अमृत उद्यान**

राष्ट्रपति भवन का ये बगीचा 31 मार्च तक हफ्ते में 6 दिन खुला है सोमवार को बंद रहता है।

### संडे स्पेशल

संडे टॉक
■ खाना और प्यार का खजाना — पेज 15



जेनरेशन वाइब्स
■ टीनेजर्स की चुप्पी भी समझें और बोलना भी — पेज 14



टिप्स, ट्रिक्स...
■ इंटरनेट दिया तो सेफ्टी ऐसे दें बच्चों को — पेज 16

**मौसम**

अधिकतम तापमान 25.1°

11.8° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त रविवार 6:06 | सूर्योदय सोमवार 7:04

9 फरवरी को मध्यम कोहरे की आशंका। पारा 9 डिग्री तक गिरेगा।

# यूएस से डील के नियम तय, भारत बंद रखेगा डेयरी क्षेत्र

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत और अमेरिका में द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की रूपरेखा पर शनिवार को सहमति बन गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूसी तेल खरीदने पर भारत के खिलाफ लगाया गया 25% टैरिफ हटा दिया। साथ ही, बाकी 25% जवाबी टैरिफ को 18% किया जाएगा, जिसके लिए अमेरिका एक एग्जेक्यूटिव ऑर्डर जारी करेगा। भारत अमेरिका से आने वाले समूचे इंडस्ट्रियल गुड्स और कई कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क या तो खत्म करेगा या घटाएगा। भारत ऐसा मार्च के मध्य में करेगा, जब पहले चरण के अंतरिम समझौते पर दस्तखत होंगे। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि अब भारत के करीब 44 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट पर अमेरिकी टैरिफ जीरो हो जाएगा। भारत अमेरिका से डेयरी उत्पाद नहीं लेगा। जेनेटिकली मॉडिफाइड प्रोडक्ट्स की भी मनाही रहेगी। US ने ये भी कहा कि टैरिफ और घटाने के भारत के अनुरोध पर विचार किया जाएगा। ▸▸ पेज 17

**44** बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट पर अमेरिकी टैरिफ जीरो



**महाडील**

File Image



डील में यह भी तय हुआ कि टैरिफ पर आगे कोई भी देश अगर वादे से हटा, तो दूसरा देश भी कदम उठा सकता है।

> हमने दोनों महान देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमति जताई है। डील किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करेगी। *- नरेन्द्र मोदी, पीएम*

## चावल, गेहूं, दाल समेत कई चीजों को छूट नहीं: गोयल



पीयूष गोयल

■ **कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर** पीयूष गोयल ने कहा कि चावल, गेहूं, दाल, मिलेट्स, तिलहन, मीट और पोल्ट्री सहित कई दूसरी चीजों में छूट नहीं दी गई। इस समझौते से भारत निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट खुल गया है।

## रूस से तेल खरीद पर क्या बोले US-भारत?

■ यूएस ने कहा, भारत ने रूस से तेल खरीद बंद करने का वादा किया है। अमेरिकी अधिकारी नजर रखेंगे। वहीं भारत ने कहा कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग देशों से तेल और गैस खरीदने की रणनीति पर काम कर रहा है।

**अंदर भी पढ़ें खास खबरें...**

BJP को मुंबई का पहला मेयर मिलने की उम्मीद ▸▸ पेज 12
दो दिन तक चली रेड में 627 करोड़ की ठगी उजागर ▸▸ पेज 3
भागवत ने कहा, RSS किसी के खिलाफ नहीं ▸▸ पेज 11

* 20+8 DelhiTimes

**सूरजकुंड मेले में झूला टूटा, इंस्पेक्टर की मौत, 13 घायल**

# लापरवाही ने ली एक और जान

■ भोला पांडेय, गौरी शर्मा, फरीदाबाद: दिल्ली-NCR में लापरवाही ने शनिवार को फिर एक जान ले ली। इस बार हादसा फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में हुआ। मेले में लगा एक झूला टूटा और उसका भारी हिस्सा नीचे गिरने वाला था कि मौके पर मौजूद इंस्पेक्टर जगदीश ने भीड़ को दूर हटाना शुरू किया, तभी झूले का हिस्सा उन पर गिर गया और जगदीश की मौत हो गई। 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झूलों की फिटनेस जांच में लापरवाही हुई है। उपायुक्त ने कमिटी बनाकर जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। ▸▸ पेज 5

NBT



इंस्पेक्टर जगदीश

जब झूला टूटा तो उस वक्त 18 लोग सवार थे

**कुछ देर पहले गेट गिरा था:** झूला टूटने से कुछ देर पहले गेट नंबर 2 के पास बुंदेलखंड का गेट भी गिरा था, जिसमें एक शख्स घायल हुआ है।

## मलयेशिया में मोदी, ट्रेड डील का जिक्र

PTI



मलयेशिया के पीएम के साथ कार में कार्यक्रम में दिखे मोदी

■ **पीटीआई, कुआलालंपुर** पीएम नरेन्द्र मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे। मलयेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर मोदी की अगवानी की। कई देशों के साथ भारत की ट्रेड डील का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखा जाता है। ▸▸ पेज 19

## तो बच सकती थी गड्ढे में गिरे कमल की जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**जनकपुरी में** दिल्ली जल बोर्ड के गड्ढे में कमल ध्यानी (25) की मौत के मामले में वेस्ट डीसीपी शरद भसीन ने शनिवार को बताया कि चश्मदीद विपिन सिंह ने बाइक गड्ढे में गिरते देखा था। उन्होंने गार्ड को बताया, जिसने लेबर योगेश को सूचना दी। योगेश ने ठेकेदार राजेश को फोन किया। राजेश 15-20 मिनट बाद पहुंचे, पर किसी को सूचना नहीं दी। राजेश को अरेस्ट किया गया है। कमल के चाचा ने कहा, दो दिन बाद भी कोई नेता या अधिकारी नहीं आया। ▸▸ पेज 6

File



दिल्ली जल बोर्ड ने खोदा था गड्ढा

> कमल मेरी बुढ़ापे की लाठी था। हमारा कमल नहीं, मेरी जीने की उम्मीद गड्ढे में गिरी है। *- नरेश चंद्र ध्यानी, कमल के पिता*




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA12 User: cci Time: 02-07-2026 23:23 Color:



# लगातार हादसों के बावजूद लापरवाही के कई जगह दिखे निशान

नोएडा के बाद दिल्ली में सड़क पर बने गड्ढे में युवक की गिरकर हुई मौत के बाद हमने दिल्ली के विभिन्न इलाकों की सड़कों का जायजा लिया। लगातार घट रही घटनाओं के बावजूद हमें कई जगह अभी सड़क पर गड्ढे हादसों को दावत देते दिखे। प्रस्तुत है एक पड़ताल...




NBT पड़ताल


## गणेश नगर: कई दिन से खुदा पड़ा है गड्ढा

राम त्रिपाठी, गणेश नगर: मंडावली और गणेश नगर के बीच से जा रही पुराना पटपड़गंज रोड के तिराहे के पास करीब 4 फीट गहरा और 6 फीट लंबा गड्ढा कई दिनों से खुदा पड़ा है। वहां मोटी केबल डालने का काम चल रहा है। गड्ढे को कवर करने के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। वॉर्निंग साइन बोर्ड भी नहीं लगा है। पुराना पटपड़गंज रोड इलाके की सबसे बिजी रोड में से एक है। रोड के लक्ष्मी नगर की तरफ जाने वाली सड़क पर उत्तर रेलवे का काम चल रहा है। इस कारण सड़क ट्रैफिक के लिए बंद कर दी गई है।

## नरेला: सड़क धंसने के बाद बना गड्ढा

नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल के सामने नरेला रोड पर दो दिन पहले सड़क धंसने से एक गहरा गड्ढा बन गया है। हालांकि, सड़क धंसने के बाद संबंधित विभाग की ओर से आनन-फानन में बैरिकेड्स लगाए गए हैं, लेकिन ये बैरिकेड्स सिर्फ और अव्यवस्थित तरीके से लगाए गए हैं, जो राहगीरों और गाड़ी चालकों के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर यह गड्ढा बना है, वह ट्रैफिक सिग्नल वाला चौराहा है। चौराहा होने की वजह से बड़ी संख्या में बाइक सवार और अन्य वाहन चालक यहां आकर रुकते हैं। चौधरी रामदेव चौक, नरेला से जब कोई वाहन सेक्टर ए-2 या एन-44 की ओर जाता है, तो यह गड्ढा उनके लिए गंभीर खतरा बन सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को तत्काल इस सड़क की मरम्मत का काम शुरू करना चाहिए।





## द्वारका: जनकपुरी हादसे के बाद दहशत में हैं लोग

जनकपुरी हादसे के बाद द्वारका सेक्टर-8 के लोग दहशत में हैं। द्वारका सेक्टर-8 RWA के कमांडर अमित कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट ड्रेन का काम DDA ने सितंबर 2022 में शुरू किया था। इस ड्रेन की एंट्री 2023 में बनकर तैयार हो गई थी। एयरपोर्ट ड्रेन के ऊपर एक सड़क बनाई गई है। इस सड़क के नीचे ड्रेन की गहराई करीब 12 फीट तक है। सेक्टर-8 को इस सड़क से जो एंट्री दी गई है, उसके दोनों तरफ करीब 50 से 100 मीटर तक 6 से 8 फीट गहरे गड्ढे हैं।

## मदनपुर डबास: सड़क के बीचों-बीच 5 फीट गहरा गड्ढा

राजेश पोद्दार, मदनपुर डबास: मीर विहार में मदनपुर डबास स्थित स्कॉलर स्कूल के सामने पिछले तीन दिनों से बीच सड़क करीब पांच फीट का एक गहरा गड्ढा खुला पड़ा है। यह गड्ढा टाटा पावर (टीपीडीडीएल) ने बिजली की लाइन डालने के लिए खोदा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अधिकांश जगहों पर काम पूरा भी हो चुका है, लेकिन मीर विहार के पास सड़क के बीचों-बीच यह गड्ढा खुला छोड़ दिया गया है। संबंधित एजेंसी की ओर से कोई बैरिकेडिंग या चेतावनी वाला बोर्ड यहां नहीं लगाया गया है।



# रामलीला मैदान से BJP सरकार शुरू करेगी एक साल का जश्न

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


**दिल्ली की BJP** सरकार 8 फरवरी से अपनी एनिवर्सरी का जश्न रामलीला मैदान से शुरू करने जा रही है। पहले ही दिन सरकार दिल्लीवालों को 500 इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा देगी। कार्यक्रम में BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 8 फरवरी से 2 मार्च तक सरकार अपने कामकाज को लेकर जनता के बीच एक साल का रिपोर्ट कार्ड लेकर जाएगी। सूत्रों की मानें तो 19-21 फरवरी के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सरकार के एक साल पूरा होने पर सीएम ने कहा कि आठ फरवरी वही दिन है जिस दिन दिल्ली की जनता ने अपना आशीर्वाद देकर BJP के 48 विधायक जिताए थे। दिल्ली में BJP की सरकार बनी थी। इसलिए 8 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक सरकार अलग-अलग आयोजन करेगी, जिससे वह जनता के बीच एक साल के कामकाज को लेकर जा सके। इस दौरान दिल्ली के लोगों को अपना रिपोर्ट देने का भी काम करेंगे। सीएम ने कहा कि 8 फरवरी से हम उद्घाटन शुरू करेंगे। अलग-अलग विभागों के विकास कार्य परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास होगा। पहले दिन हम रामलीला मैदान से 500 ईवी बसें जनता को समर्पित करेंगे। उसके बाद लगातार 20 फरवरी तक रेखा सरकार की अलग-अलग योजनाएं जनता को समर्पित करेंगी। विभागों की ये जो योजनाएं जनहित में हैं, उसकी शुरुआत 8 से 20 फरवरी के बीच करेंगे।

उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को सरकार अपने एक साल के कामकाज को लेकर जनता के लिए एक रिपोर्ट कार्ड पेश करेगी। फिर 22 फरवरी से 2 मार्च तक रिपोर्ट कार्ड को लेकर जनता के बीच जाएंगे। सीएम ने कहा कि धन्यवाद देती हूं दिल्ली की जनता को जिनके वोट की ताकत ने सरकार बनाई है। जिससे दिल्ली ने विकास की गति पकड़ी है। एक-एक विधानसभा में सरकार काम कर रही है।

**मिलेंगे कई सौगात**

- CM ने कहा, आज से 2 मार्च तक सरकार जनता के बीच लेकर जाएगी एक साल का रिपोर्ट कार्ड
- दिल्लीवालों को आज मिलेगा 500 बसों का तोहफा, दिल्ली-पानीपत बस सर्विस की होगी शुरुआत



## 400 करोड़ की लागत के विकास कार्यों की शुरुआत

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली की** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को मटियाला विधानसभा क्षेत्र में करीब 400 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों की शुरुआत की। विधानसभा को यह पैसा सड़क, नालियों, ड्रेनेज सिस्टम, पार्क और नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए दिया गया है। सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। सीएम ने इसके अलावा अपनी विधानसभा शालीमार बाग में भी विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया है।

मटियाला में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास कार्यों को कागजों तक सीमित रखना नहीं है, बल्कि उसे जमीन पर उतारकर हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के अंतर्गत सड़कों, नालियों, ड्रेनेज सिस्टम, पार्कों, सामुदायिक स्थलों और नागरिक सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। ग्रामीण और शहरी इलाकों को जोड़ने वाली सड़कों को ठीक करके कनेक्टिविटी बेहतर की जाएगी। उन्होंने कहा कि मटियाला विधानसभा में दो अटल कैंटीन भी शुरू की गई हैं।

उन्होंने आप सरकार पर तंज करते हुए कहा कि वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों को केवल घोषणाओं और वादों में उलझाए रखा गया। उन्होंने न गांवों की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दिया और न ही विकास योजनाओं को जमीन पर उतारा। इसकी वजह से सड़कें जर्जर होती चली गईं, जल निकासी और सीवर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपेक्षित रहीं और गांवों को विकास की मुख्यधारा से अलग-थलग कर दिया गया।



सीएम रेखा गुप्ता ने मटियाला में की शुरुआत

## IGNOU में MBA के लिए विंडो खुली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी (IGNOU) ने एमबीए के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू ने जनवरी सेशन 2026 के लिए इस कोर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। ये कोर्स ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (AICTE) से मान्य है। ओपन डिस्टेंस लर्निंग (ODL) मोड पर यह कोर्स स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज चलाएगा। दो साल के इस कोर्स के लिए स्टूडेंट्स ignouadmission.samarth.edu.in में जाकर अप्लाई कर सकते हैं। एमबीए-बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एमबीए-एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट, एमबीए-कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट, एमबीए-फाइनेंशल मैनेजमेंट, एमबीए-हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट, एमबीए-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमबीए-लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट, एमबीए-मार्केटिंग मैनेजमेंट और एमबीए-ऑपरेशंस मैनेजमेंट में स्पेशलाइजेशन ऑप्शन है। एमबीए में इंग्लिश/हिंदी/उड़िया (चुनिंदा कोर्स के लिए) मीडियम है। पात्र उम्मीदवारों के पास कम से कम 3 साल की बैचलर डिग्री होनी चाहिए। न्यूनतम 50% अंक रिजर्व कैटिगरी के उम्मीदवारों के लिए यह 45% है। प्रोग्राम की पूरी जानकारी www.ignou.ac.in/schools/programme/MBA में ली जा सकती है।

**ओपन डिस्टेंस लर्निंग मोड पर चलेगा यह कोर्स**

## नर्सरी: ये बच्चे इंतजार को क्यों मजबूर?

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ **नर्सरी के** लिए प्राइवेट स्कूलों में ओपन सीटों (75% सीटें) के लिए दूसरी लिस्ट 9 फरवरी को जारी होगी, लेकिन बाकी वंचित वर्ग के बच्चों (फ्रीशिप कोटे 25% सीटें) के लिए दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने शुरुआत ही नहीं की है। हर साल की तरह इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन/डिसएडवांटेज ग्रुप/चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स (EWS/DG/CWSN) के पैरेंट्स परेशान हैं। पैरेंट्स प्राइवेट स्कूलों के चक्कर लगा कर पूछताछ कर रहे हैं, दिल्ली शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट काम नहीं कर रही है, स्टूडेंट पोर्टल में कोई जानकारी नहीं है।

पिछले सेशन के लिए प्राइवेट स्कूलों में फ्री सीटों के लिए 3 फरवरी से फॉर्म भरना शुरू हुए थे और पहला ड्रॉ 3 मार्च को जारी किया गया था। शिक्षा विभाग कई साल से अपने एडमिशन प्रोसेस को ट्रैक पर नहीं ला पाया है। EWS/DG बच्चों की शिक्षा के लिए काम रहे NGO 'मिशन तालीम' के फाउंडर इकरामुल हक ने कहा कि इससे बड़ा भेदभाव हो ही नहीं सकता। दाखिला प्रक्रिया इस साल भी लेट है, खामियाजा बच्चों को ही भुगतना पड़ेगा। ये बच्चे अप्रैल में पढ़ाई शुरू करने वाले बच्चों की बराबरी में कैसे आएंगे! अब ट्रेंड यह है कि ओपन सीटों के भरने के बाद ही विभाग इनके लिए काम शुरू करता है। पहले ड्रॉ के बाद जब दाखिले होते हैं, तब तक गर्मियों की छुट्टियां पड़ जाती हैं। दूसरी-तीसरी लिस्ट जब आती है, तब तक इनकी 6-7 महीने की पढ़ाई छूट ही जाती है।

**सीटें भी हो रही हैं कम, दाखिले भी कम**

पिछले कुछ साल में EWS/DG/CWSN की सीटें भी लगातार कम हो रही हैं। जितनी अलॉटमेंट होती हैं, उतने भी एडमिशन नहीं होते। 2020-21 में नर्सरी, केजी और क्लास 1 के लिए करीब 47 हजार सीटें थी, 2021-2022 में 33 हजार सीटें, 2022-2023 में करीब 40 हजार, 2023-24 में करीब 37 हजार सीटें थीं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात



## NBT रीडर्स ने जाने कम समय में हेल्दी रेसिपीज़ के टिप्स

**हा**ल ही में एनबीटी रंगमंच क्लब द्वारा हेल्दी फूड पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में फूड बिजनेस से जुड़ी शेफ शिवानी बहुगुणा ने कम समय में तैयार होने वाली हेल्दी और स्वादिष्ट इंडियन रेसिपीज के आसान तरीके साझा किए। इस मौके पर शिवानी ने चना, राजमा और सोया जैसे प्रोटीन से भरपूर इंग्रीडिएंट्स से बने कबाब बनाकर दिखाए और बताया कि इन्हें कम समय में कैसे तैयार किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने बताया कि ये रेसिपीज बच्चों के टिफिन के लिए भी पौष्टिक और बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा हेल्दी रैप्स, अलग-अलग तरह के सलाद, कुकीज, गुड़ से बनी मिठाइयां और केक बनाने के आसान तरीके भी बताए गए। वर्कशॉप में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि किसी भी डिश को हेल्दी और टेस्टी बनाने के लिए सही सामग्री का चुनाव और उसकी संतुलित मात्रा कितनी जरूरी होती है। चॉकलेट और केक मेकिंग से जुड़े प्रैक्टिकल टिप्स भी साझा किए गए।

शिवानी बहुगुणा ने कहा कि सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि खाने की प्रेजेंटेशन भी उतनी ही अहम होती है। उन्होंने खाने को आकर्षक तरीके से परोसने के आसान और क्रिएटिव आइडियाज बताए। साथ ही मिलेट्स के बढ़ते उपयोग पर बात करते हुए उन्होंने इन्हें रोज की डिशेज में शामिल करने के आसान तरीके भी साझा किए।

वर्कशॉप में शामिल लोगों की उत्सुकता को लेकर शेफ शिवानी ने बताया कि कार्यक्रम में आए लोग कुकिंग की छोटी-छोटी लेकिन अहम तकनीकी बातों को जानने में खास दिलचस्पी दिखा रहे थे, जैसे केक बेक करने का सही तापमान, बेकिंग टाइम और टेक्सचर को बेहतर बनाने के तरीके। खास बात यह रही कि इन जानकारियों में पुरुषों की रुचि भी महिलाओं के बराबर रही।

वर्कशॉप में शामिल शालू कहती हैं कि वर्कशॉप बहुत ही उपयोगी रही। कई बार छोटी-छोटी कुकिंग डिटेल्स की जानकारी न होने से डिश खराब हो जाती है। यहां यह समझ आया कि बारीकियों पर ध्यान देना कितना जरूरी है। वहीं नरेश शर्मा का कहना था कि हम ये रेसिपीज घर पर बनाते तो हैं, लेकिन यहां यह सीखने को मिला कि सही सामग्री और सही तकनीक से इन्हें जल्दी और ज्यादा स्वादिष्ट कैसे बनाया जा सकता है।



NBT रंगमंच Club

## लोगों की मांग पर दो मेट्रो स्टेशनों के नाम बदल गए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**मेट्रो स्टेशनों** के नाम तय करने वाली दिल्ली सरकार की नेमिंग अथॉरिटी के निर्देश पर डीएमआरसी ने दिल्ली मेट्रो के अलग-अलग कॉरिडोर के दो मेट्रो स्टेशनों का नाम बदल दिया गया है। पिंक लाइन पर पड़ने वाले मयूर विहार पॉकेट-1 स्टेशन को अब श्री राम मंदिर मयूर विहार के नाम से जाना जाएगा, जबकि रेड लाइन का पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन अब मधुबन चौक स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। इस बदलाव के बाद डीएमआरसी ने दोनों जगहों पर लगे मेट्रो स्टेशन के नाम वाले सभी बोर्ड भी नए नाम से बदल दिए हैं। साथ ही मेट्रो में होने वाले अनाउंसमेंट में भी यह बदलाव कर दिया गया है।

स्थानीय लोगों की तरफ से दिल्ली सरकार के पास लगातार इन दोनों स्टेशनों के नाम बदलने की मांग आ रही थी। सरकार ने लोगों की इस मांग को नाम तय करने वाली दिल्ली स्टेट नेमिंग अथॉरिटी के पास भेज दिया था। अब नेमिंग अथॉरिटी के आदेश पर डीएमआरसी ने दोनों स्टेशनों का नाम बदल दिया है। बताया जा रहा है कि पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन का नाम मधुबन चौक इसलिए किया गया है, क्योंकि आउटर रिंग रोड के पास जिस जगह यह स्टेशन बना है, उसके ठीक बगल में ही मधुबन चौक है।



पिंक लाइन का मयूर विहार पॉकेट-1 अब श्री राम मंदिर मयूर विहार कहलाएगा

## राशन कार्ड काटने के खिलाफ प्रदर्शन करेगी AAP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लोगों के राशन कार्ड काटने के खिलाफ आम आदमी पार्टी का विरोध जारी रहेगा। AAP के वरिष्ठ नेता और विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि हमारे सख्त विरोध के बाद दिल्ली की BJP सरकार को 61 राशन दफ्तरों को कई किलोमीटर दूर एक जगह शिफ्ट करने का तुगलकी फरमान वापस लेना पड़ा, जो दिल्ली की जनता की बड़ी जीत है। अब BJP सरकार 8.5 लाख राशन कार्ड काट रही है। राशन कार्ड काटने के लिए फर्जी तरीके से ITR, गाड़ी या मृत दिखाया जा रहा है। इसके खिलाफ भी दिल्लीवालों के साथ पार्टी का विरोध जारी रहेगा और सरकार को यह आदेश भी वापस लेना होगा।



कुलदीप कुमार

## 50 करोड़ तक की योजनाओं को मंजूरी देंगे निगम आयुक्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली सरकार** ने दिल्ली नगर निगम आयुक्त के वित्तीय अधिकार बढ़ा दिया है। अब निगमायुक्त 50 करोड़ रुपये तक की योजनाओं को अपने स्तर पर मंजूरी दे पाएंगे। सरकार ने स्थानीय विकास कार्यों को गति देने के मकसद से यह फैसला किया है। सरकार का मानना है कि इससे न केवल निर्णय प्रक्रिया तेज होगी बल्कि बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सकेगा। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इस फैसले का सीधा फायदा जनता को आने वाले दिनों में दिखेगा।

वर्तमान में दिल्ली नगर निगम आयुक्त को केवल 5 करोड़ रुपये तक की योजनाओं और कार्यों को स्वीकृत करने का ही अधिकार प्राप्त था, जबकि इससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं की मंजूरी के लिए पहले निगम की स्थायी समिति से पारित कराना पड़ता था। इसके बाद निगम के सदन से अंतिम मंजूरी लेनी होती थी। इस लंबी प्रक्रिया के चलते विकास कार्यों को जमीन पर उतारने में देरी होती है। सरकार का मानना है कि आयुक्त के वित्तीय अधिकार बढ़ाने से योजनाओं को लागू करने की प्रक्रिया आसान होने के साथ तेजी से पूरी होगी।

सीएम के मुताबिक दिल्ली के विकास के लिए स्थानीय निकायों को सशक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। जनहित में लिया गया यह फैसला दूरदर्शी प्रशासनिक कदम है, जिसका सीधा लाभ राजधानी की जनता को मिलेगा। इस कदम के बाद सड़कों, नालों, सफाई व्यवस्था और अन्य बुनियादी नागरिक सेवाओं से जुड़े कार्य अब पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी से पूरे होंगे।

**अभी केवल 5 करोड़ तक की योजनाओं को मंजूरी का था अधिकार**

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
राशि का स्वामी मंगल और सूर्य दोनों लाभ भाव विशेष सुख भाव में संचार कर रहे हैं। फल स्वरूप बुजुर्गों की सेवा और पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दांपत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। ससुराल पक्ष से आपको सहयोग प्राप्त होगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
राशि का स्वामी मकर राशि का होने से अष्टम भाव में हो गया है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। नया काम शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके शाम का समय परिवार संग बिताएं।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध अष्टम भाव पराक्रम में चंद्रमा के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है। संतान पक्ष की ओर से हर्ष सूचक समाचार मिलने से मनोबल बढ़ेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भाग्योदय का दिन है, ऐसे में सचेत रहें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। राशि का स्वामी चंद्रमा तुला राशि में रत होने से कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है। शत्रुओं से सावधान रहें, परेशान कर सकते हैं।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड्यंत्र असफल रहेगा। व्यावहारिक सुख-भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपकी समझदारी से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय होने से मित्रता में परिवर्तन हो सकता है।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। मकर राशि का चंद्रमा आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। मंगल क्रियाशील और पुरुषार्थी रहा है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आपकी राशि का स्वामी शुक्र चौथे भाव में और आज शुक्र भी मिथुन का मार्गी गोचर हो रहा है। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, वर्षों की भागदौड़ पारिवारिक आपकी विशेष रूप से रहेगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी। शाम का समय परिवार के संग बिताने से बेहतर रहेगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि से नवम बृहस्पति पंचम शनि से आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएं तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन में है। चंद्रमा आज तुला राशि एकादश भाव में संचार कर रहा है। राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन धान्य की वृद्धि होगी। मित्रों से धन लाभ, निर्भीकता, शत्रुओं पर विजय और मनोरथ सिद्धि होगी। राशि में शुभ व्यय, मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
राशि का स्वामी शनि वक्री तृतीय भाव में मार्गी है लेकिन चंद्रमा जो दैनिक जीवन का कारक है, दशम भाव में राज्य विजय कारक है। उच्च अधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। शाम के समय स्वास्थ्य कुछ ढीला हो सकता है, ध्यान रखें।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
राशि का स्वामी शनि द्वितीय कोण केंद्र भाव में स्वतंत्र रूप से संचार कर रहा है। कर्म फल की सिद्धि कारक है। कहीं से रुका कमाया धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। भाई बंधुओं से मतभेद और क्रोध अधिक न करें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी देव गुरु बृहस्पति राशि से चतुर्थ भाव में मिथुन राशि का होकर विराजमान है। चंद्रमा भी उत्तम केंद्र लक्ष्मी भवन में चल रहा है। फल स्वरूप आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोध पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। मित्रों से सहयोग मिलता रहेगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष षष्ठ-गुरु की युति वर्ष के स्वामी के रूप में आपके भाग्य को सवार रही है। 28 फरवरी से मार्च अंत तक का समय अत्यंत शुभ रहेगा। इस अवधि में मांगलिक कार्यों पर व्यय होगा। हालांकि अप्रैल और मई का समय स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने का संकेत दे रहा है। यदि आप अपनी दिनचर्या और खान-पान के नियमित कार्यक्रमों में सकारात्मक बदलाव लाते हैं, तो स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ कार्यक्षेत्र में भी यथोचित प्रगति संभव है। जून से जुलाई के मध्य रुके हुए कार्यों में कुछ बाधाएं और अतिरिक्त व्यय की स्थिति बन सकती है, किंतु अंत में सफलता आपके हाथ लगेगी। अगस्त और सितंबर का समय परिवार में किसी मांगलिक कार्य की योजना बनाने के लिए श्रेष्ठ है। अक्टूबर-नवंबर आपके पराक्रम और पुरुषार्थ को उजागर करेंगे, जिससे समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दिसंबर से जनवरी 2027 तक किसी विशेष उद्देश्य से की गई यात्रा और पर्यटन के सुखद योग बन रहे हैं। मार्च 2027 के आरंभ तक विद्यार्थियों की एकाग्रता बढ़ेगी और उनकी शिक्षा संबंधी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग (सोमवार, 9 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 20, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्ण अष्टमी, सोमवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 27, शाबान 20, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 9 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल सुबह 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजे तक। अष्टमी तिथि सूर्योदय से लेकर अगले दिन सुबह 7 बजकर 28 मिनट तक के बाद नवमी तिथि का आरंभ। विशाखा नक्षत्र सूर्योदय से लेकर अगले दिन सुबह 7 बजकर 55 मिनट तक के बाद अनुराधा नक्षत्र का आरंभ। वृद्धि योग अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 52 मिनट तक के बाद ध्रुव योग का आरंभ। बालव करण शाम 6 बजकर 15 मिनट तक के बाद कौलव करण का आरंभ।

**आज के व्रत और त्योहार**

आज के व्रत त्योहार श्री माघ उत्सव

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | | 9 | 7 | 3 | |
| | 9 | 3 | | 7 | | 4 | | |
| | 4 | | 6 | | 1 | | 9 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 3 | | 8 | | 5 | | 1 | |
| | | 6 | | 5 | | 1 | 4 | |
| | 2 | 5 | 7 | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | | | |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 13:30 भ से भाई |
| 10:00 चंद्रगुप्त मुड़बाक | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बबलू डबलू |
| 12:30 हम पांच | 18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 02-08-2026 00:02 Color:



## फटाफट खबरें

### ड्राइवरों की हड़ताल, ओला-ऊबर पर असर

■ भाषा, नई दिल्ली: देश के कई शहरों में ड्राइवरों के आंशिक हड़ताल पर जाने से शनिवार को ओला, उबर और रैपिडो जैसी राइड-हेलिंग ऐप सेवाएं प्रभावित रहीं। ड्राइवरों की यूनियन की मांग है कि केंद्र और राज्य सरकारें ऐप-आधारित परिवहन सेवाओं के लिए न्यूनतम बेस किराया तय करें।

### 31 शहर ही 'स्मार्ट सिटी' बने: RTI

■ पीटीआई, नई दिल्ली: देश के 100 चयनित शहरों में से अब तक केवल 31 शहर ही पूरी तरह 'स्मार्ट सिटी' बन पाए हैं। यह जानकारी आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने आरटीआई के जवाब में दी है। यह परियोजना 2016 में पांच साल के लिए शुरू की गई थी, जिसे अब तक तीन बार बढ़ाया जा चुका है।

### 1.6 करोड़ के इनामी नक्सलियों का सरेंडर

■ भाषा, बीजापुर/सुकमा: छत्तीसगढ़ के बस्तर मंडल के बीजापुर और सुकमा जिलों में शनिवार को कुल 51 नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इन नक्सलियों पर कुल 1.61 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। सरेंडर करने वालों में 34 महिलाएं हैं। अफसर बोले, राज्य की पुनर्वास नीति से प्रभावित नक्सलियों ने सरेंडर का फैसला लिया।

# बंगाल में BLO लोगों के घर जाकर दें वोटर स्लिप: EC

## चुनाव आयोग के निर्देश, आधिकारिक लोगो वाली स्लिप ही बांटें

■ पीटीआई, कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा चुनाव नजदीक है। इस बीच चुनाव आयोग ने राज्य के बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) को निर्देश दिया है कि वे घर-घर जाकर वोटर स्लिप यानी मतदाता पर्चियां तय दिशा-निर्देशों के अनुसार ही बांटें। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि वोटर स्लिप में मतदाताओं से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां होना अनिवार्य है।

यह निर्देश ऐसे समय में जारी किया गया है, जब पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) चल रहा है और विधानसभा चुनाव में अब तीन महीने से भी कम समय बचा है। अधिकारी ने कहा कि साफ निर्देश दिए गए हैं कि वोटर स्लिप बांटने के दौरान चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों को सख्ती से पालन किया जाए। बीएलओ को चुनाव आयोग के आधिकारिक लोगो वाली वोटर स्लिप ही बांटने को कहा गया है।

> निर्देश कि स्लिप में वोटर का नाम, उम्र, पता, आदि दर्ज हो

चुनाव आयोग के एक सूत्र ने बताया कि स्लिप में वोटर का नाम, उम्र, पता, ईपीआईसी नंबर, पार्ट नंबर, बूथ नंबर और मतदान केंद्र का नाम दर्ज होना चाहिए।

**पिछले चुनाव से सबक:** सूत्रों के अनुसार, 2018 में जारी दिशानिर्देशों में यह जिम्मेदारी बीएलओ को दी गई थी, लेकिन पिछले चुनावों में इसका पूरी तरह पालन नहीं हुआ। कई मामलों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि वोटर स्लिप बांटते पाए गए थे।

**शिकायत के 24 घंटे में एक्शन :** अधिकारी ने कहा कि अगर किसी वोटर को घर पर पर्ची नहीं मिलती है, तो वह चुनाव आयोग के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकता है। ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित बीएलओ के खिलाफ 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

FILE



### 'फर्जी साइन से वोटर लिस्ट में धांधली'

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कुछ चुनिंदा मतदान केंद्रों पर 'संदिग्ध' मतदाताओं को वैध ठहराने के लिए माइक्रो-ऑब्जर्वरों के फर्जी साइन किए गए। कहा कि अगले तीन से चार दिनों में सीईओ कार्यालय को शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की इमारत में ले जाया जाएगा। अधिकारी ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर माइक्रो-ऑब्जर्वरों से जुड़े दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई। उन्होंने कहा, कई बूथों पर माइक्रो-ऑब्जर्वर के साइन जाली हैं। 'रेड' (संदिग्ध) चिन्हित मतदाताओं को 'ग्रीन' (वैध) कर दिया गया। इन आरोपों पर तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता जयप्रकाश मजूमदार ने कहा कि बीजेपी नेता असली मुद्दों से ध्यान भटका रहे हैं। माइक्रो-ऑब्जर्वर की भूमिका ही सवालों के घेरे में है और सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद वे बाहर हो जाएंगे। विपक्ष तार्किक विसंगतियों के नाम पर लोगों को परेशान किए जाने पर बात नहीं कर रहा। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी पक्षपात का आरोप लगाया।

## गृह मंत्री अमित शाह ने J&K में विकास कार्यों का जायजा लिया



केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहे। बुनियादी ढांचे, जल विद्युत परियोजनाओं, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4G जैसे मुद्दों पर बात हुई।

## 'सोनिया गांधी की नागरिकता से जुड़ी शिकायत राजनीतिक'

■ भाषा, नई दिल्ली

**कांग्रेस नेता** सोनिया गांधी के वकीलों ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में कहा कि उनके खिलाफ दायर शिकायत राजनीति से प्रेरित है और इसका कोई ठोस आधार नहीं है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी को 1983 में भारतीय नागरिकता मिलने से पहले मतदाता सूची में शामिल किया गया था।

यह जवाब विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के सामने पेश किया गया, जो मजिस्ट्रेट अदालत के उस आदेश के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं, जिसमें जांच कराने से इनकार किया गया था। जवाब दाखिल होने के बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 21 फरवरी तय की। सोनिया गांधी के वकीलों ने कहा कि नागरिकता से जुड़े मामले केंद्र सरकार के अधिकार में आते हैं, जबकि मतदाता सूची से जुड़े मामलों को देखने का अधिकार निर्वाचन आयोग का है। आपराधिक अदालतें निजी शिकायतों के आधार पर इन मामलों में दखल नहीं दे सकतीं। वकीलों का कहना है कि यह शिकायत किसी बाहरी दबाव में और राजनीतिक मकसद से दायर की गई है। इसमें कोई जरूरी दस्तावेज भी नहीं लगाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 40 साल पुराने मामले में अब भरोसेमंद सबूत जुटाना संभव नहीं है।



सोनिया गांधी

## RSS किसी के भी खिलाफ नहीं: भागवत

■ पीटीआई, मुंबई: आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के खिलाफ नहीं है और न ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है। उन्होंने साफ किया कि आरएसएस का काम किसी घटना की प्रतिक्रिया में नहीं होता, बल्कि देश में चल रहे सकारात्मक प्रयासों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, संघ को अर्धसैनिक संगठन नहीं समझा जाना चाहिए। स्वयंसेवक शाखाओं में लाठी रखते हैं और पथ संचलन करते हैं, लेकिन इसका मतलब नहीं कि संघ कोई अखाड़ा है। आरएसएस राजनीति में शामिल नहीं है। संघ से जुड़े कुछ लोग राजनीति में सक्रिय हो सकते हैं, लेकिन संगठन का उद्देश्य सामाजिक काम और राष्ट्र निर्माण ही है।






# महिला पढ़ी-लिखी तो भी तलाक के बाद गुजारे भत्ते का हक: सुप्रीम कोर्ट

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में साफ किया है कि तलाक के बाद पति अपनी पूर्व पत्नी के भरण-पोषण की जिम्मेदारी से केवल इस आधार पर नहीं बच सकता कि पत्नी शिक्षित है या उसे माता-पिता का सहयोग मिल रहा है। अदालत ने कहा कि विवाह केवल आर्थिक समझौता नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव, साथ और पारस्परिक सहयोग की संस्था है।

जस्टिस एस. वी. एन. भट्टी और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि एक महिला सम्मानजनक और स्थिर जीवन की उम्मीद के साथ विवाह में प्रवेश करती है। अगर विवाह टूट जाता है, तो पति की जिम्मेदारी सिर्फ इसलिए खत्म नहीं हो जाती कि पत्नी पढ़ी-लिखी है। तलाक के बाद भी पत्नी उस जीवन स्तर के अनुरूप जीवन जीने की हकदार है, जिस तरह विवाह के दौरान रहती रही है।

यह फैसला मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर आया। फैमिली कोर्ट ने महिला को 15,000 रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण देने का आदेश दिया था, जिसे हाई कोर्ट ने बरकरार रखा। महिला ने सुप्रीम कोर्ट में अपील कर कहा कि पति की मासिक आय करीब 1.60 लाख रुपये है, ऐसे में 15,000 रुपये पर्याप्त नहीं है। अदालत ने भरण-पोषण की राशि बढ़ाकर 30,000 रुपये प्रतिमाह कर दी।



### फैसले का होगा दूरगामी असर

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सुप्रीम कोर्ट पहले कई मामले में कह चुका है कि शादीशुदा लाइफ में जो जीवनस्तर और लाइफ स्टाइल महिला की रही है वही स्टैंडर्ड कायम रखना होगा। महिला (पत्नी) अपनी शादीशुदा जिंदगी में ससुराल में एक स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग वाली जीवन शैली की आदि रही है। पत्नी का अधिकार है कि उसे वही लाइफ स्टाइल और जीवन शैली मिलनी चाहिए जो उसे पति के साथ मिला था। मौजूदा मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को फिर से अपने फैसले में बल दिया है। ऐसे में इन फैसलों का दूरगामी असर होने वाला है।

# असम सीएम के 4 रुपये वाले बयान पर ओवैसी का पलटवार

■ NBT रिपोर्ट: AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के 4 रुपये वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सरमा को वह दो रुपये दे रहे हैं। निजामाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा, सरमा कहते हैं, अगर कोई ऑटो चालक मियां मुस्लिम है, तो उसे वास्तविक किराए से कम दो। अगर किराया 5 रुपये है, तो उसे 4 रुपये दो। हिमंता बिस्वा सरमा, मैं तुम्हें ये दो रुपये दे रहा हूं, क्या तुम इसे लोगे? मुझे पता है तुम दो रुपये के लिए भीख मांगते हो। क्या मैं इसे तुम्हारे खाते में ट्रांसफर कर दूं?


## केन्द्रीय चिकित्सा सेवा सोसाइटी

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
द्वितीय तल, विश्व युवक केंद्र, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021
फोन: 011-21410905

### रिक्ति घोषणा

केंद्रीय चिकित्सा सेवा सोसाइटी (सीएमएसएस), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoH&FW), भारत सरकार की केंद्रीय अधिप्राप्ति संस्था पात्र भारतीय नागरिकों से प्रतिनियुक्ति/ संविदा के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

| क्र सं. | पद का नाम (प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर)* | पद की संख्या | पे स्केल (प्रतिनियुक्ति के आधार पर) | मासिक वेतन (रु. में) (संविदा के आधार पर) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | संयुक्त निदेशक/ महाप्रबंधक (गुणवत्ता आश्वासन) | 01 | पे लेवल-12 (15600-39100) | 2,00,000/- + पीएफ |

*योग्य उम्मीदवार को प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर भर्ती किया जा सकता है, जो भी कार्य के लिए सबसे उपयुक्त हो। प्रतिनियुक्ति के आधार पर, अधिकारी को 'संयुक्त निदेशक' और संविदा के आधार पर अधिकारी को 'महाप्रबंधक' के रूप में नामित किया जाएगा।*

आयु सीमा: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु 56 वर्ष तथा संविदा के लिए अधिकतम आयु 55 वर्ष है।

इच्छुक आवेदक विस्तृत विज्ञापन, आवेदन पत्र, सामान्य नियम और शर्तों के विवरण हेतु recruitment@cmss.gov.in को ई-मेल भेज सकते हैं अथवा सीएमएसएस वेबसाइट (cmss.gov.in) अथवा MoH&FW की वेबसाइट (mohfw.gov.in) से डाउनलोड कर सकते हैं।

सीएमएसएस में 'भारतीय डाक' द्वारा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10.03.2026 है।

विज्ञापन संख्या: Admn/RECT/3/2026-ADMIN-CMSS /dated 08.02.2026

महाप्रबंधक (प्रशासन)






### 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

₹ करोड़ में

| क्र. सं. | विवरण | केवल भारतीय स्टेट बैंक | | | | | स्टेट बैंक समूह | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2025 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2025 को समाप्त नौमाही की अवधि के लिए (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त नौमाही की अवधि के लिए (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) | 31.12.2025 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2025 को समाप्त नौमाही की अवधि के लिए (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त नौमाही की अवधि के लिए (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) |
| 1 | कुल परिचालन आय (अपवादात्मक मदों सहित) | 1,40,914.65 | 1,28,467.39 | 4,15,828.90 | 3,80,296.35 | 5,24,172.41 | 1,85,648.33 | 1,67,853.57 | 5,31,564.51 | 4,83,781.00 | 6,63,343.32 |
| 2 | इस अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर-पूर्व, अपवादात्मक तथा/अथवा असाधारण मदें) | 28,355.47 | 22,639.75 | 76,051.54 | 70,426.92 | 95,271.27 | 30,066.71 | 25,566.40 | 84,925.90 | 79,468.48 | 1,06,365.30 |
| 3 | इस अवधि के लिए कर-पूर्व निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 28,355.47 | 22,639.75 | 80,644.76 | 70,426.92 | 95,271.27 | 30,066.71 | 25,566.40 | 87,952.47 | 79,468.48 | 1,06,365.30 |
| 4 | इस अवधि के लिए कर-पश्चात निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक तथा/ अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 21,028.15 | 16,891.44 | 60,348.26 | 52,258.04 | 70,900.63 | 21,317.11 | 18,853.16 | 63,655.91 | 57,960.88 | 77,561.34 |
| 5 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 923.06 | 892.46 | 923.06 | 892.46 | 892.46 | 923.06 | 892.46 | 923.06 | 892.46 | 892.46 |
| 6 | आरक्षित निधियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधियों को छोड़कर) जिस प्रकार पिछले वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र में दर्शाई गई | | | | | 4,12,914.04 | | | | | 4,58,788.68 |
| 7 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 1 रुपए के अंकित मूल्य के) (चालू एवं बंद परिचालनों के लिए) (₹) (नौमाही आंकड़े वार्षिकीकृत नहीं) | | | | | | | | | | |
| | मूल : | 22.78 | 18.93 | 66.27 | 58.55 | 79.44 | 23.09 | 21.12 | 69.90 | 64.95 | 86.91 |
| | डाइल्यूटेड: | 22.78 | 18.93 | 66.27 | 58.55 | 79.44 | 23.09 | 21.12 | 69.90 | 64.95 | 86.91 |
| 8 | अवधि की कुल व्यापक आय (अवधि के लिए कर-पश्चात लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय कर-पश्चात सहित) | संदर्भ के लिए नोट संख्या 2 देखें | | | | | | | | | |
| 9 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 1,04,079.54 | 79,115.60 | 1,04,079.54 | 79,115.60 | 79,115.60 | 1,04,079.54 | 79,115.60 | 1,04,079.54 | 79,115.60 | 79,115.60 |
| 10 | निवल मालियत | 4,73,678.72 | 3,84,399.52 | 4,73,678.72 | 3,84,399.52 | 3,89,071.49 | | | | | |
| 11 | कर्ज इक्विटी अनुपात | 0.58 | 0.70 | 0.58 | 0.70 | 0.68 | | | | | |
| 12 | बकाया मोचनीय अधिमानी शेयर | - | - | - | - | - | | | | | |
| 13 | पूंजी मोचन आरक्षित निधि | - | - | - | - | - | | | | | |
| 14 | डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि | - | - | - | - | - | | | | | |
| 15 | बकाया कर्ज | 6,35,706.86 | 7,09,135.25 | 6,35,706.86 | 7,09,135.25 | 5,63,572.52 | | | | | |

नोट:
1. उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 और विनियम 52 के अंतर्गत शेयर बाजार को प्रस्तुत किए गए तिमाही/नौमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश हैं। तिमाही/नौमाही वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप शेयर बाजार की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर उपलब्ध है।
2. कुल व्यापक आय और अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं है क्योंकि इंड-एएस अभी तक बैंक पर लागू नहीं किया गया है।

स्थान : मुंबई
दिनांक : 07.02.2026

बोर्ड के आदेशानुसार
चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी
अध्यक्ष

भारतीय स्टेट बैंक, कॉर्पोरेट केंद्र, मैडम कामा मार्ग, मुंबई - 400 021
हमें फॉलो करें

# पप्पू यादव को दो दिन की हिरासत में भेजा

■ भाषा, पटना: बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को वर्ष 1995 के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद शनिवार को पटना की एक अदालत ने दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने कहा कि उनकी जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी और तब तक उन्हें इलाज के लिए पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) में रखा जाएगा।

# CUET-UG: रेकॉर्ड 14.92 लाख रजिस्ट्रेशन

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com



■ नई दिल्ली : CUET- UG 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया खत्म हो गई है। इस साल सबसे ज्यादा 14.92 लाख रजिस्ट्रेशन हुए हैं। पिछले वर्ष 2025 में 13.54 लाख छात्रों ने आवेदन किया था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का कहना है कि इस बार छात्रों को रजिस्ट्रेशन से पहले ही सभी जरूरी जानकारी दी गई और रजिस्ट्रेशन के दौरान भी समय- समय पर गाइड किया गया, जिसका नतीजा यह रहा है कि पिछले वर्ष के मुकाबले 1.38 लाख ज्यादा आवेदन आए हैं। सीयूईटी की परीक्षा 11-31 मई के बीच होगी और एनटीए का यह भी दावा है कि आवेदन करने वाले छात्रों को उनकी पसंद के शहर में ही सेंटर अलॉट करने की हर संभव कोशिश की जाएगी।

**2022 से कैसे बदला पैटर्न:** 2022 में सीयूईटी शुरू हुआ। यह कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट यानी सीबीटी मोड में था और 9 विषयों की परीक्षा देने का विकल्प दिया गया। 2023 में 10 विषयों की परीक्षा देने का नियम बनाया गया। 2024 में हाइब्रिड मोड में एग्जाम को लाया गया और 6 विषयों को चुनने का विकल्प था। 2025 में सीबीटी मोड में लाया गया और विषय घटाकर 5 कर दिए। 2026 में भी छात्र को अधिकतम 5 विषयों की परीक्षा देने का मौका दिया गया। सूत्रों का कहना है कि बड़ी संख्या में छात्रों ने 4 विषयों की परीक्षा देने का विकल्प चुना है। पांच विषयों को चुनने वाले ज्यादातर छात्रों ने जनरल टेस्ट का विकल्प चुना है, जनरल टेस्ट 8.84 लाख आवेदन हैं।

## स्टूडेंट्स सिलेबस से न भटकें

छात्रों के लिए जरूरी है कि एनटीए की वेबसाइट पर जारी किए गए सिलेबस के आधार पर ही तैयारी करें। कोचिंग नहीं लेने वाले छात्र भी इस सिलेबस के आधार पर अच्छा स्कोर कर सकते हैं। एनसीईआरटी की किताबों के आधार पर ही सिलेबस फाइनल किया गया है। जो छात्र कोचिंग ले रहे हैं, उनको भी यह सुनिश्चित करना होगा कि सिलेबस में दिए गए टॉपिक्स को जरूर पढ़ा जाए। इस बार रिजल्ट भी जल्द जारी करने के प्लान पर काम जारी है।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

# 44 साल बाद मुंबई को मिलेगा BJP का मेयर

■ पीटीआई, मुंबई



BJP की ऋतु तावड़े मुंबई की अगली मेयर बनने जा रही है

**BJP की** ऋतु तावड़े मुंबई की अगली मेयर बनने जा रही है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने उनके खिलाफ उम्मीदवार न उतारने का फैसला किया है, जिससे मुकाबला निर्विरोध हो गया। इसके साथ ही देश की सबसे अमीर नगर निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) पर ठाकरे परिवार का 25 साल का दबदबा खत्म हो जाएगा। ऋतु तावड़े पहले कांग्रेस में थीं।

उन्होंने 2012 में BJP जॉइन की और उसी साल पार्षद चुनी गईं। ऋतु तावड़े के मेयर बनने से 44 साल बाद BJP को इस पद पर वापसी होगी।

इससे पहले 1982-83 में प्रभाकर पई मुंबई के मेयर थे। नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन, BJP की सहयोगी और सत्तारूढ़ महा-युति में शामिल शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने संजय घाड़ी को डिप्टी मेयर का उम्मीदवार घोषित किया।

पार्टी ने यह भी कहा कि डिप्टी मेयर का कार्यकाल बांटा जाएगा, ताकि चार या उससे अधिक पार्षद इस पद पर काम कर सकें।

# FIR दर्ज कराने के बाद हर केस नहीं ले सकते वापस

एक बार FIR दर्ज हो जाए तो शिकायती और आरोपी के बीच समझौता होने भर से हर बार केस वापस नहीं हो सकता। सिर्फ मामूली किस्म के अपराध वाले केस ही समझौते के आधार पर वापस लिए जा सकते हैं। कई बार केस रद्द कराने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर किन मामलों में समझौते के आधार पर केस रद्द हो सकता है?




Law Guru
राजेश चौधरी

**हमें ऐसे भेजें अपने सवाल**

*यह कॉलम आपके लिए ही है। अगर आप कानून से जुड़ा कोई सवाल पूछना चाहते हैं या किसी कानूनी मसले पर जानकारी चाहते हैं तो हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89298-16941 पर मंगलवार तक भेज दें।*

## कब आपसी समझौते से केस ले सकते हैं वापस?

- समझौता वाले केस यानी कंपाउंडेबल अफेंस के मामले में ही आपसी समझौते के आधार पर केस वापस लिया जा सकता है।
- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-359 और पहले की सीआरपीसी की धारा-320 में एक चार्ट दिया गया है जिसमें समझौतावादी केसों के बारे में डिटेल बताया गया है। इन मामलों में शिकायती चाहे तो केस वापस ले सकता है।
- मोटे तौर पर 3 साल तक कैद की सजा के मामले कुछ अपवादों को छोड़कर समझौतावादी अपराध होते हैं और ऐसा केस शिकायती और आरोपी के बीच समझौता होने पर वापस लिए जा सकते हैं।
- आपराधिक मानहानि, रास्ता रोकने और मारपीट आदि से जुड़े मामले मामूली किस्म के अपराधों की कैटिगरी में आते हैं। अगर शिकायती और आरोपी के बीच कोर्ट के बाहर समझौता हो जाए तो निचली अदालत के सामने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-359 के तहत अर्जी दाखिल होती है। वे समझौते की बात करते हुए केस वापस लेने और केस रद्द की गुहार लगाते हैं।
- इसके बाद अदालत के सामने दोनों पक्ष पेश होते हैं। कोर्ट को बताया जाता है कि बिना किसी दबाव के, आपसी सहमति से केस खत्म करने की रजामंदी हुई है। ऐसे में केस रद्द किया जाए। इसके बाद अगर अदालत संतुष्ट हो तो केस रद्द करने का आदेश देती है।

## कब केस वापसी में हाई कोर्ट की मंजूरी जरूरी?

- गैर समझौतावादी केस (नॉन कंपाउंडेबल अफेंस) समझौते के आधार पर वापस नहीं लिया जा सकता है यानी शिकायती की रजामंदी भी हो तो भी समझौते के आधार पर अपनी मर्जी से केस वापस नहीं लिया जा सकता है।
- कुछ ऐसे मामले जो गैर समझौतावादी हैं, लेकिन फिर भी अगर दोनों पक्षों में समझौता हो जाए तो फिर केस रद्द कराने के लिए हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई जाती है। तब संवैधानिक अदालतें (हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट) केस रद्द करने का आदेश पारित करती हैं।
- गैर इरादतन हत्या की कोशिश, जालसाजी और दहेज प्रताड़ना जैसे गैर समझौतावादी मामलों में अगर समझौता हो जाए तो फिर ये केस हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से रद्द किए जाते हैं। जब संवैधानिक अदालत दोनों पक्षों की दलील से संतुष्ट होती है, तभी केस रद्द होता है। संतुष्ट न होने पर अर्जी खारिज हो सकती है।

## मर्डर और रेप जैसे केस रद्द नहीं होते

मर्डर, रेप, देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, ड्रग्स और महिलाओं के खिलाफ किए गए गंभीर अपराध जैसे बेहद गंभीर मामलों में समझौते के आधार पर केस खारिज नहीं होता है। साल 2012 में ज्ञान सिंह बनाम स्टेट ऑफ पंजाब केस में सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी थी कि रेप, डकैती और मर्डर के केस में समझौते के आधार पर केस रद्द नहीं हो सकता।

# परीक्षा पे चर्चा का दूसरा एपिसोड कल होगा जारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**परीक्षा पे** चर्चा का 9वां संस्करण इस बार एक नये अंदाज में आयोजित किया जा रहा है। बीते शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा का पहला एपिसोड प्रसारित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर देश भर से आए स्टूडेंट्स से मुलाकात की और उन्हें परीक्षा और जीवन की चुनौतियों से निपटने के टिप्स दिए। इस कार्यक्रम का दूसरा एपिसोड सोमवार को सुबह 10 बजे प्रसारित होगा। एम. एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि अब बोर्ड एग्जाम शुरू होने वाले हैं और एग्जाम से पहले प्रधानमंत्री का छात्रों से संवाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्कूलों ने भी छात्रों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को जरूर देखें ताकि छात्रों के मन से परीक्षा को लेकर किसी भी तरह के डर को दूर किया जा सके।

# उत्तराखंड: कोटद्वार विवाद की जांच करेगी SIT

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून



मुस्लिम दुकानदार के बचाव में आए थे दीपक कुमार।

**26 जनवरी** को दुकान का नाम बदलने को लेकर कोटद्वार में हुए विवाद की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई गई है। पौड़ी के सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (SSP) सर्वेश पंवार ने पांच सदस्यीय टीम बनाई है। इस टीम का नेतृत्व पुलिस क्षेत्राधिकारी तुषार बोरा को सौंपा गया है। टीम का काम केवल घटनास्थल की जांच तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सोशल मीडिया पर वायरल कंटेंट, बाहरी संगठनों की भूमिका, भड़काऊ बयानबाजी और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। मामले में सोशल मीडिया की भूमिका को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने भड़काऊ बयान देने के आरोप में यति परमानंद सरस्वती उर्फ दीपक बजरंगी को गिरफ्तार कर लिया है। SSP के अनुसार उन्होंने समुदाय विशेष को लेकर आपत्तिजनक बयान जारी किया था, जिसका विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ।

# AAP नेता की हत्या में एक अरेस्ट

■ भाषा, चंडीगढ़: पंजाब के जालंधर में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेता लक्की ओबेरॉय की हत्या के सिलसिले में शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान जालंधर के मीठापुर निवासी शमिंदर सिंह के रूप में हुई है, जिसे अमृतसर के खासा इलाके में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। डीसीपी संदीप गोयल ने बताया कि उसके पास से '.30 बोर' की पिस्तौल जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम ने एक दोपहिया वाहन से जा रहे शमिंदर को पकड़ लिया जिसका आपराधिक इतिहास है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर 6 लोगों की मौत

■ NBT रिपोर्ट, मथुरा: यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के करीब ढाई बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। बस से टॉयलेट के लिए नीचे उतरे सात यात्रियों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दी और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। स्लीपर बस नांगलोई (दिल्ली) से यात्रियों को लेकर कानपुर देहात जा रही थी। नोएडा होते हुए यमुना एक्सप्रेस-वे से आगरा की ओर बढ़ते समय बस सुरीर थाना क्षेत्र में माइल स्टोन संख्या 88 के पास रुकी थी।

# कोटा में बिल्डिंग गिरी, 2 की मौत

■ पीटीआई, जयपुर: राजस्थान के कोटा में शनिवार रात तीन मंजिला बिल्डिंग गिर गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। तलवंडी इलाके में जहां हादसा हुआ, वहां रेस्टोरेंट था। अधिकारियों ने बताया कि 5 लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के समय रेस्टोरेंट के कर्मचारी और कुछ ग्राहक मौजूद थे। डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर पीयूष समारिया ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। मलबे में कितने लोग फंसे हो सकते हैं, यह पता नहीं है। घटना के बाद विधायक संदीप शर्मा भी मौके पर पहुंचे।

# BJP की उपेक्षा पर ब्राह्मण समाज मुखर: मायावती

■ भाषा, लखनऊ: बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार में कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर समाज के सभी वर्गों के लोग त्रस्त हैं, लेकिन उनमें खासकर ब्राह्मण समाज उपेक्षा और असम्मान के विरुद्ध काफी मुखर है। मायावती ने शनिवार को यहां पार्टी की उत्तर प्रदेश राज्य इकाई के प्रदेश, मंडल, जिला और विधानसभा स्तर तक के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों की विशेष बैठक में आगामी विधानसभा आमचुनाव के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया।

# कूनो में 'आशा' ने पांच शावकों को जन्म दिया

■ भाषा, शिवपुरी/श्योपुर (MP): मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता 'आशा' ने पांच शावकों को जन्म दिया है जिसके साथ ही देश में इस वन्यजीव की कुल संख्या बढ़कर 35 हो गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कूनो में गर्व का क्षण है। मादा चीता आशा द्वारा पांच स्वस्थ शावकों को जन्म देने से भारत में चीता संरक्षण अभियान को मजबूती मिली है। इसके साथ ही भारत में जन्मे शावकों की संख्या 24 हो गई है।'
केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा, अफ्रीकी देश बोत्सवाना से चीतों का नया बैच इस महीने के अंत तक भारत आने की उम्मीद है।

## फटाफट खबरें

### SBI ने दर्ज किया रेकॉर्ड मुनाफा

■ भाषा, मुंबई: भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने शनिवार को बताया कि मौजूदा वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में स्टैंडअलोन आधार पर अब तक का सर्वाधिक मुनाफा दर्ज किया है। बैंक की मुख्य आय यानी नेट इंटरेस्ट इनकम (NII) स्टैंडअलोन आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रुपये रही।

### IT ड्राफ्ट नियम और फॉर्म जारी

■ पीटीआई, नई दिल्ली : इनकम टैक्स विभाग ने नए आयकर अधिनियम, 2025 के तहत ड्राफ्ट नियम और फॉर्म जारी किए हैं। इसका मकसद कानून को सरल बनाना, अनुपालन का बोझ कम करना और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाना है। नया कानून 1 अप्रैल से लागू होगा। विभाग ने ड्राफ्ट आयकर नियम, 2026 पर 22 फरवरी तक सुझाव मांगे हैं।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है– निविदा संख्या: एस.एण्ड.टी/बी.के.एन –25–26–30R; कार्य का नाम व स्थान: बीकानेर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर मौजूदा टीएमएस साइडिंग के विस्तार के लिए S&T से संबंधित कार्य अनुमानित लागत मूल्य रू: 13093067.48; बिड सिक्युरिटी: 215500.00; निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय: 27.02.2026 को 15:00 बजे तक, वेब साइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है: www.ireps.gov.in 198-AN/26

हमें फॉलो करें /NWRailways पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ. प. रेलवे, बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता: http://www.ireps.gov.in; 2. ई–निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 05.03.2026 को 15:00 बजे तक; 3. ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 05.03.2026 को 15:00 बजे के बाद; Tender Notice No.: 37-TRD-BKN-ETender-2025-26; Name of work: Provision of standard arrangements of OHE above the platforms Approx Cost of the work: 3,19,38,561.00; EMD/SD (Rupees): 3,09,700.00 194-AN/26

हमें फॉलो करें /NWRailways पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता: http://www.ireps.gov.in; 2. ई–निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 05.03.2026 को 15:00 बजे तक; 3. ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 05.03.2026 को 15:00 बजे के बाद; Tender Notice No.: 36-TRD-BKN-ETender-2025-26; Name of work: TRD modification work in c/w Raising & Extension of Platform at Manwala Kotbakhtu Halt, Gahri Bhagi & Nawan Halt stations and Provision of 3m wide FOB at Dabli Rathan station of Bikaner Division Approx Cost of the work: 81,98,017.80; EMD/SD (Rupees): 1,64,000.00 195-AN/26

हमें फॉलो करें /NWRailways पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य, उ. प. रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in 2. ई–निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 27.02.2026 को 15:00 बजे तक। 3. ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 27.02.2026 को 15:00 बजे के बाद; निविदा सं: 30–इलेक्ट/बीकेएन/ई–निविदा/25–26 आर; कार्य का विवरण: Electrical work in c/w Provision of an additional PF No.3 by slewing of line No.5 & extension of PF No.1 by 92.40 m towards BTI end at Sirsa station of Bikaner Division including all requisite passenger amenities, Provision of 3 mtrs wide FOB at Suchan Kotli, Satroad, Baraguda, Jakhod Khera, Jita Kheri & Zerpur Pali stations of Bikaner Division and Provision of an additional high level passenger platform at Ding station of Bikaner Division along with FOB & all requisite passenger amenities.; अनुमानित लागत (रू): 72,69,777/–; धरोहर राशि (रू): 1,45,400/–; निविदा दस्तावेज लागत: NIL; निविदा सं: 22–इलेक्ट/बीकेएन/ई–निविदा/25–26 आर; कार्य का विवरण: Electrical work in c/w provision of HL platform and other passenger amenities at Sadulpur Bypass cabin, raising of ML PF no. 1 at Narwasi, PF no. 2 at Parvezpur, Jhunpa & Charaud stations along with extension to 480 mtrs and extension of HL PF no. 1 at Payli halt to 480 mtrs. Raising of PF no. 2 at Satnali from ML to HL along with extension to 580 mtrs, raising of ML PF no. 1 at Gugiwa Kirtan, Kandhran Halt, Kushalpura Halt & Paharsar Halt along with extension to 480 mtrs, raising of PF no. 1 at Sardar shahar station from ML to HL and raising of remaining portion of PF no. 1 at Sri Dungargarh station from ML to HL and provision of one store room at Jaitsar station, raising of ML PF no. 1 at Sohansara station along with extension to 480 mtrs, provision of additional HL PF at Parsneu including all requisite passenger amenities, and provision of minimum essential amenities at various stations of BKN div to recoup shortfall in the jurisdiction of DEN/South/Bikaner.; अनुमानित लागत (रू): 1,93,90,493/–; धरोहर राशि (रू): 2,47,000/–; निविदा दस्तावेज लागत: NIL 202-AN/26

हमें फॉलो करें /NWRailways पर फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: 1. टेंडर नोटिस संख्या 79/2025–2026 दिनांक 15.01.2026 क्रम सं. 1
2. टेंडर संख्या. 08245719A नियत तिथि 05.02.2026

नियत तिथि 05.02.2026 से बढ़ाकर 20.02.2026 कर दी गई है। और अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। www.ireps.gov.in 429/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Integrated District Health Society -North West District**
**O/o Chief District Medical Officer (North-West),**
**Directorate of Health Services, GOVT.OF NCT OF DELHI**
**Delhi Govt. Dispensary Bldg. Complex 1st Floor, Sec-13, Rohini, Delhi – 110085, Tele –27861592; Email: cdmonw2@gmail.com**

**Seed PUHC Dispensary) सीड प्राइमरी अर्बन हेल्थ सेंटर के लिए स्थान को किराये पर लेने हेतु निविदा आमंत्रित है**

एकीकृत जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली-110085, को उत्तरी क्षेत्र में संचालित सीड अर्बन हेल्थ सेंटर (SEED PUHC Dispensary)

(1) सीड पीयूएचसी इन्द्रा एन्क्लेव

(2) सीड पीयूएचसी प्रेम नगर-3

(3) सीड पीयूएचसी बुद्ध विहार- फेस 1 से बुद्ध विहार- फेस 2

(4) सीड पीयूएचसी लाडो विहार

[illegible]

1. बिल्डिंग का विवरण, पूर्ण डाक पते सहित।

2. बिल्डिंग के अनुमोदित नक्शे के ब्लू प्रिंट (तीन) की प्रति।

3. मकान का वास्तविक [illegible]

4. मकान के [illegible]

5. [illegible]

6. संलग्न दस्तावेज-

निर्माण का दावा

दिल्ली किराया नियंत्रण प्रपत्र (Delhi Rent Act Form F)

DIP/Shabdarth/Classified/0429/25-26

मिशन निदेशक
एकीकृत जिला स्वास्थ्य समिति
उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली-110085

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



निर्मला

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखायी गयी है) जिसका **नाम निर्मला** पत्नी महेश कुमार, **निवासी** मकान नं0 31/58, गोल झुग्गी, तिवारी चौक, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली, **उम्र**–23 वर्ष, जो कि अपने के घर से दिनांक 02.02.2026 को लगभग सायं 4.30 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **DD No. 69A, Dated 03.02.2026,** के तहत **पुलिस स्टेशन मंदिर मार्ग,** नई दिल्ली–110001, में पंजीकृत किया गया है। महिला का शारीरिक विवरण इस प्रकार है: **लिंग:** महिला, **कद:** लगभग 5'0", **रंग:** सांवला, **चेहरा:** लम्बा, **बाल:** लम्बे काले, **पहचान चिह्न:** दाहिनी आंख के नीचे कटे का निशान, **पहनावा:** सूट व सलवार पहने हुए है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन मंदिर मार्ग,
नई दिल्ली–110001

वेबसाइट: https://cbi.nic.in
DP/1701/NDD/2026
फोन: 011-23364100, 8750870522

## गुमशुदा लड़की की तलाश



नेहा कुमारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम नेहा कुमारी **पुत्री** लखन सिंह **निवासी** ए-715, न्यू अशोक नगर, दिल्ली **उम्र** 22 साल जो कि 24.01.2026 को करीब सुबह 9 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No. 75A दिनाँक 27.01.2026,** थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:-
**रंग:** साँवला, **कद:** 5'3", **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, **पहचान:** चेहरे के दाईं तरफ तिल है, जिसने नीले रंग का सूट और नीले रंग की हवाई चप्पल पहनी है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

थानाध्यक्ष: न्यू अशोक नगर, दिल्ली
फोन: 011-22610839, 22610954
8750870631

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाइट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641
DP/1604/ED/2026

## गुमशुदा की तलाश




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम आरती, पुत्री: कप्तान, निवासी: खैरा गाँव, नजफगढ़, दिल्ली जोकि दिनांक: 03.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे से अपने घर से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में **DD No. 63A, Dated 04.02.2026,** पुलिस थाना छावला, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है:
नाम: आरती, उम्र: 27 साल, कद: 5'2", रंग: गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: पतला, पहनावा: पीले और लाल रंग का सूट सलवार और पैरों में जूते।
अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी छावला, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638/24368641, फैक्स: 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना छावला, दिल्ली
फोन: 011-25316300, 8750871631

DP/1613/DW/2026

## गुमशुदा की तलाश



बृजपाल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नाम :** बृजपाल **पुत्र :** कालूराम, **निवासी :** बी-282/5, गली नंबर 05, सज्जानी नगर, जौहरीपुर, करावल नगर, दिल्ली **आयु :** 62 वर्ष, **कद :** 5 फीट 5 इंच, **चेहरा :** अंडाकार, **शरीर:** मध्यम, **रंग :** सांवला, **मानसिक स्थिति :** ठीक नहीं, **पहनावा :** गेहुंआ रंग का कुर्ता-पायजामा, काली जैकेट और पैरों में जूते पहने है, जो दिनांक 29.01.2026 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डीडी सं. 53 ए दिनांक 01.02.2026 थाना करावल नगर, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

थानाध्यक्ष : थाना करावल नगर, दिल्ली
दूरभाष सं. : 011-22932396,
9205832616, 7827491224

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाइट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641
DP/1548/NE/2026

**संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म मध्यप्रदेश**
**29-ए, ''खनिज भवन'', अरेरा हिल्स, भोपाल**
**फोन एवं फैक्स 0755 2551795**
ई-मेल auction.dgm@mp.gov.in

क्रमांक 28/ भौमिकी/ गौण खनिज / 2026 भोपाल, दिनांक: 03.02.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह प्रकाशित किया जाता है कि संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 41-क के अधीन ई-निविदा प्रक्रिया से निम्नानुसार समेकित अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए इच्छुक निविदाकारों से एम.पी. टेंडर्स पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जायेंगी। ई-निविदा दस्तावेज, पोर्टल से दिनांक 12.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे से डाउनलोड किये जा सकेंगे। दिनांक 06.03.2026, सायंकाल 5 बजे तक निविदा प्रस्तुत की जा सकेगी।

| निविदा क्र. | जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा (हे.) | खनिज |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8(1) | छतरपुर | बकस्वाहा | सुहानी | 804, 805, 806, 824, 826 | 2.428 | डोलोमाईट |
| 8(2) | जबलपुर | सिहोरा | हृदयनगर | 13/1 | 3.000 | लेटेराईट |
| 8(3) | जबलपुर | सिहोरा | घुघरा | 115/1 | 4.000 | लेटेराईट एवं क्ले |
| 8(4) | कटनी | मुड़वारा | गातारखेड़ा | 274 | 3.580 | लेटेराईट एवं क्ले |
| 8(5) | मण्डला | बिछिया | ककैया | 416 | 6.300 | डोलोमाईट |

उक्त ई-निविदा के संबंध में जारी किया गया कोई भी संशोधन एम.पी. टेंडर्स पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जायेगा, जो अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
(संचालक प्रशासन एवं खनिकर्म द्वारा अनुमोदित)

''पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार'' G-25477/25

Sd/-
अपर संचालक
एवं कार्यालय प्रमुख

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA13 User: cci Time: 02-07-2026 23:25 Color:




## NBT जन्मदिन मुबारक

### मोहम्मद अजहरुद्दीन



8 फरवरी 1963 को जन्मे पूर्व कप्तान अजहरुद्दीन ने लगातार 3 टेस्ट शतक का रेकॉर्ड बनाया। अजहरुद्दीन सांसद रहे, फिलहाल तेलंगाना सरकार में मंत्री हैं।

### जयदीप अहलावत



जयदीप का जन्म 8 फरवरी 1980 को हुआ। 'पाताल लोक' के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड जीतने वाले जयदीप ने 'राजी' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बड़ी पहचान बनाई।

### रणवीर बराड़



फरवरी 1978 को जन्मे रणवीर बराड़ सेलिब्रिटी शेफ और 'मास्टरशेफ इंडिया' के जज रहे हैं। वे टीवी शोज, किताबों और कुकिंग के यूनिक अंदाज के लिए फेमस हैं।

### मयंती लैंगर



8 फरवरी 1985 को जन्मी मयंती लैंगर पॉपुलर स्पोर्ट्स एंकर हैं। FIFA और क्रिकेट वर्ल्ड कप को भी मयंती होस्ट कर चुकी हैं। वे क्रिकेटर स्टुअर्ट बिन्नी की पत्नी हैं।

# दिल्ली की हवा फिर हुई खराब

## AQI @ 227: अगले दस दिनों तक AQI के खराब रहने का अनुमान

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



हवाओं की वजह से प्रदूषण में कमी होने की संभावना थी

**प्रदूषण का** स्तर दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को खराब रहा। हवाओं की वजह से इसके सामान्य होने की संभावना थी, लेकिन हवा उस अनुपात में प्रदूषण में कमी नहीं ला सकी। अब अगले दस दिनों तक एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) के खराब स्थिति में ही बने रहने का अनुमान है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार, शनिवार को दिल्ली का एक्यूआई 227 रहा। मुख्य प्रदूषक ओजोन और पीएम 2.5 रहा। फरीदाबाद में एक्यूआई 160, गाजियाबाद में 256, ग्रेटर नोएडा में 184, गुरुग्राम में 262 और नोएडा में 196 रहा।

**हवाएं भी नहीं दिला पाईं प्रदूषण से राहत**

पूर्वानुमान के अनुसार 8 और 10 फरवरी को प्रदूषण का स्तर खराब रहेगा। इसके बाद अगले छह दिनों तक यह खराब बना रह सकता है।

**कुछ इलाकों में रहेगी पानी का किल्लत:** चंद्रावल वॉटर वर्क्स में लीकेज ठीक करने की वजह से 11 और 12 फरवरी को कई इलाकों में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। इसी लाइन से पटेल रोड श्रीपीएस रेलवे ब्रिज के पास, शक्ति नगर और आसपास के एरिया में पानी की सप्लाई होती है। 11 फरवरी को सुबह 9 बजे से 24 घंटे के लिए चंद्रावल वॉटर वर्क्स बंद रहेगा। इसके चलते सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल और आसपास का एरिया, कमला नगर, शक्ति नगर और आसपास का एरिया, करोल बाग, पहाड़गंज और एनडीएमसी एरिया, ओल्ड और न्यू राजेंद्र नगर, पटेल नगर (ईस्ट और वेस्ट), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी और आसपास का एरिया, दिल्ली कैंट और साउथ दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी की सप्लाई नहीं होगी। लोगों से अपील की गई है कि वे पहले से पानी भर कर रखें। इमर्जेंसी में टैंकर के लिए ईदगाह 23537397, 23677129, राजेंद्र नगर 28742340, गुलाबी बाग और शास्त्री नगर 23650040, चंद्रावल वॉटर वर्क्स-2 के लिए 23819045, 23818525 और 23810930 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सुबह-शाम भी कंपकंपाती ठंड का असर हुआ कम

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** धूप की तपिश अब गर्म कपड़ों की विदाई करवाने पर तुल गई है। दोपहर में लोगों को गर्म कपड़े अब तकलीफ दे रहे हैं। यही वजह है कि लोग धीरे-धीरे जैकेट आदि से बाहर आने लगे हैं। वहीं सुबह शाम भी अब कंपकंपाती ठंड का अहसास नहीं है। ठंड बनी हुई है लेकिन यह तीव्र नहीं है। अगले करीब छह से सात दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। IMD के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 11.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक है। हवा में नमी का स्तर 49 से 91 प्रतिशत तक रहा। पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय कुहासा रह सकता है। अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 10 डिग्री के आसपास रह सकता है। इसके बाद 9 और 10 फरवरी को आंशिक बादल रह सकते हैं। अधिकतम तापमान दोनों दिन 23 से 26 डिग्री और न्यूनतम 8 से 11 डिग्री तक रह सकता है। वहीं 11 से 13 फरवरी के बीच आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय कुहासा रह सकता है।

**6-7 दिनों तक मौसम में अधिक बदलाव के आसार नहीं**

# नोएडा के बार में दो पक्षों में विवाद, बाउंसरों ने पीटा



दोनों पक्ष के सात लोग व पांच बाउंसर पकड़े गए हैं, कुल 12 लोग अरेस्ट


■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

**सेक्टर 38ए** में गार्डन गैलेरिया मॉल के एक बार में शुक्रवार देर रात दो पक्षों में फ्लोर पर डांस करने को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट होने लगी। इसके बाद बार में तैनात बाउंसरों ने दोनों पक्षों को धक्का देकर बाहर निकाला और उन्हें पीटा। मौके पर पहुंची सेक्टर 39 थाने की पुलिस ने दोनों पक्ष के सात लोगों और पांच बाउंसरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोप है कि मामूली कहासुनी के बाद बार में तैनात बाउंसरों ने एक युवक को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। इस घटना का एक विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि एक बार एंड रेस्तरां में कुछ लोग डांस कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात पर दो पक्षों में पहले बहस हुई और फिर आपसी झगड़ा शुरू हो गया। बार में मौजूद अन्य लोगों और स्टाफ के हस्तक्षेप के बावजूद विवाद बढ़ता चला गया और दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में एक पक्ष से आजाद (सेक्टर-27), सरस (सेक्टर-15) और दूसरे पक्ष से धीरज सिंह (सेक्टर-53), हैरिन (गुड़गांव), मोहित शर्मा (गाजियाबाद), साहिल सिंह (दिल्ली) और प्रदीप (सेक्टर-15) अरेस्ट हुए हैं। बताया जा रहा है कि घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने बाउंसरों की दबंगई और मॉल में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। लोगों का कहना है कि गार्डन गैलेरिया मॉल में पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद बाउंसरों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं दिख रहा।

**गार्डन गैलेरिया मॉल में शुक्रवार रात हुआ बवाल**

## संस्था समाचार

### एनुअल फंक्शन का किया आयोजन



**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** लोकनायकपुरम के पायनियर कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में एनुअल फंक्शन मनाया गया। चेयरमैन डॉ. तरुण बजाज ने बच्चों के ओवरऑल डिवेलपमेंट पर जोर दिया। चीफ गेस्ट SHO रणहोला मुकेश कुमार सिंह और दिल्ली पुलिस के अधिकारी रजत शर्मा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की तारीफ की। प्रिंसिपल डॉ. सीमा बजाज ने स्पोर्ट्स में नैशनल लेवल और अलग-अलग स्तर पर जीतने वाले स्टूडेंट्स को अवॉर्ड्स दिए। वाइस प्रिंसिपल कमलेश कौर ने सभी गेस्ट्स का आभार जताया।

### अलग-अलग सब्जेक्ट्स की एग्जीबिशन



रोहिणी सेक्टर-13 के वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल में 'कौशल उत्सव 2026' मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वेलकम बैंड और तिरंगा फहराने के साथ हुई। चेयरमैन डॉ. एस. के. गुप्ता, मैनेजर डॉ. प्रमिला गुप्ता और डायरेक्टर डॉ. पंकज गुप्ता ने आर्ट और अटल एग्जीबिशन का उद्घाटन किया। स्कूल में 'कौशल हाट' लगाया गया, जहां स्टूडेंट्स ने मैथ, साइंस, इंग्लिश और फ्रेंच जैसे सब्जेक्ट्स के स्टॉल्स लगाकर अपना टैलेंट दिखाया। बच्चों ने योग, ड्रग्स और 'डिजिटल डिटॉक्स' जैसे सोशल टॉपिक्स पर नाटक भी पेश किए। इसके अलावा मैजिक शो, रैंप वॉक और फन राइड्स का भी आयोजन हुआ। प्रिंसिपल डॉ. सचिता गुप्ता ने स्टूडेंट्स को प्राइज दिए और उनका हौसला बढ़ाया। आखिर में पैरेंट्स के लिए लकी ड्रॉ निकाला गया।

## हेल्थ इनोवेशन को लेकर AIIMS में हुई बैठक




■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एम्स के सेंटर फॉर मेडिकल इनोवेशन एंड आंत्रप्रेन्योरशिप (CMIE) ने यूरोपीय आयोग की डिप्टी डायरेक्टर जनरल मारिया क्रिस्टीना रूसो और उनके सहयोगियों से एक बैठक की। बैठक के दौरान CMIE से जुड़े 6 चयनित स्टार्टअप्स ने अपने इनोवेशन को सामने रखा। डॉक्टरों का कहना है कि इस बैठक के जरिए हेल्थ इनोवेशन और स्टार्टअप्स को इंटरनैशनल मंच मिलेगा। बैठक के बाद यह साफ हुआ कि भारत और यूरोपीय संघ बायोमेडिकल और क्लिनिकल रिसर्च में अपनी साझेदारी को और आगे बढ़ाना चाहते हैं। दोनों पक्षों ने इस बात पर भी सहमति जताई कि भारत और यूरोप के स्टार्टअप्स के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

**स्टार्ट अप्स को इंटरनैशनल मंच मिलने का दावा**

# लेट प्रेग्नेंसी और पल्यूशन से बढ़ा ब्रेस्ट कैंसर: डॉक्टर

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

AI Image



**नई दिल्ली:** दिल्ली में महिलाओं से जुड़े कैंसर के आंकड़ों में एक अहम बदलाव देखने को मिल रहा है। बीते कुछ सालों में राजधानी में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे चिंता बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर सर्वाइकल कैंसर और ओवरी कैंसर के मामलों में कुछ गिरावट आई है। डॉक्टरों का कहना है कि ब्रेस्ट कैंसर को लेकर ये आंकड़े डराने वाले हैं। क्योंकि तमाम जागरूक कार्यक्रम चलाने के बाद भी हर साल आंकड़ों में बढ़ोतरी हो रही है। इसका मेन कारण, लेट प्रेग्नेंसी, पल्यूशन और लाइफस्टाइल है।

राज्यसभा में यूनियन हेल्थ मिनिस्टर की ओर से बीमारियों से जुड़े आंकड़ों की रिपोर्ट साझा की गई। इसमें दिल्ली में साल दर साल ब्रेस्ट कैंसर के आंकड़ों का ग्राफ बढ़ता दिख रहा है। इस पर डॉक्टरों ने चिंता जताई है। दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट की ऑन्कोलॉजी डिपार्टमेंट की डॉ प्रज्ञा बताती हैं कि ब्रेस्ट कैंसर के आंकड़े बढ़ने का मेन कारण खराब लाइफस्टाइल, लेट प्रेग्नेंसी, पल्यूशन, मोटापा, डिप्रेशन और ब्रेस्ट फीडिंग न कराना समेत कई हैं। आंकड़े कम होने के बजाए अधिक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका समय पर जांच और नियमित स्क्रीनिंग है। कई मामलों में देखा गया है कि महिलाएं शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देती हैं। इससे बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंच जाती है। अगर कैंसर की पहचान शुरुआती लेवल पर हो जाए तो इलाज की सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है।

### हर साल जांच

- सर्वाइकल और ओवरी कैंसर के आंकड़ों में दिखी गिरावट
- ब्रेस्ट कैंसर की हर साल कराएं जांच, 40 साल पार करने पर रहता है ज्यादा खतरा

### क्या कहते हैं पिछले 5 साल के आंकड़े?

राज्यसभा में यूनियन हेल्थ मिनिस्टर की ओर से बीमारियों से जुड़े आंकड़ों की रिपोर्ट साझा की गई। इसमें दिल्ली में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में साल दर साल इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 में जहां यह संख्या 3076 थी, वहीं 2022 में बढ़कर 3137, 2023 में 3198 और 2024 में 3260 तक पहुंच गई। साल 2025 में यह आंकड़ा 3,321 दर्ज किया गया। वहीं, ओवरी कैंसर के मामलों में भी दिल्ली में हल्की लेकिन लगातार गिरावट दर्ज की गई है। इसके अलावा सर्वाइकल कैंसर के मामलों में दिल्ली में लगातार कमी देखने को मिली है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 02-07-2026 23:07 Color:



### टीनेजर्स और पैरंट्स के बीच बढ़ती खाई को पाटने के लिए दोनों को साथ चलना होगा

# टीनेजर्स की दुनिया की खोलें खिड़की

**गाजियाबाद में तीन बहनों के स्यूसाइड केस ने पूरे देश को अंदर तक हिला दिया है। ढेरों सवाल पैरंट्स के अंदर उठ रहे हैं कि आखिर टीनेजर्स ऐसा कदम कैसे उठा सकते हैं? दोष कोरियन कल्चर के बढ़ते इन्फ्लुएंस को भी दिया जा रहा है और निशाने पर फिर से है मोबाइल फोन। यह एक जगह या एक परिवार की बात नहीं है, बल्कि पूरी जेनरेशन में आते ऐसे बदलाव की कहानी है, जिसे पैरंट्स न तो समझ पा रहे हैं और न ही स्वीकार कर पा रहे हैं। क्या है इस नई पीढ़ी की सोच और कैसे उनके साथ तालमेल बैठाएं पैरंट्स? कौन-सी गलतियां न करें? एक्सपर्ट्स से बात कर ऐसे ही सवालों के जवाब तलाशे वरुण आनंद ने**




AI Images

### एक्सपर्ट की राय

हम बच्चों को जैसे माहौल में बड़ा करेंगे, वे वैसे ही बनेंगे। अहम यह है कि पैरंट्स बच्चों से मीडिया लिटरेसी के बारे में बात करें। उन्हें सिखाएं कि कौन-सी जानकारी सही है, कौन-सी नहीं।
*-डॉ. समीर पारिख, सीनियर साइकायट्रिस्ट*



पैरंट्स ने मोबाइल को अपना सब्स्टीट्यूट बना लिया है। उनके पास वक्त नहीं है तो बच्चे को मोबाइल पकड़ा दिया। जब तक पैरंट्स बच्चों के लिए समय नहीं निकालेंगे, तब तक इन दूरियों को कम नहीं कर सकते।
*-ऋचा सूद, CBSE नैशनल अवॉर्डी प्रिंसिपल*



पैरंट्स छोटे बच्चों को मोबाइल फोन बिलकुल भी न दें। कुछ हद तक टीवी दिखा सकते हैं, लेकिन मोबाइल फोन बिलकुल नहीं। इससे वर्चुअल ऑटिज्म जैसी कई परेशानियां बच्चों में सामने आ रही हैं। मोबाइल उनकी दुनिया बदल रहा है।
*-प्रीति श्रीवास्तव, सीनियर क्लिनिकल साइकॉलजिस्ट*



एक टीनेजर बेटे के पिता अरुण कुमार अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहते हैं, "उन दिनों टीवी पर आनेवाले शक्तिमान, कैप्टन व्योम, चंद्रकांता जैसे सीरियल हमारी जान थे। गेंद-बल्ला लेकर कभी गली क्रिकेट खेलते तो कभी स्कूल के पीछे वाले पार्क में चले जाते। खूब मस्ती भी करते थे और पढ़ाई भी। कभी ज्यादा खेल-कूद हो जाती तो पापा से डांट भी पड़ जाती थी। इंतजार रहता था कि फैमिली में किसी की शादी हो, अच्छे कपड़े पहनकर जाएं और तरह-तरह का खाना मिल जाएगा। पढ़ाई के समय पूरे मन से पढ़ाई। ग्रुप स्टडी, कभी मेरे घर पर तो कभी दोस्तों के घर पर। बोर्ड एग्जाम के दिनों में अगर टीवी देख रहे होते या सीडी प्लेयर पर गाने सुन रहे होते और पापा के स्कूटर का हॉर्न सुनते ही हम झटपट सब कुछ बंद करके कॉपी-किताबें खोल लेते थे।'

## बदल चुका है घर का माहौल

2026 की जनवरी में अरुण का बेटा आयुष 14 साल का हो गया है। अरुण बेटे को वह सब देने की कोशिश करते हैं, जो उन्हें उनके बचपन में नहीं मिला, फिर भी वह अपने और बेटे के बीच एक अनचाही-सी दूरी महसूस करते हैं। वह कहते हैं, "ज्यादातर समय आयुष अपने कमरे में रहना पसंद करता है। हां, डिनर टेबल पर हम सब एकसाथ खाना खाते हैं, लेकिन वह अपने स्कूल और दोस्तों की बातें कम ही शेयर करता है। होमवर्क पूरा करने के लिए उसे मोबाइल फोन की जरूरत थी तो हमने उसे वह भी दिलाया। अब हम पाते हैं कि वह ग्रुप स्टडी भी मोबाइल फोन पर करता है। आउटडोर गेम्स में दिलचस्पी नहीं है। हम लगभग सारी जरूरतें पूरी करते हैं, फिर भी पता नहीं क्यों, वह हमसे दूर-दूर रहता है। मैंने तो अपने पापा-मम्मी और टीचर, प्रिंसिपल से डांट और मार खाई है, लेकिन हम आयुष पर सख्ती नहीं करते। समझ नहीं आता कि हम कहां गलत हैं?

## बच्चे वर्चुअल दुनिया में और पैरंट्स अपने करियर में बिज़ी

अरुण कुमार जैसी कहानी आज तमाम पैरंट्स की है। उन्होंने जो दौर देखा, वह अब के दौर से बिलकुल अलग था। आज की पीढ़ी Gen-Z (1997-2012 के बीच जन्मी) और Gen-Alpha (2012-2024 के बीच जन्मी) डिजिटल परिवेश में बड़ी हुई है। इनके लिए इंटरटेनमेंट का मतलब क्रिकेट, लूडो या सांप-सीढ़ी खेलना नहीं बल्कि सोशल मीडिया, ट्रेंड फॉलो करना और जिस तरफ फ्रेंड्स भाग रहे हैं उस तरफ उनसे तेज रफ्तार में भागना है। इन सबके बीच है इन पर पड़ने वाला पढ़ाई का प्रेशर, जो बढ़ते कॉम्पिटिशन के दौर में पहले से ज्यादा बढ़ गया है। वहीं, अरुण और उनके जैसे पैरंट्स आज इस दौड़ में भाग रहे हैं कि वे बच्चों की सारी ख्वाहिशें पूरी कर सकें। इसके लिए जॉब और बिजनेस को इतना टाइम दे रहे हैं कि बच्चे अपनी दुनिया में सिमटते जा रहे हैं। ग्रैंड पैरंट्स से तो बच्चों की दूरी और भी ज्यादा बढ़ रही है। हेल्पेज इंडिया के एक सर्वे में पाया गया कि Gen-Z अपने बुजुर्गों का सम्मान करते हैं, लेकिन उनसे इमोशनल दूरी भी महसूस करते हैं। यही नहीं, तकनीकी खाई की वजह से बातचीत भी मुश्किल है। नैशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (NSSO) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 60 साल से ज्यादा उम्र के केवल करीब 13% बुजुर्ग ही इंटरनेट या सोशल मीडिया का ऐक्टिव तरीके से इस्तेमाल करते हैं, जबकि युवा लगभग पूरी तरह डिजिटल धुन में रहते हैं।

## दोनों बढ़ रहे गलत दिशा में

जानी-मानी शिक्षाविद् ऋचा सूद कहती हैं कि पैरंट्स अपनी जॉब और बिजनेस में इतने बिजी हैं कि बच्चों को समय ही नहीं दे पा रहे। वहीं, बच्चे अपने वर्चुअल वर्ल्ड यानी मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया को बहुत ज्यादा रियल मान रहे हैं। आज बच्चे को अगर मां से डांट भी पड़ती है तो वह ChatGgpt से पूछता है कि मम्मी ने गुस्सा किया है, मैं क्या करूं? पांचवीं क्लास के एक स्टूडेंट के पैरंट्स ने ही मुझे बताया था कि कई बार कोई सवाल पूछने पर वे बच्चे से कह देते हैं कि Google से पूछ लो। **पैरंट्स कम से कम पांचवीं क्लास तक तो बच्चों को अपने पर डिपेंडेंट रहने दें। अगर वह Google से पूछेगा तो केवल एक सवाल का जवाब ही नहीं और भी न जाने क्या-क्या तलाशेगा, यह पैरंट्स को क्या पता?** वहीं, सीनियर क्लिनिकल साइकॉलजिस्ट प्रीति श्रीवास्तव का कहना है कि पैरंट्स खुद रिलैक्स होने के लिए बच्चों को फोन दे देते हैं। यहीं से गलती की शुरुआत हो रही है। फोन दिया तो भी ठीक, लेकिन बच्चे फोन पर क्या-क्या कर रहे हैं, इसकी निगरानी की जिम्मेदारी भी पैरंट्स की है और यह बहुत जरूरी है। दरअसल, आज न तो पैरंट्स बच्चों को ठीक से समझ पा रहे हैं और न ही बच्चे असली दुनिया से कनेक्ट कर पा रहे हैं। समस्या दोनों तरफ है। दोनों जिस तरफ बढ़ रहे हैं, उन्हें रुककर सोचना होगा कि क्या यह सही है?

## पैरंट्स से दूर कहां जा रहे बच्चे

कई बार पैरंट्स की ओर से मिलने वाला कम वक्त बच्चों को ऐसी दुनिया में ले जाता है, जिसे उनकी भाषा में डार्कनेट कहते हैं। आखिर ये बच्चे अपने कमरे में दिनभर करते क्या हैं? न किसी से मिलते हैं न किसी से बातें करते हैं, आखिर समय कहां दे रहे हैं? इस सवाल का कोई एक जवाब नहीं हो सकता। हां, इसका बड़ा जवाब इंटरनेट जरूर है।

## दबाव तो दोनों तरफ है

| बच्चों के सामने ये प्रेशर | पैरंट्स के सामने ये चुनौतियां |
|---|---|
| पढ़ाई में अच्छा परफॉर्म करना, साथियों से आगे निकलने की होड़ | जॉब-बिजनेस को संभालना, ज्यादा समय उधर देना |
| सोशल मीडिया के ट्रेंड्स फॉलो करना | बच्चों की डिजिटल आदतों को समझना और कंट्रोल करना |
| हर वक्त कूल दिखने का दबाव | बच्चों को सोशल वैल्यूज से जोड़े रखना |
| ऑनलाइन दोस्तों के बीच अपनी पहचान बनाए रखना | बच्चों की सभी ख्वाहिशें पूरी करना (महंगे गैजेट्स, ब्रैंडेड कपड़े) |
| कामयाब दिखने का डिजिटल प्रेशर | खुद की डिजिटल दुनिया में पिछड़ने की भावना (टेक्नॉलजी गैप) |
| अकेलेपन से लड़ना लेकिन भावनाएं जाहिर न कर पाना | बातचीत कायम रख बच्चों को इमोशनली जोड़े रखना |
| वर्चुअल और रियल लाइफ में संतुलन बनाना मुश्किल | समय की कमी के बावजूद बच्चों को वक्त देना |
| अनजान ऑनलाइन ट्रेंड्स और खतरनाक चैलेंज से बचना | सख्ती करें या दोस्त की तरह पेश आएं, इस दुविधा से गुजरना |

## अब कॉन्टेंट क्रिएटर और इन्फ्लुएंसर हैं रोल मॉडल




नई पीढ़ी टीवी और बॉलिवुड से ज्यादा समय सोशल मीडिया पर बिताती है। इसलिए इनके रोल मॉडल भी बदल चुके हैं। अब इन्हें शाहरुख खान, सलमान खान और सचिन तेंडुलकर से ज्यादा यूट्यूबर और रील्स बनाने वाले पसंद आने लगे हैं। दिनभर रील्स में कभी किसी जगह के खाने तो कभी कपड़ों आदि का प्रमोशन देखने वाली यह पीढ़ी अपने फैशन, लाइफस्टाइल और यहां तक कि करियर से जुड़ी सलाह भी इन्हीं कॉन्टेंट क्रिएटर, गेमिंग स्ट्रीमर और इन्फ्लुएंसर्स से लेती है। अब ये जिन्हें देखेंगे उन्हीं की तरह तो बनना चाहेंगे। इसलिए ये पेन-पेंसिल और बैट-बल्ले की जगह हाथों में मोबाइल लिए निकल पड़े हैं। कभी कनॉट प्लेस तो कभी मजनू का टीला पर रील्स बनाते दिख जाते हैं। इस बारे में YouTube India और रिसर्च फर्म SmithGeiger की एक साझा रिपोर्ट के मुताबिक, 83% भारतीय Gen-Z खुद को कॉन्टेंट क्रिएटर मानते हैं। करीब 75% युवा कॉन्टेंट क्रिएशन को करियर के ऑप्शन के रूप में देख रहे हैं। वहीं, 65% युवा मानते हैं कि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने उन्हें फाइनैंशल तौर पर आत्मनिर्भर होने का मौका दिया है।

## मोबाइल पर किस उम्र में कितनी छूट सही

पैरंट्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती है कि बच्चों को मोबाइल पर कितनी छूट दी जाए और किस तरह से उनकी निगरानी की जाए।

| उम्र | स्क्रीन टाइम (रोजाना) | इन कामों के लिए मंजूरी |
|---|---|---|
| 0-2 साल | 1 साल में-0 घंटे | केवल दूर रहने वाले रिश्तेदारों, दोस्तों को विडियो कॉल से उन्हें दिखा सकते हैं |
| 2 साल में | 1 घंटे से कम | पैरंट्स उन्हें मोबाइल से कहानियां या गाने सुना सकते हैं, इससे भी बचें तो बेहतर |
| 3-5 साल | 1 घंटे से ज्यादा नहीं | एजुकेशनल कॉन्टेंट जैसे बच्चों के कार्यक्रम, कहानियां (पैरंट्स की मौजूदगी में) |
| 6-12 साल | 2 घंटे से ज्यादा नहीं | पढ़ाई जैसे ऑनलाइन क्लासेज, विडियो व एजुकेशनल ऐप |
| 13-18 साल | सख्ती से कोई समय सीमा न बनाएं | एजुकेशन और स्किल डिवेलपमेंट के लिए ऑनलाइन पढ़ाई, कोडिंग/डिजाइनिंग सीखना, एजुकेशनल विडियो देखना। साथ ही फैमिली मेंबर्स, फ्रेंड्स के साथ विडियो कॉल, सोशल मीडिया, म्यूजिक आदि के लिए। लेकिन निगरानी सबसे जरूरी |

(नोट: बच्चों को सेफ इंटरनेट कैसे दें, यह जानने के लिए आज के अखबार में ही पढ़ें पेज (टिप्स, ट्रिक्स, आइडियाज)

## ड्रग्स, सेक्स और धोखा

### ड्रग्स तक पहुंच

कुछ समय पहले भोपाल में एक 19 साल के स्टूडेंट को गिरफ्तार किया गया, जिसने मोबाइल फोन से डार्कनेट के जरिए नशीली दवाएं मंगवाई थीं। ये ड्रग्स बड़े शहरों के स्कूल-कॉलेजों तक पहुंच रही हैं। कई बार स्कूल-कॉलेज के बाथरूम से ऐसी चीजें जब्त की जाती हैं।

### अडल्ट कंटेंट

बीते दिनों रायपुर में एक स्टूडेंट को गिरफ्तार किया गया, जिसने अपने कॉलेज की 32 स्टूडेंट्स की फोटो लेकर AI से उनकी अडल्ट फोटो और रील्स बना लीं। इंटरनेट पर बड़े प्लैटफॉर्म्स पर भले ही इसे लेकर सख्ती की जा रही हो, लेकिन डार्कनेट पर ऐसा करने में 30 सेकंड का ही समय लगता है।

### नाम नहीं पता, पर डार्कनेट पर हैं दोस्त

इंटरनेट पर ऐसे तमाम प्लैटफॉर्म हैं, जहां अपनी पहचान जाहिर किए बिना दुनिया के किसी भी कोने में बैठे किसी भी शख्स से कनेक्ट हो सकते हैं। ऐसे में जब टीनेजर को लगता है कि पैरंट्स या जानने वाले उन्हें उनकी बातों से जज करेंगे तो वे अनजान बनकर अनजान लोगों के सामने अपने दिल की बात कह देते हैं। ऐसे अनजान दोस्त से लंबे समय तक बातें, भावनाएं शेयर करना और फिर एकदम से किसी वजह से बातें बंद करना अंदर से ऐसा खालीपन ला देता है, जिससे कई बार बच्चे टूट जाते हैं। डार्कनेट से बचाने के लिए उन्हें मीडिया लिटरेसी दें।

## सिर्फ बुरा कह देना गलती

- भले ही इंटरनेट पर ऐसी तमाम चीजें हैं, जिनसे बच्चों का दूर रहना और पैरंट्स का उन्हें बचाना जरूरी है, लेकिन इंटरनेट को सिर्फ बुरा कह देना गलत है। इंटरनेट पर ही ऐसे तमाम तरीके हैं, जो बच्चों को ऐसी-ऐसी जानकारियां दे रहे हैं जो किताबों और टीचर्स से भी नहीं मिल पातीं। यहां से उन्हें कई सही जानकारियां भी मिल रही हैं।
- पढ़ाई के तमाम ऑनलाइन प्लैटफॉर्म पर करोड़ों स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड हैं, जिनके जरिए वे घर बैठकर भी अच्छी पढ़ाई कर रहे हैं। प्रोग्रामिंग, लैंग्वेज, कोई खास सब्जेक्ट जैसी तमाम चीजों तक पहुंच इंटरनेट ने ही आसान की है।
- ऑनलाइन कम्युनिटी ने नए रास्ते खोले हैं। Discord पर कोडिंग या एनिमेशन ग्रुप, Reddit पर सीखने और मदद लेने वाले सबरेडिट और सोशल मीडिया पर सपोर्ट-ग्रुप बन रहे हैं।

## पैरंट्स को पहले अपनी पैरंटिंग की ज़रूरत



ऋचा सूद का कहना है कि आज पैरंट्स बच्चों को वह सब देने में लगे हैं जो उन्हें नहीं मिला। साइकल, बाइक, मोबाइल, गैजेट्स सब दिला देंगे, लेकिन उन्हें जो अपने पैरंट्स से मिला यानी उनका वक्त, उनकी कहानियां, वह सब देने के लिए वक्त ही नहीं है। जब तक पहिया घूम कर वापस नहीं आता तब तक इस खाई को भरा नहीं जा सकता। इसलिए सबसे पहले पैरंट्स को अपनी आदतों को बदलना होगा। बात-बात में मोबाइल उनके हाथों में थमाकर या उनकी इच्छाएं पूरी करना पैरंटिंग नहीं, मैदान छोड़कर भागना है। CBSE ने खेल यात्रा को शामिल किया है। इसमें छुपम-छुपाई, विष-अमृत जैसे खेल जरूरी किए हैं। बच्चे स्कूल में इन्हें ज्यादा वक्त नहीं दे सकते। पैरंट्स की जिम्मेदारी है कि डिजिटल गेम्स की जगह बच्चों को बोर्ड गेम और आउटडोर ऐक्टिविटीज में लगाएं।

### बच्चों के साथ ज्यादा वक्त बिताएंगे तो कम होंगी दूरियां

1. **सांप-सीढ़ी, लूडो, कैरम, ऊनो:** फैमिली के साथ बैठकर खेले जाने वाले ऐसे तमाम खेल हैं, जो एक दौर के बच्चों की जान होते थे। पैरंट्स की जिम्मेदारी है कि वे अपने पुराने दिनों को याद करें कि कौन-कौन से बोर्ड गेम फैमिली और दोस्तों के साथ खेलते थे। बच्चों को इनसे जोड़ें।
2. **साथ-साथ फिल्में और इवेंट्स:** हर रात या कम से कम वीकेंड पर साथ में एक फिल्म देखने के लिए समय जरूर निकालें। कभी बच्चों की तो कभी अपनी पसंद की मूवी या कोई शो देखें। बच्चों को किसी लाइव इवेंट में भी ले जा सकते हैं। मोबाइल की वर्चुअल दुनिया से निकलकर उन्हें यह पसंद आएगा।
3. **फैमिली पिकनिक:** घर का बनाया खाना, एक चादर और पानी की बोतलें लेकर बच्चों के साथ ऐसी जगह पहुंच जाएं जहां नेचर अपनी छटा बिखेर रहा हो और शहर के शोर की जगह शांति हो वहां।
4. **घर के लिए शॉपिंग:** घर की सब्जियों और राशन की खरीदारी के लिए जाते समय बच्चों को जरूर साथ ले जाएं। इससे वे घर की जरूरतों और सामानों की कीमत को समझेंगे और साथ में वक्त भी बिता सकेंगे।
5. **कॉमन शौक तलाशें:** पेंटिंग, म्यूजिक, फोटोग्राफी, कुकिंग या साथ में घूमने की आदत कुछ तो आपमें और बच्चों में कॉमन शौक होगा। उसके लिए समय निकालें।



**...तो बच्चे भी एक कदम पीछे हटेंगे**
अगर पैरंट्स समय निकालकर एक कदम पीछे हटेंगे और देखेंगे कि जो उन्हें अपने पैरंट्स से मिला, वही अपने बच्चों को दे रहे हैं तो मुमकिन है कि बच्चे भी डिजिटल दुनिया की कैद से बाहर आ सकेंगे।

### हमें भेजें अपने सवाल

**पैरंट्स और बच्चों की उलझनें, जवाब एक्सपर्ट्स के**

**अगर आप ऐसे पैरंट्स हैं** जो बच्चे की आदतों, बर्ताव या किसी बात से परेशान हैं, किसी उलझन का हल नहीं मिल रहा तो हमें बताएं?
**अगर आप कोई टीनेजर हैं** और आपको लगता है कि फैमिली या फ्रेंड्स आपकी परेशानी नहीं समझ पा रहे तो हमें बताएं। अपने सवाल **वॉट्सऐप नंबर** **89298 16941** पर मंगलवार शाम 5 बजे तक भेज दें। हम इनके जवाब एक्सपर्ट्स से लेकर पब्लिश करेंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: cci Time: 02-07-2026 23:10 Color:



Inside आउट

कुछ खास लोगों की बातें, सुझाव और अनुभव सुनना हमेशा अच्छा लगता है। देश के जाने-माने शेफ संजीव कपूर भी ऐसा ही नाम हैं। हाल ही में वह पत्नी अल्योना कपूर के साथ नई दिल्ली स्थित नवभारत टाइम्स के ऑफिस पहुंचे तो हमारी टीम ने उनसे तमाम तरह के सवाल पूछे। कुछ पर्सनल लाइफ तो कुछ प्रफेशन से जुड़ी बातें कीं। साथ ही जानी उनकी लव स्टोरी। यह भी पूछा कि खाना किस तरह पकाना चाहिए? घर का खाना कैसे हेल्दी बनाएं और बाहर का खाना मंगवाते हुए किन बातों का ध्यान रखें? इस खास बातचीत का सार पेश कर रहे हैं **लोकेश के. भारती**

# घर के खाने में प्यार है व्यापार नहीं



पत्नी अल्योना कपूर के साथ शेफ संजीव कपूर

Photo: sunil kataria

### आपका दिल्ली से क्या कनेक्शन है?

मेरे पापा की ट्रांसफरेबल जॉब थी। उसी दौरान मैं दिल्ली में लंबे समय तक रहा। मेरी ज्यादातर पढ़ाई-लिखाई दिल्ली और आसपास के इलाकों में हुई है। मैं मेरठ में भी काफी समय रहा हूं।

### लोग औरत से ही खाना बनाने की ज्यादा एक्सपेक्टेशन रखते हैं, क्या यह सही है?

यह गलत है। अगर पति-पत्नी दोनों काम कर रहे हैं तो घर की जिम्मेदारी भी दोनों की है। लोग गाड़ी खरीदते हैं, कपड़ा खरीदते हैं, उसका ध्यान रख लेते हैं। खाना भी दोनों पकाएंगे और बच्चों की देखभाल भी। क्या बच्चे अपनेआप पल जाएंगे? एक्स्ट्रा एफर्ट डालना होगा। मैं तो कहता हूं कि जो मर्द हैं, **अगर खाना नहीं बनाते और पत्नी के, बहन के, मां के बनाए खाने में गलती निकालते हैं तो उस घर में उस मर्द को खाना ही नहीं देना चाहिए।** खाना बंद कर देना चाहिए। कई लोग में महिलाएं कहती हैं कि हम खाना बनाते हैं तो पति नुक्स निकालते हैं तो मैं कहता हूं कि चेंज कर लो। ...नजरिया चेंज कर लो।



### घर के खाने और बाहर के खाने में सबसे बड़ा फर्क क्या होता है?

घर के खाने में व्यापार नहीं होता, बाहर के खाने में व्यापार है, यही फर्क है। घर के खाने में पता होता है कि कौन बना रहा है, किसके लिए बना रहा है। कहते हैं ना कि मां के हाथ का खाना। ब्लाइंड कुकिंग नहीं होती थी। बाहर वाला खाना तो पता ही नहीं होता कि किसके लिए बन रहा है।

## सेहतमंद सवाल

**Q अभी तक चलता आया है कि ज्यादा ऑयल से खाना टेस्टी होता है। आखिर में एक चम्मच घी और डाल देते हैं?**

कोई चीज की अति नहीं करनी चाहिए। दिखाना, बताना, दो अलग चीजें होती हैं। घर में कोई आया तो आप नॉर्मल खाना तो ऐसे ही नहीं देंगे। भटूरे, समोसे ही मंगवाओगे। ब्याह-शादी में ऐसा ही कुछ स्पेशल करोगे। लेकिन हर दिन ब्याह-शादी नहीं होती। हमने जो जिंदगी बना ली है कि हर रोज ब्याह-शादी हो। वह नहीं हो सकता। सेलिब्रेशन भी साल में एक बार कर लो। आजकल हर रोज बाहर से ऑर्डर करना शुरू कर दिया है। ज्यादा तेल सही नहीं है।

**Q हम जब रेस्टोरेंट में खाने जाते हैं तो सभी ग्रेवी का टेस्ट एक जैसा लगता है। ऐसा लगता है कि फ्रोजन है। ऐसा लगता है कि कहीं से आउटसोर्स किया गया है? ऐसे खाने में टेस्ट नहीं होता। इसमें किसकी गलती है?**

यह कस्टमर की गलती है। इसके लिए कस्टमर जिम्मेदार है। सवारी अपने समान की खुद जिम्मेदार है। झूठ पे हम अपनी जिंदगी बिता रहे हैं। इसमें यंगर जेनरेशन भी है। फोटो मेरी कैसी अच्छी लगेगी फिल्टर लगाओ। **जिंदगी में फिल्टर नहीं होता। जिंदगी सच्चाई से चलती है, न कि ऐसे वाला ऐपल ले लो इससे पतले दिखोगे। दिखावे की भरपाई इसी जीवन में होगी।** अगर पसंद नहीं है तो नहीं जाओ।

**Q खाने में 'दिखावा' कितना बढ़ गया है? क्योंकि खाने से पहले फोटो सोशल मीडिया पर डाली जाती है। क्या स्वाद और सेहत से ज्यादा भोजन की सजावट पर फोकस है? शायद इसीलिए खाने का टेस्ट एक जैसा लगता है।**

मैं भी इस बात से इत्तेफाक रखता हूं कि खाने में स्वाद और सेहत से ज्यादा दिखावा आ गया है। इसकी बड़ी वजह है ऐसे ज्यादातर आइटम्स में फ्रोजन (कई दिनों से फ्रीज में रखी हुई) और प्रोसेस्ड ग्रेवी चल रही है।

**Q स्ट्रीट फूड बनाम रेस्तरां में क्या बेहतर है? लोग सोचते हैं कि स्ट्रीट फूड खाया बन रहा है तो अच्छा होगा?**

कोई भी अपने-आप अच्छा या बुरा नहीं होता। दोनों अच्छे भी हो सकते हैं, दोनों खराब भी। असली सवाल है कि उनमें जो इंग्रीडिएंट इस्तेमाल हो रहे हैं, वे कैसे हैं? हाइजीन का ध्यान रखा है या नहीं? पानी और मसाले कौन-से उपयोग हुए हैं? अगर ये हेल्दी हैं तो बढ़िया है, नहीं तो दोनों जगहें अनहेल्दी हो सकती हैं। आपको यह पता है कि गोलगप्पे कहां से बनकर आ रहे हैं? उसमें पानी कौन-सा यूज हुआ है? कितनी सफाई थी? ऐसा भी होता है कि जिस पतले पर आलू की टिक्की दे रहा था, उस पर 5-6 चूहे घूम रहे होते हैं।

## स्ट्रेस और खाना?

स्ट्रेस से भाग नहीं सकते। हां, यह सही है कि स्ट्रेस में खाना अक्सर ज्यादा हो जाता है। सही खाना, अच्छी नींद और फिजिकल ऐक्टिविटी, सब मिलकर स्ट्रेस को बैलेंस करते हैं।

**Q फ्रेश, लोकल और सीजनल खाने के लिए आपका क्या मंत्र है?**

बस ये 4 शब्द याद रखें: **फ्रेश हो, लोकल हो, सीजनल हो और मॉडरेशन यानी सही मात्रा में खाया जाए,** ज्यादा नहीं। किसी भी चीज की अति नहीं होनी चाहिए।

**Q प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड को कैसे देखते हैं?**

इस बात को समझना जरूरी है कि खाने के पैक्ड आइटम की जितनी ज्यादा शेल्फ-लाइफ होगी, खाने वाले की उतनी ही लाइफ कम होगी। वहीं एक पहलू यह भी है कि फ्रोजन हमेशा खराब नहीं होता, लेकिन अल्ट्रा-प्रोसेस्ड से दूरी रखें।

**Q क्या प्रोसेस्ड फूड सही है?**

नेचरल फूड सबसे बढ़िया है। लेकिन प्रोसेसिंग किस मकसद से की गई है, यह भी देखना जरूरी है। अगर प्रोसेसिंग से न्यूट्रिशनल वैल्यू कम हो रही है तो प्रोसेसिंग सही नहीं है।

**Q बच्चों को खाने से कैसे जोड़ें?**

उन्हें सब्जी मंडी ले जाएं। सब्जियों से परिचित करवाएं। सब्जी छिलवाएं। खेल-खेल में इंग्रीडिएंट्स यानी खाने की सामग्री से दोस्ती कराएं। बच्चों को खुद-ब-खुद खाने में मजा आएगा। सब्जियां उनके लिए अजनबी न हों। जितनी ज्यादा उनकी दिलचस्पी ऐसी चीजों में बढ़ेगी, उतना ज्यादा वे नेचरल फूड, हरी सब्जियों और फलों की तरफ आकर्षित होंगे।

### आपके लिए ज़िंदगी में नयापन और खानपान में नयापन कितना अहम है?

नयापन जरूरी है, लेकिन जिंदगी सिर्फ नएपन से नहीं, रेग्युलेरिटी से चलती है।

**Q सोशल मीडिया और रील्स का खाने पर क्या असर पड़ा है?**

लोग अब रील्स देखकर खाने के ठिकाने का चुनाव करते हैं। भले ही उसका सिर्फ नाम हो। हकीकत यह है कि पहले सिर्फ मीडिया इन्फ्लुएंस करता था, अब हर कोई मीडिया है। रील्स से कुछ अच्छा भी हो रहा है, कुछ ओवरहाइप भी। आजकल तो यही स्थिति है कि जो ज्यादा दिखेगा, वही बिकेगा।

## हमारी हर सुबह होती है वैलंटाइंस डे...

**वैलंटाइंस वीक चल रहा है। पत्नी अल्योना से उनकी लव स्टोरी कैसे शुरू हुई? इस सवाल का दिल से जवाब दिया शेफ संजीव कपूर ने:**

मेरी जिंदगी में बाबा विश्वनाथ का बड़ा रोल है। मैं बनारस के एक होटल में काम करता था। उसी दौरान मुझे दिल्ली के एक होटल में जॉइन करने का ऑफर मिला। बनारस के उसी होटल में मेरी जगह जो शेफ जॉइन करने आई थी, उनके साथ उनकी छोटी बहन भी थी। बड़ी बहन की जॉब नई थी तो उन्हें छोटी बहन के लिए वक्त कम मिलता था। पर मेरे पास वक्त कुछ ज्यादा होता था क्योंकि मैं वहां पहले से था। उन्होंने मुझसे कहा कि उनकी छोटी बहन को मैं बनारस घुमा दूं। उस समय से जो उनके साथ घूमने-घुमाने का सिलसिला शुरू हुआ, वह आज तक चल रहा है। हमने एक-दूसरे को पसंद किया और जीवनसाथी बन गए, यह बात अक्टूबर 1992 की है। हमारी शादी को 33 बरस से ज्यादा हो चुके हैं। हमारी दो बेटियां हैं- कृति और रचिता।

हमारा रिश्ता 'एक-दूसरे का सम्मान', एक-दूसरे को बराबर समझने के आधार पर है। हमारे बीच में मेरा और तुम्हारा जैसा कुछ भी नहीं है। उनके पैरंट्स मेरे हैं और मेरे पैरंट्स अल्योना के हैं। हमारे यहां ऐसा नहीं होता कि यह काम तुम्हारा है और यह काम मेरा। सब काम सबके हैं। हमारा एक-दूसरे पर भरोसा है। मेरी कामयाबी में ढेर सारी महिलाओं का हाथ रहा है। लेकिन इससे न कभी अल्योना को ईर्ष्या हुई और न मैंने ऐसा कोई मौका दिया। आपस में एक-दूसरे का सम्मान पहले दिन से रहा और आगे भी करते रहेंगे। जब हमारी शादी को कुछ ही साल हुए थे तो मैंने नौकरी छोड़ दी थी। मुझे दिन-रात मेहनत करनी पड़ती थी। उस वक्त घर का ख्याल, बच्चों का ख्याल, रिश्तेदारों का ख्याल अल्योना को ही रखना पड़ता था। ये सब काम इन्होंने जॉब करते हुए किए। शादी के कुछ साल बाद ही मैं करियर को आगे बढ़ाने के लिए 2 साल के लिए न्यूजीलैंड चला गया। उस वक्त अल्योना को लोग कहते थे कि न्यूजीलैंड में शानदार करियर छोड़कर कोई वहां से वापस इंडिया नहीं आता। ऐसी ही बातें मुझे भी कहते थे। लेकिन मुझे पता था कि मैं वापस आऊंगा और जरूर आऊंगा। मेरे दिमाग में उस दौरान भी यही बात रहती थी कि हम साथ हैं। हम दोनों ने वैसे ही निभाया भी। शादी के बाद ही हम दोनों ने यह तय कर लिया था कि हर चीज में बराबरी का हक रहेगा। पैसे में, प्रॉपर्टी में, सम्मान में सब चीज में बराबरी। बराबरी ही फाउंडेशन है। लोग कहते हैं कि 14 फरवरी वैलंटाइंस डे होता है। हम हर सुबह जब जागते हैं तो हमारे हर दिन की शुरुआत वैलंटाइंस डे जैसी होती है।'

### आप दोनों में से कौन बढ़िया खाना बनाता है?

संजीव कपूर: पूछने की बात ही नहीं है, (पत्नी की ओर इशारा करके) ये बनाती हैं।
अल्योना कपूर: (हंसते हुए) मुझे इनके हाथ का खाना अच्छा लगता है।

## फटाफट सवाल-जवाब

**Q आपकी फिटनेस का राज क्या है?**

इसमें किसी एक चीज का रोल नहीं है। मैं टेंशन नहीं लेता। यह बहुत मायने रखता है कि आप इंसान कैसे हैं? अगर पॉजिटिव हैं तो चेहरे पर इसकी झलक दिख जाती है। अगर स्ट्रेस को हावी नहीं होने देंगे तो आपका रुटीन सही रहेगा। आपका खानपान भी सही होगा।

**Q आपकी सबसे आसान और फटाफट बनने वाली डिश?**

बहुत जल्दी हो तो फल खा लेता हूं। हर बार कुकिंग करूं जरूरी नहीं।

**Q आज का ऐसा फूड ट्रेंड जो आपको पसंद नहीं?**

मेरे पास नेगेटिविटी के लिए टाइम नहीं है। किसी भी चीज की अति मत कीजिए।

**Q नमक और चीनी को लेकर आपकी सबसे बड़ी सलाह क्या है?**

**जितनी मात्रा में चीनी या नमक अभी खा रहे हैं, उसकी मात्रा आधी कर दें।** यही सबसे बड़ा सुधार है। जब शुरुआत में मैं टीवी पर आकर कुकिंग के टिप्स बताता था तो मेरी पंच लाइन होती थी कि 'नमक स्वादानुसार'। यह लाइन वक्त के साथ काफी मशहूर हुई। लेकिन अब मैं कहता हूं 'नमक स्वादानुसार नहीं, सेहत के अनुसार खाएं'।

**Q किसी नए कुक के लिए क्या कहेंगे?**

कुकिंग से भागें नहीं, दूसरों के खाने में अच्छाई खोजें और चखकर उनकी तारीफ करना सीखें।

**Q अगर कोई बार-बार खाने में नुक्स निकाले?**

अगर वह शख्स खुद अच्छा कुक न हो और वह खाना न बनाता हो तो उसका हुक्का-पानी बंद कर देना चाहिए।

**Q क्या अच्छा खाना बनाने में वक्त लगता है?**

जरूर लगता है। फटाफट खाना घर के बाहर बनता है। घर में हमें यह भी पता होता है कि हम किसके लिए कुकिंग कर रहे हैं।

**Q सुबह जल्दी जाना हो तो क्या रात को खाने की तैयारी करके फ्रिज में रखना गलत है?**

बिलकुल नहीं, इससे स्ट्रेस घटता है। रात को आटा गूंथ कर फ्रिज में रख सकते हैं।

## खाना बनाएं या ऑर्डर करें?

**Q आजकल बाहर से खाना मंगवाने का चलन क्यों बढ़ गया है?**

आज खाना बनाने का मूड नहीं है तो बाहर से मंगवा लो, बर्थडे है तो बाहर का खाना होना चाहिए। अब तो खास मौका न भी हो तो भी बाहर से ही खाना चाहिए। आजकल 10-15 मिनट में डिलिवरी मिल जाती है। हम बाहर से जब खाना मंगवाते हैं तो यह देखते हैं कि किसमें ज्यादा वैल्यू है, किसमें ज्यादा डिस्काउंट मिल रहा है।

**Q डिलिवरी में कुछ खास तरह का खाना ही ज्यादा क्यों चलता है? क्या 'ईजी-टु-कैरी और ईजी-टु-डिलिवर' ज्यादा बिकता है, जैसे बिरयानी आदि?**

बिरयानी इसलिए चलती है क्योंकि दिखने में ज्यादा वॉल्यूम लगता है। असल में वह बहुत सस्ती पड़ती है लेकिन रेस्टोरेंट से आ रही है तो रेट भी वहीं का लगता है। यह चावल से बनती है जो पकने के बाद एक का तीन हो जाता है। लेकिन हम इसके लिए ज्यादा पैसे दे देते हैं। आपको लगता कि यह तो रेस्टोरेंट की डिश है। इसलिए 500 रुपये की तो मिलेगी न। अगर डिस्काउंट में 150 रुपये में मिल रही है तो बड़ी सस्ती मिल रही है। असल में वह मिलनी ही 150 रुपये की चाहिए थी। खिचड़ी और वेजिटेबल बिरयानी में खिचड़ी महंगी होती है। दाल महंगी होती है, लेकिन भाव अगर देखेंगे तो खिचड़ी घर की डिश है और बिरयानी रेस्टोरेंट की डिश है। यह दिमाग का खेल होता है।

**Q बच्चों को घर का खाना पसंद नहीं आता है? ऐसे में पैरंट्स क्या करें? क्योंकि हर घर में संजीव कपूर नहीं हो सकते?**

दरअसल, हम अपनी कमियों को छुपाने के लिए बाहर के खाने का लालच देते हैं। जैसे लोग बच्चों को मोबाइल फोन देते हैं। मैं ऐसा नहीं कह रहा कि पैरंट्स गलत हैं। उन पर प्रेशर बहुत रहता है। टाइम की कमी रहती है। जिंदगी इतनी आसान नहीं है। इसमें ये गलत है, वह सही है। ऐसा नहीं है। सबकी पर्सनल चॉइस है। **घर पर अच्छा खाना बनाने में मेहनत लगती है। अब जब बच्चों के लिए मेहनत नहीं करेंगे तो किसके लिए करेंगे? वक्त निकालना पड़ेगा।** यह वक्त सिर्फ महिला नहीं, पुरुष भी जरूर निकालें। जब हम बच्चे थे तो हमारी माओं ने कितनी मेहनत की होगी। शायद ही कभी बाहर का खाना मंगवाकर खिलाया हो। मां हमेशा घर में खाना तैयार करके खिलाती थीं। क्या हम इतना कर रहे हैं? हम इसमें कितना कंप्रोमाइज कर रहे हैं। जहां तक हर घर में संजीव कपूर होने की बात है तो इसकी जरूरत भी नहीं है। घर में तैयार सामान्य खाना भी बढ़िया होता है।


**Q अगर खाना बाहर से मंगवाना ही पड़े तो क्या सावधानी रखें? कई बार तो सलाद पर भी मेयोनीज आदि डालकर भेज देते हैं। सलाद वाली हेल्दी चीज भी अनहेल्दी हो जाती है।**

अगर सलाद मंगाते हैं तो यह कह दें कि किसी भी तरह की सॉस न डालें। साथ ही ड्रेसिंग यानी साफ-सफाई का अलग-से ध्यान रखें। इसी तरह बाहर से तली हुई चीजें न मंगाएं। दरअसल, किस तरह के तेल का इस्तेमाल हुआ है, यह हमें नहीं पता होता। यह ध्यान रखें कि हम बाहर से जो फूड आइटम मंगवा रहे हैं, वे स्वाद के लिए ऑर्डर कर रहे हैं या सेहत के लिए। शायद ही कोई किसी रेस्टोरेंट से हेल्दी फूड के लिए ऑर्डर करता है।

दरअसल, हम यह शिकायत करते हैं कि बाहर के खाने में तेल बहुत होता है, फैट ज्यादा होता है, सॉस और ढेर सारा नमक भी। लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि हमने ऑर्डर भी तो स्वाद के लिए ही किया है तो फिर हमें सेहत वाली चीजें क्यों मिलेंगी। अगर सेहत वाली चीजें खानी हैं तो ऑर्डर भी वैसा ही करना होगा। रेस्टोरेंट से कोई मूंग की दाल मंगवाता है?

### अपनी जीभ पर कंट्रोल न हो तो?

अब यह तो ऐसी बात हो गई कि मुझे किसी को नुकसान पहुंचाना है और सजा किसी और को मिले। आपने नुकसान पहुंचाया है तो सजा तो आपको ही होगी। ऐसा थोड़े ही होगा कि पाप आप करो और प्रायश्चित कोई और करेगा। पहले अगले जन्म तक जाता था, अब फल इसी जन्म में मिलता है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH14 User: cci Time: 02-07-2026 23:14 Color:



**अब बच्चों की पढ़ाई के लिए मोबाइल, लैपटॉप या टैबलेट बेहद जरूरी हो गए हैं। लेकिन इनकी वजह से बच्चे अडल्ट और आपत्तिजनक कॉन्टेंट तक भी आसानी से पहुंच रहे हैं। पैरेंट्स 24 घंटे तो इनकी निगरानी नहीं कर सकते और न ही यह कहकर अपनी जिम्मेदारी से छुटकारा पा सकते हैं कि इन्हें ज्यादा यूज मत करो। इसलिए ऐसे तरीके जानें, जिनसे बच्चों को इस तरह के कॉन्टेंट से काफी हद तक दूर रखा जा सके। ऐसे ऐप्स और तरीके बता रहे हैं वरुण आनंद**

# अडल्ट कॉन्टेंट से बच्चों को ऐसे रखें दूर




AI Images

**AI** ने बहुत-से काम आसान किए हैं, लेकिन अब इसका मिसयूज भी होने लगा है। बीते दिनों AI चैटबॉट Grok का इस्तेमाल न्यूड तस्वीरें बनाने के लिए करने पर विवाद खड़ा हो गया। फिल्मों और वेबसीरीज को लेकर तो नियम बनाए गए हैं, लेकिन ऐसे प्लैटफॉर्म के लिए कोई नियम न होना और आसानी से इन तक पहुंच होना गंभीर खतरा बन चुका है।


## कहां-कहां है ऐसा कॉन्टेंट

अडल्ट और अश्लील कॉन्टेंट अब केवल अलग-अलग वेबसाइटों पर ही नहीं कई ऐसे प्लैटफॉर्म पर भी आसानी से मिल रहा है, जिन्हें आमतौर पर सुरक्षित माना जाता है।

**सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म:** रील्स, शॉर्ट्स और स्टोरीज से अश्लील कॉन्टेंट तेजी से परोसा जा रहा है। एल्गोरिदम बार-बार ऐसे विडियो दिखाता है, जिससे बच्चा अनजाने में ऐसे कॉन्टेंट की ओर खिंचता चला जाता है।

**विडियो स्ट्रीमिंग प्लैटफॉर्म:** फिल्मों और वेबसीरीज के लिए उम्र आधारित नियम तो हैं, लेकिन कई बार ट्रेलर, क्लिप्स और सीन बिना किसी साफ चेतावनी के सामने आ जाते हैं, जिन्हें बच्चे भी आसानी से देख लेते हैं।

**गेमिंग प्लैटफॉर्म और इन-गेम चैट:** ऑनलाइन गेम्स के भीतर चैट फीचर, कस्टम अवतार और थर्ड-पार्टी लिंक के जरिए अश्लील भाषा और कॉन्टेंट तक पहुंच बन जाती है, जिस पर पैरेंट्स का ध्यान कम ही जाता है।



## सिर्फ 'मत देखो' कहना काफी नहीं

पैरेंट्स अक्सर यह मान लेते हैं कि बच्चों को सख्त शब्दों में मना कर देने से प्रॉब्लम खत्म हो जाएगी, लेकिन डिजिटल दौर में यह तरीका न तो कारगर है और न ही प्रैक्टिकल। मोबाइल, इंटरनेट बच्चों की पढ़ाई, दोस्ती और मनोरंजन का हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में सिर्फ 'फोन मत देखो' या 'ऐसा कॉन्टेंट मत देखना' कहना बच्चों को रोकने के बजाय उन्हें छुपकर देखने की ओर धकेल सकता है। तकनीक के यूज को पूरी तरह रोकने के बजाय उसे सुरक्षित व सीमित करने पर फोकस करना ज्यादा असरदार होता है।

**फोन हो या कंप्यूटर पर इंटरनेट चलता हो, बच्चे को इनके साथ अकेला छोड़ने से पहले कुछ बातें जान लें:**

## इन ऐप्स के जरिए कर सकते हैं निगरानी

**1 Watcher-Parental Control**
यह मोबाइल ऐप पैरेंट्स बच्चे के स्मार्टफोन को रिमोटली मॉनिटर और कंट्रोल करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लाइव स्क्रीन शेयरिंग, गैलरी तक एक्सेस, लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसे फीचर्स से उनके मोबाइल की पूरी निगरानी कर सकते हैं।

**2 ScrinTrim; Break Screen-Time!**
अगर बच्चा छोटा है और वह पैरेंट्स का ही स्मार्टफोन इस्तेमाल करता है तो यह ऐप उसे ज्यादा मोबाइल के इस्तेमाल से रोकेगा। इसमें टाइम सेट कर दें तो उतने टाइम के बाद मोबाइल फोन की ब्राइटनेस अपने आप बंद हो जाएगी।

**3 FlashGet Kids: parental control**
इस ऐप से बच्चे के फोन की रीयल-टाइम निगरानी के साथ मोबाइल इस्तेमाल को सीमित किया जा सकता है। वह कहां है, उसके फोन के कैमरे के सामने क्या है ये सब इससे पता लगा सकते हैं। यह भी तय कर सकते हैं कि बच्चा मोबाइल में कौन से ऐप यूज करे।

**4 Screen Time**
आईफोन यूजर बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखना चाहते हैं तो उसमें Screen Time मददगार साबित होगा। यह Apple का फीचर है, न कि कोई अलग से ऐप। यह स्क्रीन टाइम घटाने में मदद करता है।

**5 Google Family Link**
अगर बच्चे की उम्र 13 साल से कम है और वह अलग मोबाइल फोन इस्तेमाल करता है तो उसकी निगरानी के लिए यह मददगार साबित होगा। इसमें बच्चे का Gmail अकाउंट बनाना होता है, जिसके साथ पैरेंट के Gmail अकाउंट की भी जानकारी डालनी होती है

***...और भी हैं ऐप्स***
बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने के लिए और भी ऐप मौजूद हैं जैसे- Parental Control - Kids Place, StayFree - Screen Time, Qustodio Parental Control App, Norton Family Parental Control आदि।

### इनसे कंट्रोल होगा बेहतर

***Net Nanny:*** यह पैरेंट्स को बच्चों की ऑनलाइन ऐक्टिविटी पर ज्यादा कंट्रोल देता है। इसकी मदद से बच्चों को इंटरनेट पर मौजूद अश्लील, हिंसक और नुकसानदायक कॉन्टेंट से बचा सकते हैं। यह रीयल-टाइम वेब फिल्टरिंग से अडल्ट वेबसाइट्स को ब्लॉक करता है, स्क्रीन टाइम तय करने देता है और यह भी दिखाता है कि बच्चा किन ऐप और साइट्स का इस्तेमाल कर रहा है। पैरेंट्स तुरंत अलर्ट हो सकते हैं और कुछ ऐप या इंटरनेट एक्सेस को तुरंत रोक सकते हैं।

***Canopy:*** यह एक स्मार्ट पैरेंटल कंट्रोल ऐप और डिजिटल सेफ्टी टूल है। यह ऐप रियल-टाइम में AI-पावर्ड फिल्टरिंग का इस्तेमाल करता है, जिससे वेबसाइट्स, विडियो और इमेज को पहले ही स्कैन कर बहुत जल्दी किसी भी अश्लील कॉन्टेंट को ब्लॉक कर दिया जाता है। यह सिर्फ साइट ब्लॉक ही नहीं करता बल्कि कई बार सुझाए जा रहे अश्लील इमेज/विडियो को भी पहचानकर रोक देता है, ताकि बच्चा गलती से भी उसे न देख सके।

## कुछ सेटिंग्स से रोकें बुरा कॉन्टेंट

***Youtube***
YouTube पर बच्चे काफी समय बिताते हैं। वहां आपत्तिजनक कॉन्टेंट तक उनकी पहुंच सीमित रखने के लिए कुछ जरूरी सेटिंग्स की जा सकती हैं। मोबाइल पर इसकी सेटिंग्स में जाकर General के ऑप्शन से Restricted Mode ऑन कर सकते हैं। इससे अडल्ट कॉन्टेंट उनके सामने नहीं आएगा और ऐसे विडियो अपने-आप फिल्टर हो जाएंगे। इसके अलावा बच्चे के अकाउंट को Google Family Link से जोड़कर उनकी उम्र के हिसाब से कॉन्टेंट कंट्रोल किया जा सकता है। छोटे बच्चों के लिए YouTube Kids बेहतर ऑप्शन है।

***Instagram***
Instagram पर पैरेंट्स सबसे पहले बच्चे के अकाउंट को Private Account में बदलें, ताकि अनजान लोग फॉलो न कर सकें। ऐप की Settings and activity में जाकर Content preferences के ऑप्शन पर जाएं। यहां Sensitive content के ऑप्शन पर क्लिक करके उसे Less पर सेट कर दें। इससे अश्लील पोस्ट्स की बच्चे तक पहुंच कम हो जाएगी। इसके Hidden words ऑप्शन के जरिए आपत्तिजनक कमेंट्स को फिल्टर कर सकते हैं।

***ChatGPT***
ChatGPT में पैरेंट्स बच्चों को फैमिली अकाउंट से जोड़कर उनके इस्तेमाल पर नजर रख सकते हैं। ChatGPT पर जहां आपका नाम दिखेगा, वहां Parental controls का ऑप्शन दिखेगा। इसमें Add family member में बच्चे को जोड़ें और उसके जरिए बच्चे को ChatGPT इस्तेमाल करने दें। इससे बच्चा इस टूल का इस्तेमाल कितना और किस तरह से करेगा, यह पैरेंट्स कंट्रोल कर सकते हैं।

***Google Gemini***
बच्चे का Google अकाउंट Family Link से मैनेज करें, ताकि उम्र के हिसाब से कॉन्टेंट और फीचर्स पर कंट्रोल रहे। इसके लिए प्ले स्टोर के जरिए फैमिली लिंक ऐप को डाउनलोड करें। बच्चे का Gmail अकाउंट इस ऐप से जोड़ें। फिर इसी ऐप में Google Parental अकाउंट जोड़ें। अब इसमें Child Account का ऑप्शन सिलेक्ट करें। कंट्रोल्स ऐप्स में जाकर Gemini ऑप्शन चुनें। यहां से बच्चे के Gemini यूज करने की सेटिंग कंट्रोल कर सकते हैं।

---

संडे स्पेशल

# वैलंटाइन के लड्डू की हैपी एंडिंग या दी एंड?



■ नमिता जोशी

हमारी फिल्मों और किस्से कहानियों ने हमें बहुत बड़ा धोखा दिया है। हीरो-हीरोइन मिले, थोड़ा प्यार हुआ, थोड़ा रोमैंस हुआ, चार-छह गाने गाए, थोड़ा तड़पे, रोए-धोए, जिन्हें देखकर हम और आप भी रोए-धोए और फिर उस सीन तक सिनेमा हॉल में बैठे रहे, जिसमें उनकी शादी होने वाली है या फिर वे मंडप पर बैठ गए। अगर लास्ट में शादी न हुई तो फिल्म फ्लॉप। जब स्क्रीन पर बड़े अक्षरों में लिखा आता है – 'And they lived happily ever after' तभी दिल खुश और पैसा वसूल हुआ करता है। पर कोई नहीं बताता कि इस 'हैपिली एवर आफ्टर' के पहले ही हफ्ते में उनका 'लव' आटे-दाल के भाव और बिजली के बिल में बदल जाता है।

असल में, शादी किसी लव स्टोरी की हैपी एंडिंग नहीं है, बल्कि शायद प्यार की 'एंडिंग' है। जब तक शादी नहीं हुई थी, तब तक लड़की 'लैला' थी और लड़का 'मजनू'। शादी होते ही लड़का 'पति' बन गया और लड़की 'पत्नी'। ये दोनों ऐसे भारी-भरकम 'रोल्स' हैं कि इनके नीचे प्यार और दोस्ती कहीं दबकर दम तोड़ देते हैं। वे फेक हो जाते हैं, भूल जाते हैं कि वे कल तक कौन थे। कल तक जो बातें घंटों बालकनी में खड़े होकर होती थीं, आज वे सिर्फ अदरक ले आना और बच्चों की स्कूल फीस भर दी? तक सिमट गई हैं। हम 'पति-पत्नी' बनने के चक्कर में इंसान बनना भूल जाते हैं। रोमैंस की जगह अब रुटीन ले लेता है।

दुनिया के बड़े लेखकों ने भी इस 'इंस्टिट्यूशन' (संस्था) पर बड़े तीखे तीर चलाए हैं। चलिए, थोड़ा उनका सहारा लेते हैं: Marriage is the only war in which you sleep with the enemy (मैरिज इज द ओनली वॉर इन विच यू स्लीप विद द एनिमी) यानी शादी इकलौता ऐसा युद्ध है जिसमें आप दुश्मन के साथ ही सोते हैं। वाह! कितनी गहरी बात है। जिसके लिए दुनिया से लड़े, अब उसी से टीवी के रिमोट के लिए लड़ रहे हैं। एक और कहावत पर नजर डालिए – Marriage is a great institution, but I am not ready for an institution yet (मैरिज इज अ ग्रेट इंस्टिट्यूशन', बट आई एम नॉट रेडी फॉर एन इंस्टिट्यूशन' येट) – मे वेस्ट की इस लाइन का मतलब है कि शादी एक महान संस्था है, लेकिन मैं अभी किसी 'संस्था' के लिए तैयार नहीं हूं। लेखिका का इशारा शायद उस 'मेंटल इंस्टिट्यूशन' की तरफ है, जहां इंसान शादी के दबाव में पहुंच जाता है। सुकरात ने कहा है कि – By all means, marry. If you get a good wife, you will become happy and if you get a bad one, you will become a philosopher (बाय ऑल मीन्स, मैरी। इफ यू गेट अ गुड वाइफ, यू विल बिकम हैपी, इफ यू गेट अ बैड वन, यू विल बिकम अ फिलॉसफर।) हालांकि यह लाइन फेमिनिस्ट होने के नाते मुझे खास जंची नहीं, लेकिन वाइफ की जगह आप हस्बैंड शब्द रखकर भी इसे पढ़ सकते हैं। इसका अर्थ है कि हर हाल में शादी करो। अगर अच्छी पत्नी (या पति) मिली तो खुश हो जाओगे और अगर बुरी मिली तो दार्शनिक बन जाओगे। ...तो अगर आप आजकल बहुत गहरी और दार्शनिक बातें कर रहे हैं, समझ लीजिए कि आपकी शादीशुदा जिंदगी कितनी हैपी चल रही है! मजे की बात यह है कि शादी के बाद प्यार मरता नहीं, बस उसकी भाषा बदल जाती है। पहले जो 'तुम क्या पहनोगी?' हुआ करता था, वह 'इतने पैसे क्यों खर्च करती हो?' में तब्दील हो जाता है। पहले जो 'सरप्राइज' थे, वे अब 'बजट' में फिट नहीं बैठते। शादी से पहले डेटिंग के वक्त हर रोज एक गिफ्ट या सरप्राइज। और शादी के 9 साल बाद दोस्तों से पूछते फिरो कि एनिवर्सरी आ रही है, क्या गिफ्ट दूं उसे? उसके पास सबकुछ तो है। क्या 9 साल बाद भी डायमंड या गोल्ड रिंग देनी होती है? ऐसे-ऐसे सवाल कि दोस्त भी सोच में पड़ जाए कि यार, ये किस काइयां से बात कर रहा हूं मैं। डेट नाइट और लॉन्ग ड्राइव का मतलब अब होता है, बच्चे के स्कूल में पीटीएम अटेंड करते हुए लौटते वक्त रेस्त्रां में खाना खाते हुए आएंगे। शादी में प्यार रहता जरूर है, लेकिन वह मोबाइल के उस ऐप की तरह हो जाता है, जो फोन में तो है पर महीनों से खोला नहीं गया।




आइए, अब समझने की कोशिश करते हैं कि आखिर समस्या है क्या शादी में। समस्या शादी में नहीं, हमारी उम्मीदों में है। हमें बताया गया कि शादी के बाद सब 'सेटल' हो जाएगा। जी हां, सारी समस्या की जड़ यह ललचाने वाला शब्द है सेटल यानी settle. लड़कों को अक्सर सेटल यानी शादी करने का सुझाव तब दिया जाता है, जब वह करियर में कुछ अच्छा नहीं कर रहा होता या मौजमस्ती में इतना मशगूल होता है कि किसी बात को सीरियसली नहीं लेता। ऐसे में अक्सर घरवाले कहते हैं, इसकी शादी कर दो, अपने आप सेटल हो जाएगा। जैसे शादी कोई सॉफ्टवेयर अपडेट हो जो सारी गड़बड़ियां ठीक कर देगा। सोचिए, जो आज अपने खाने के बर्तन तक किचन में न रखता हो, रात को रोज दोस्तों के साथ खा-पीकर घर लेट पहुंचता हो, वह शादी या उससे जुड़ी जिम्मेदारियां निभाने में सेटल होगा या अपने पार्टनर समेत आसपास के पूरे माहौल को अनसेटल कर देगा। लड़कियों को यह सलाह हमेशा दी जाती है, चाहे वह बच्ची हो, बड़ी हो रही हो, पढ़ रही हो, घर में हो या नौकरी कर रही हो और पूरा घर संभाल रही हो। सोचिए, अच्छी-खासी कामयाब हीरोइन तक को नहीं छोड़ते लोग। उसके करियर के पीक पर उससे पूछ बैठने में नहीं हिचकिचाते कि आप सेटल कब हो रही हैं? वह सोच में पड़ जाती है कि क्या अभी वह सेटल नहीं मानी जाएगी? समाज है, जो शादी को हर सवाल का जवाब मानता है। उदासी है? शादी कर लो। अकेलापन है? शादी कर लो। पैर में मोच है? शायद शादी कर लो। जैसे शादी कोई आयुर्वेदिक चूरन हो, हर बीमारी में कारगर होगा। कोई यह नहीं पूछता कि दो अधूरे लोग मिलकर पूरा जीवन कैसे जिएंगे, बस यह जरूर पूछ लिया जाता है - शादी कब कर रहे हो? और शादी हो जाए तो अगला सवाल तैयार -बच्चा कब?

वैलंटाइन वीक चल रहा है, इसलिए सोचा थोड़ा प्यार पर ज्ञान दे दूं जिसकी हैपी एंडिंग हमारे यहां शादी को ही माना जाता है तो कहानी का सार यही निकला कि शादी न हैपी एंडिंग है, न दी एंड। यह बस एक नया चैप्टर है जिसमें रोमैंस कम, रियलिटी ज्यादा है। अगर आप इसे परियों की कहानी समझेंगे तो धोखा खाएंगे और अगर इसे रोजमर्रा की साझेदारी समझेंगे, तो शायद निभा भी लेंगे। आखिरकार, 'हैपिली एवर आफ्टर' कोई स्क्रीन पर लिखा वाक्य नहीं, बल्कि रोज-रोज किया गया एक थकाऊ, लेकिन जरूरी प्रयास है। और हां, अगर आप यह सोचकर शादी कर रहे हैं कि इसके बाद सब आसान हो जाएगा तो माफ कीजिए, आप अभी भी फिल्म के इंटरवल में ही बैठे हैं।

## सवाल मन का

# मुझे डर लगता है कि अगर एग्जाम्स में अच्छा परफॉर्म नहीं किया तो क्या होगा?



शरीर की बीमारी के लिए तो हम डॉक्टर के पास चले जाते हैं लेकिन मन की परेशानी के लिए मन के डॉक्टर या साइकॉलजिस्ट के पास जाने में झिझक होती है। इसलिए संडे एनबीटी के इस कॉलम में रीडर्स खुलकर अपने मन की उलझनों के बारे में सवाल पूछ सकते हैं। जाने-माने एक्सपर्ट्स उनका जवाब देंगे। आज आपके सवालों के जवाब दे रहे हैं सीनियर सायकायट्रिस्ट डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी

■ **मेरे एग्जाम्स का वक्त करीब आ रहा है। तैयारी तो कर रहा हूं, लेकिन जैसे-जैसे वक्त घट रहा है, घबराहट बढ़ती जा रही है। मन बार-बार डर से भर जाता है कि अगर अच्छा परफॉर्म नहीं किया तो क्या होगा? कभी नींद नहीं आती, कभी छोटी-सी बात पर पैनिक होने लगता है। ऐसे में एग्जाम से पहले इस तनाव को कैसे कंट्रोल करूं।**
**-एक पाठक**

एग्जाम नजदीक आते ही चिंता बढ़ना बिलकुल सामान्य है। लेकिन जब यह डर इतना बढ़ जाए कि नींद खराब होने लगे और पढ़ाई पर असर पड़े, तब मन को संभालना जरूरी हो जाता है। इसके लिए कुछ आसान तरीके बहुत काम आते हैं। सबसे पहले पढ़ाई के लिए साफ और प्रैक्टिकल टाइम-टेबल बनाएं। बहुत लंबा प्लान न बनाएं बल्कि पढ़ाई को छोटे हिस्सों में बांट लें। जैसे 40 मिनट पढ़ें और फिर 10 मिनट का ब्रेक लें। इससे दिमाग पर ज्यादा बोझ नहीं पड़ता और थकान भी कम होती है। जब अचानक डर या घबराहट महसूस हो तो तुरंत खुद को वर्तमान में लाने की कोशिश करें। इसके लिए 2 मिनट का एक आसान अभ्यास करें। आसपास की 5 चीजें देखें, 4 चीजें छुएं, 3 आवाजें सुनें, 2 खुशबू महसूस करें और 1 स्वाद को याद करें। इससे दिमाग डर से बाहर निकलकर आसपास की सचाई पर ध्यान देने लगता है। खुद से बात करना भी बहुत जरूरी है। बार-बार खुद को याद दिलाएं कि आप तैयारी कर रहे हैं, आप पूरी कोशिश कर रहे हैं और आप सक्षम हैं। नेगेटिव सोच की जगह खुद को हौसला देना सीखें। एग्जाम को जिंदगी का फैसला न मानें। इसे सिर्फ एक प्रक्रिया या एक आयोजन की तरह देखें। इससे दबाव अपने आप कम होगा। रात को सोने से पहले मोबाइल न देखें और 20 मिनट हल्की वॉक करें। इससे नींद बेहतर आएगी और दिमाग शांत होगा। याद रखें, सबसे अच्छा प्रदर्शन तब होता है जब मन शांत होता है, न कि जब डर हावी हो।

■ **मैं 39 साल का हूं। जॉब की जिम्मेदारियां, परिवार की उम्मीदें और रोजमर्रा की भागदौड़ में मेरा पूरा दिन निकल जाता है। अपने लिए, अपने मन की बात सुनने का या बस शांति से बैठने का समय ही नहीं मिल पाता। धीरे-धीरे चिड़चिड़ापन, थकान और तनाव बढ़ रहा है। ऐसा लगता है कि मैं सबके लिए जी रहा हूं, लेकिन अपने लिए नहीं। खुद को कैसे खुश रखूं? क्या ज्यादा वक्त निकाले बिना भी अपनी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखा जा सकता है?**
**-एक पाठक**

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में अपने लिए समय न मिल पाना मानसिक तनाव की सबसे बड़ी वजह बन गया है। दिनभर काम, घर की जिम्मेदारियां और दूसरों की उम्मीदें हमारे मन पर लगातार दबाव बनाती रहती हैं। ऐसे में मन थकने लगता है और अंदर की ऊर्जा धीरे-धीरे कम हो जाती है। अक्सर लोग सोचते हैं कि तनाव से बाहर निकलने के लिए लंबी छुट्टियां या बड़ा ब्रेक चाहिए, लेकिन सच यह है कि छोटे-छोटे कदम भी बहुत असरदार होते हैं। इन्हें माइक्रो सेल्फकेयर कहा जा सकता है। सबसे आसान तरीका है, रोज कुछ मिनट अपनी सांसों पर ध्यान देना। दिन में 5 मिनट शांत बैठकर गहरी सांस लें, 4 सेकंड तक रोकें और फिर धीरे-धीरे छोड़ दें। इससे मन को तुरंत शांति मिलती है। इसके अलावा दिन में 2 बार 10-10 मिनट का डिजिटल ब्रेक लें। कोशिश करें कि एक समय में एक ही काम करें। बार-बार ध्यान बदलने से थकान बढ़ती है। दिन में कम से कम एक बार अपनी भावनाओं को स्वीकार करें। खुद से कहें कि थकना या चिड़चिड़ा होना सामान्य है। रात को सोने से पहले 5 मिनट निकालें और सोचें कि आज क्या अच्छा हुआ। यह छोटी-सी आदत मन को हल्का करती है और अच्छी नींद लाने में मदद करती है। ध्यान बेहतर होता है और मन शांत रहने लगता है। मानसिक सेहत का ख्याल समय निकालकर नहीं बल्कि आदतों में छोटे बदलाव करके रखा जाता है।



### मन की उलझन
### हमें ऐसे भेजें अपने सवाल

*यह कॉलम आपके लिए ही है। अगर आपके मन में कोई उलझन हो या मेंटल हेल्थ से जुड़ा कोई सवाल हो तो हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89298-16941 पर मंगलवार तक भेज दें। चुने हुए सवालों पर एक्सपर्ट्स से बात करके जवाब पब्लिश किए जाएंगे।*

# चाय-समोसा या कचौड़ी

वैसे तो समोसे या कचौड़ी की बात शुरू होते ही मुंह में पानी आ जाता है। इनका स्वाद ही ऐसा होता है कि खाए बिना रहा नहीं जाता, पर ज्यादा खाने से सेहत को नुकसान भी पहुंचता है। इसलिए इन्हें खाना नहीं छोड़ सकते तो कम जरूर कर दें। आमतौर पर समोसे की जोड़ी बनती है चाय के साथ। लेकिन यहीं से शुरू होती है असल परेशानी।

| | |
|---|---|
| **250-300** कैलरी 1 समोसे में | **20-25** कैलरी बिना चीनी वाली चाय में |
| **280-350** कैलरी 1 कचौड़ी में | **40-45** कैलरी 1 चम्मच चीनी के साथ चाय में |
| **320-400** कैलरी अगर सब्जी और चटनी के साथ लेते हैं। | **60-70** कैलरी 2 चम्मच चीनी के साथ चाय में। |




### ...तो चाय के साथ क्या लें?

अगर चाय के बिना नहीं रह सकते तो समोसे या कचौड़ी को हटा दें। इसकी जगह भुने हुए मखाने या बिना बटर और कम नमक वाले पॉपकॉर्न खा सकते हैं। इससे समोसे आदि में मौजूद पाम ऑयल और मैदा से बच जाएंगे। मखाने और पॉपकॉर्न से नुकसान के बजाए फायदा ही होगा।
1 कटोरी मखाना (25-30 ग्राम): करीब 100 कैलरी, बहुत अच्छा फाइबर, कैल्शियम का बेहतरीन सोर्स, फैट बहुत कम।
1 कटोरी पॉपकॉर्न, बिना बटर (25-30 ग्राम): 90 कैलरी, अच्छा फाइबर, फैट न के बराबर।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH15 User: ccl Time: 02-08-2026 00:05 Color:



# US संग ट्रेड डील में भारत के हिस्से क्या आया?

*तय टैरिफ में किसी देश ने बदलाव किया तो दूसरा पक्ष भी वादे को बदल सकेगा*

*ट्रंप बोले- भारत ने रूसी तेल न खरीदने का वादा किया, फिर भी 'नजर रखेंगे'*




FILE

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत शनिवार को ऐलान किया कि वे एक-दूसरे की चीजों पर आयात शुल्क घटाएंगे। संयुक्त बयान में कहा गया कि भारत से जाने वाली चीजों पर अमेरिका जवाबी टैरिफ घटाकर 18% कर देगा। अमेरिका से आने वाले समूचे इंडस्ट्रियल गुड्स और कुछ कृषि उत्पादों पर इंपोर्ट ड्यूटी घटाई या पूरी तरह खत्म कर दी जाएगी। दोनों देशों ने यह फैसला भी किया है कि तय टैरिफ में किसी भी देश ने बदलाव किया तो दूसरा पक्ष भी अपने वादे में बदलाव कर सकता है। अमेरिका का जवाबी टैरिफ एग्जेक्युटिव ऑर्डर के साथ लागू हो जाएगा। इसके तहत टैक्सटाइल्स एंड अपैरल, लेदर एंड फुटवियर, प्लास्टिक एंड रबर, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हैंडीक्राफ्ट और कुछ मशीनरी पर टैरिफ 18% हो जाएगा।

### कृषि उत्पादों पर क्या रहा भारत का रुख?

गोयल के मुताबिक, 'जो चीजें भारत के लिए संवेदनशील हैं, जिन्हें किसान पर्याप्त मात्रा में उपजाते हैं और जिनमें हम आत्मनिर्भर हैं, उन वस्तुओं को डील से बाहर रखा गया है। कोई छूट नहीं दी गई है।' उन्होंने कहा, 'भारत ने अपने हितों और जरूरतों को देखते हुए इन वस्तुओं का मार्केट नपे-तुले ढंग से खोला है, जिनके लिए हम आज भी आयात पर निर्भर हैं।' DDGs के लिए हमारे पशुपालन क्षेत्र के लोगों ने मांग की थी, उनकी जरूरत थी। लिहाजा यह सीमित मात्रा में लाया जाएगा। इसी तरह कुछ ऐसी चीजें हैं, जो भारत में पर्याप्त मात्रा में नहीं बनतीं, उनके लिए मार्केट खोलने से कॉम्पिटीशन बढ़ेगा और उपभोक्ताओं को लाभ होगा। वाइन एंड स्पिरिट्स के लिए बाजार खोला गया है। मिनिमम इंपोर्ट प्राइस भी रखा गया है। बादाम, अखरोट, लैंटिल (पीले मसूर जैसी दाल, जो दिखने में अरहर जैसी होती है) जैसी चीजों का आयात UPA के समय से हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'कुछ चीजों पर चरणबद्ध ढंग से टैरिफ घटाया जाएगा और कुछ पर शुरू में ही हटा दिया जाएगा।'

### रूसी तेल खरीद का क्या?

अमेरिका ने 25% पेनल्टी हटा ली है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एग्जेक्युटिव ऑर्डर में कहा, 'भारत ने रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल खरीद बंद करने का वादा किया है। यह वादा भी किया है कि वह अमेरिका से एनर्जी प्रोडक्ट्स खरीदेगा। 25% ड्यूटी लगाते समय अमेरिका ने जो कहा था, उसके मुताबिक भारत ने 'काफी कदम' उठाए हैं, लिहाजा 25% पेनल्टी खत्म की जा रही है।' ट्रंप ने यह भी कहा है कि रूस से भारत की तेल खरीद पर अमेरिकी अधिकारी 'नजर रखेंगे' और अगर खरीद होती पाई गई तो फिर से 25% पेनल्टी लगाई जा सकती है और दूसरे एक्शन भी लिए जा सकते हैं।

### क्या बोला विदेश मंत्रालय?

वहीं, विदेश मंत्रालय ने शनिवार को रूसी तेल के इंपोर्ट पर अपना रुख दोहराया और कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भारत की एनर्जी सोर्सिंग में विविधता लाना हमारी रणनीति का मुख्य हिस्सा है। 'जहां तक भारत की एनर्जी सोर्सिंग का सवाल है, सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाजार के हालात और अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता के अनुरूप हमारी एनर्जी सोर्सिंग में विविधता लाना इसे सुनिश्चित करने की रणनीति का मूल है। भारत के सभी कार्य इसी बात को ध्यान में रखकर किए जाते हैं और किए जाएंगे।'

### क्या डेयरी उत्पादों पर भारत ने छूट दी?

भारत, अमेरिका के कई खाद्य और कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाएगा। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने साफ किया कि 'डेयरी प्रोडक्ट्स के मामले में किसी भी शर्त के साथ कुछ भी नहीं खोला गया है। कोई भी रियायत नहीं दी गई है।' यानी अमेरिकी डेयरी प्रोडक्ट्स का इंपोर्ट नहीं होगा।

### कपास और सेब पर क्या तय हुआ?

गोयल ने कहा कि भारत करीब 6 लाख टन सेब आयात करता है। अमेरिका से भी सेब आता है। अभी 50 रुपये प्रति किलो के मिनिमम इंपोर्ट प्राइस पर आयात होता है और 50% ड्यूटी लगती है। यानी प्राइस 75 रुपये किलो से कम नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, 'अभी अमेरिका से जितना आयात होता है, उससे कम कोटा रखा गया है। रियायती ड्यूटी रखी गई है। मिनिमम इंपोर्ट प्राइस 80 रुपये होगा और इस पर 25% ड्यूटी लगेगी। इस तरह फ्लोर प्राइस 100 रुपये प्रति किलो हो जाएगा।' कपास का भी आयात होता है, खासतौर से एक्स्ट्रा लॉन्ग स्टेपल कॉटन का। इसमें भी कोटा आधारित रियायत दी गई है।'

### भारत की और किन चीजों पर अमेरिकी ड्यूटी जीरो?

बाइलैटरल ट्रेड डील के तहत अंतरिम समझौता सफलतापूर्वक होने पर भारत से जाने वाली कई चीजों पर अमेरिकी टैरिफ जीरो हो जाएगा। यह अंतरिम समझौता मार्च के मध्य तक हो सकता है। इनमें जेनेरिक दवाएं, जेम्स एंड डायमंड और विमानों के पुर्जे शामिल हैं। ऑटो पार्ट्स पर ड्यूटी जीरो तो नहीं होगी, लेकिन अमेरिका तरजीही टैरिफ रेट कोटा के तहत छूट देगा। गोयल ने कहा कि कुछ ऑटो पार्ट्स पर ड्यूटी जीरो हो जाएगी और कुछ पर 15% रहेगी। प्लैटिनम, एसेंशियल ऑयल, कुछ इनऑर्गेनिक और ऑर्गेनिक केमिकल्स, जिंक ऑक्साइड जैसी चीजों पर ड्यूटी जीरो हो जाएगी।

### अमेरिका की किन चीजों पर भारत घटाएगा ड्यूटी?

अमेरिका से आने वाले सभी इंडस्ट्रियल गुड्स पर भारत का आयात शुल्क खत्म हो जाएगा। कैंसर, हार्ट, न्यूरो डिजीज की दवाओं और बच्चों की कुछ दवाओं पर भी ड्यूटी खत्म होगी। कॉस्मेटिक्स, ऑर्गेनिक और इनऑर्गेनिक केमिकल्स, कंप्यूटर से जुड़े प्रोडक्ट्स और मेडिकल उपकरणों सहित ऐसी चीजों का आयात अभी 26 बिलियन डॉलर का है। कुछ उत्पादों पर धीरे-धीरे छूट दी जाएगी।

### 500 बिलियन डॉलर का क्या है सवाल?

भारत अगले 5 साल में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर के तेल-गैस सहित एनर्जी प्रोडक्ट्स, विमान और विमानों के पुर्जे, गोल्ड सहित कीमती धातुएं, टेक्नॉलजी प्रोडक्ट्स और कोकिंग कोल खरीदेगा। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स के अलावा डेटा सेंटर्स में उपयोग होने वाली दूसरी चीजों का व्यापार बढ़ाएंगे।

### स्टील और एल्युमीनियम एक्सपोर्ट पर क्या?

गोयल ने कहा कि अमेरिका ने सेक्शन 232 के तहत स्टील और एल्युमीनियम पर 50% टैरिफ पूरी दुनिया के लिए लगाया है, उतना ही भारत पर है।

### तीसरे देश से माल आया तो क्या होगा?

दोनों देश रूल्स ऑफ ओरिजिन तय करेंगे। इससे यह पक्का होगा कि केवल भारत में बने माल पर अमेरिका में छूट मिले और केवल अमेरिका में बने माल पर भारत में छूट मिले।

## भारत-टु-अमेरिका



### इन उत्पादों पर खत्म होगा टैरिफ

- चाय, कॉफी और उससे जुड़े उत्पाद, मसाले, नारियल, नारियल तेल, वनस्पति मोम, काजू, सुपारी, ब्राजील नट्स, शाहबलूत और विभिन्न प्रकार के फल और सब्जियां, बिना किसी शुल्क के अमेरिका निर्यात किए जा सकेंगे।
- जड़ वाली सब्जियां, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल, खसखस और खट्टे फलों के रस पर भी कोई शुल्क नहीं लगेगा और अब ये अमेरिकी बाजार में बिना किसी शुल्क के प्रवेश करेंगे।

### इन पर घटेगा शुल्क घटेगा

जेम्स-जूलरी, फार्मा उत्पाद, विमान के कल-पुर्जे, स्मार्टफोन, वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद समेत कुछ मशीनरी के निर्यात पर अमेरिका टैरिफ घटाएगा या खत्म कर देगा।

## अमेरिका-टु-भारत

### इन पर कम या खत्म होगा टैरिफ

- भारत, अमेरिका की सभी औद्योगिक वस्तुओं, सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट समेत अन्य उत्पादों सहित कई प्रकार के अमेरिकी खाद्य और कृषि उत्पादों पर शुल्क समाप्त करेगा या कम करेगा।

### इन उत्पादों पर घटेगा शुल्क

भारत ने कुछ खास क्षेत्रों में इंपोर्ट ड्यूटी घटाई है। इससे हाई-एंड सर्वर, AI हार्डवेयर, GPU और डेटा सेंटर के उपकरण सस्ते होंगे। औद्योगिक मशीनरी, इलेक्ट्रिकल्स और वाहनों के कलपुर्जों पर भी टैरिफ घटा है।

## इनको भारत के बाजार में अब भी नो एंट्री

**अनाज :** गेहूं, चावल, मक्का, बाजरा, रागी, जौ, ज्वार, ओट्स और उनसे बना आटा/मैदा

**सब्जियां:** आलू, प्याज, मटर, बीन्स, मशरूम और फ्रोजन सब्जियां

**डेयरी प्रोडक्ट :** दूध (लिक्विड, पाउडर, कंडेस्ड), क्रीम, दही, बटर मिल्कमक्खन, घी, बटर ऑयल, पनीर, चीज और दूसरे प्रोडक्ट्स

**मसाले :** काली मिर्च, लौंग, सूखी हरी मिर्च, दालचीनी, धनिया, जीरा, हींग, अदरक, हल्दी, अजवायन, मेथी, चक्रमर्द, कैसिया, सरसों, राई, भूसी और अन्य पाउडर मसाले

**फल :** संतरे, अंगूर, नींबू, स्ट्रॉबेरी



US ट्रेड प्रतिनिधि राजदूत ने डील का किया स्वागत

## अमेरिकी किसानों, उत्पादकों के लिए मार्केट पहुंच बढ़ाएगी डील : USTR

■ पीटीआई, न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन: ट्रेड डील पर यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (USTR) ने कहा है कि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप भारत के साथ एक व्यापार समझौते के तहत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक में अमेरिकी किसानों और उत्पादकों की पहुंच बढ़ा रहे हैं।


USTR ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'ट्री नट्स और सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन से लेकर लाल ज्वार और ताजे और प्रोसेस्ड फलों को यह समझौता अमेरिकी उत्पादों के लिए नया मार्केट एक्सेस देगा।' समझौते की सराहना करते हुए, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि राजदूत जेमिसन ग्रीर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की डीलमेकिंग अमेरिकी श्रमिकों और उत्पादकों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक को खोल रही है। जबकि 1.4 बिलियन से अधिक लोगों के भारत के बाजार को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोलने के लिए टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को हटा रही है।



US ट्रेड प्रतिनिधि राजदूत जेमिसन ग्रीर

## US ने शेयर किया भारत का मैप, पीओके -अक्साई चिन भी शामिल

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील की जानकारी सामने आने के बाद यूएसए व्यापार प्रतिनिधि के 'एक्स' हैंडल ने इससे जुड़ा ऐसा मैप शेयर किया है, जिससे चीन और पाकिस्तान दोनों को ही मिर्ची लगने वाली है। संयुक्त राज्य अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि (USTR) ने एक्स पर लिखा, 'यह समझौता अमेरिकी उत्पादों के लिए भारत में नए बाजार खोलेगा। साथ ही अमेरिका की तरफ से पहली बार इतना स्पष्ट मैप साझा किया गया है, जिसे भारत की पूर्ण क्षेत्रीय अखंडता को मान्यता देने वाला कदम माना जा रहा है। इस मैप में अक्साई चिन और पीओके को भारत का हिस्सा दिखाया गया है। इस मैप में पीओके का कोई अलग सीमांकन या विवादित रेखा नहीं दिखाई गई है। बता दें कि भारत हमेशा से कहता रहा है कि पीओके और अक्साई चिन दोनों भारत का अभिन्न अंग हैं।



## डील पर क्या बोला चीन?

■ पीटीआई, नागपुर: मुंबई में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के महावाणिज्य दूत छिन जी ने शनिवार को कहा कि भारत-चीन व्यापार बाहरी कारकों से प्रभावित नहीं होगा, क्योंकि दोनों देश बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं जो बहुपक्षवाद और बहुपक्षीय व्यापार का समर्थन करती हैं। चीनी महावाणिज्य दूत नागपुर में एडवांटेज विदर्भ-2026 में अंतरराष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन के मौके पर PTI से बात कर रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि भारत जो समझौते कर रहा है, उसके संदर्भ में वह दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापार के स्वरूप को कैसे देखते हैं, तो उन्होंने कहा कि संभावना कम है कि यह बाहरी कारकों से बहुत अधिक प्रभावित होगा।

**कहा-हमारा व्यापार बाहरी कारकों से प्रभावित नहीं होगा**

## 'भारत-रूस में अच्छे संबंध'

■ पीटीआई, नागपुर : मुंबई में रूसी संघ के महावाणिज्य दूत इवान फेटिसोव ने शनिवार को कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली के बीच विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित अच्छे संबंध हैं। वह नागपुर में एडवांटेज विदर्भ 2026 में अंतरराष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते संबंधों के बारे में पूछे जाने पर, राजनयिक ने कहा, 'हम किसी भी देश के साथ सहयोग करने के लिए खुले हैं, जो रूस के साथ सहयोग करना चाहता है। अगर भारत अमेरिका, कजाकिस्तान या ब्राजील के साथ सहयोग करना चाहता है, तो यह पूरी तरह से भारत पर निर्भर करता है।

**रूस बोला-किसी के साथ सहयोग भारत पर है निर्भर**

## 44 बिलियन डॉलर का निर्यात टैरिफ फ्री : गोयल

### कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा, लगभग आधे निर्यात पर ड्यूटी शून्य होगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कॉमर्स एंड** इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनने के बाद शनिवार को कहा कि पहले चरण के तहत भारत से करीब 44 बिलियन डॉलर की चीजों पर अमेरिका में आयात शुल्क नहीं लगेगा। 2024-25 में भारत से अमेरिका को 86.5 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट हुआ था और वहां से 45.3 बिलियन डॉलर का इंपोर्ट हुआ था। कुल निर्यात में से करीब 34 बिलियन डॉलर पर अभी कोई ड्यूटी नहीं लगती। गोयल ने कहा, 'अब लगभग आधा इंडियन एक्सपोर्ट जीरो ड्यूटी पर चला जाएगा। यानी करीब 44 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट पर जवाबी टैरिफ जीरो हो जाएगा।'

टेक्सटाइल्स, लेदर एंड फुटवियर सहित करीब 30 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट पर 18% अमेरिकी टैरिफ लगेगा। वहीं, स्टील, एल्युमीनियम, कॉपर और कुछ ऑटो पार्ट्स के लगभग 12 बिलियन डॉलर के निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ में अभी कोई बदलाव नहीं होगा। अमेरिका ने स्टील, कॉपर और एल्युमीनियम पर 50% टैरिफ पूरी दुनिया के लिए लगाया है, उतना ही भारत पर है। गोयल ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी और 30 ट्रिलियन डॉलर की अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब हमारे निर्यातकों के लिए मोस्ट फेवर्ड नेशन ड्यूटी के साथ खुल रही है। जेनेरिक फार्मा, एयरक्राफ्ट कंपोनेंट्स और ऑटो पार्ट्स सहित कई भारतीय उत्पादों पर अमेरिका का टैरिफ जीरो हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'दोनों देशों ने पिछले साल फरवरी में बाइलैटरल ट्रेड डील के लिए चर्चा शुरू की थी। दोनों देशों ने साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। अमेरिका का जवाबी टैरिफ घटकर 18% करने वाला एग्जेक्युटिव ऑर्डर जल्द आ सकता है। वहीं, FIEO के प्रेसिडेंट एस सी रल्हन ने कहा, '50% से जवाबी टैरिफ 18% पर आना भारतीय निर्यात के लिए गेमचेंजर है। इससे वे ऑर्डर तुरंत रिलीज होने की उम्मीद है, जो होल्ड कर दिए गए थे।



PTI

**बताया गेमचेंजर..** कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने अंतरिम समझौते के ऐलान के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी पूरी जानकारी

**800-1600 सीसी की US बाइक्स पर जीरो-ड्यूटी एक्सेस :** अंतरिम ट्रेड समझौते के तहत भारत 800-1,600 cc और उससे ज्यादा इंजन क्षमता वाली बाइक्स के लिए US मोटरसाइकिल बनाने वालों को जीरो-ड्यूटी एक्सेस देगा। अधिकारियों के मुताबिक, इससे अमेरिकी ब्रैंड हार्ले-डेविडसन को फायदा होगा। भारत हाई-एंड प्रीमियम बाइक्स के लिए एक छोटा बाजार है और इस सेगमेंट में अमेरिका का हिस्सा बहुत कम है। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले कई मौकों पर हार्ले-डेविडसन मोटरसाइकिलों पर भारत की इंपोर्ट ड्यूटी पर चिंता जताई थी।

### मिलकर काम करेंगे : वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स और बौद्धिक संपदा (आईपी) से संबंधित मामलों पर अमेरिका के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया गया है। इसमें विशेष रूप से अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी बाधाओं का उल्लेख है। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और डेटा सेंटर में उपयोग होने वाली अन्य वस्तुओं सहित प्रौद्योगिकी उत्पादों के व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे और प्रौद्योगिकी सहयोग का विस्तार करेंगे। वैष्णव ने कहा कि डेटा सेंटर आने वाले वर्षों में विकास का एक बड़ा जरिया बनेंगे।



## US के सुरक्षा मानक मान लिए तो क्या?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**द्विपक्षीय व्यापार** समझौते के पहले चरण के करार के लिए भारत और अमेरिका ने जिन बातों पर सहमति जताई है, उनमें भारत के टेस्टिंग स्टैंडर्ड्स के बारे में अमेरिका के रुख और नॉन-टैरिफ बैरियर्स को लेकर किसान संगठनों और कृषि विशेषज्ञों ने सवाल उठाए। वहीं, कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने DDGs से जुड़ी चिंता पर कहा कि 'इसके बारे में पर्यावरण मंत्रालय की प्रक्रिया है। एक बार प्रोसेसिंग हो जाने पर GM का इफेक्ट नहीं रह जाता।

संयुक्त बयान में कहा गया, 'अमेरिका और भारत द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाले नॉन-टैरिफ बैरियर्स पर गौर करेंगे। अमेरिका के खाद्य और कृषि उत्पादों के व्यापार में नॉन-टैरिफ बैरियर्स पर विचार करने के लिए भारत राजी हुआ है।' कहा गया कि एग्रीमेंट होने के 6 महीने के भीतर भारत को यह फैसला करना होगा कि अमेरिकी निर्यात की टेस्टिंग में अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय मानकों को माना जा सकता है या नहीं। अभी भारत कृषि और खाद्य वस्तुओं सहित कई चीजों में अपने पैमाने लगाता है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अमेरिका में पशुओं को मांसयुक्त चारा भी दिया जाता है। भारत ने डेयरी प्रोडक्ट्स का आयात नहीं खोला है, लेकिन ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन (DDGs) और लाल ज्वार सहित पशु चारे का आयात होगा। कृषि विशेषज्ञ देविंदर शर्मा ने कहा, 'नॉन-टैरिफ बैरियर हटाने और अमेरिका के सेफ्टी स्टैंडर्ड मान लेने की बात चिंताजनक है। इसलिए भी कि मलेशिया के साथ करार में US ने मनवाया है कि वह अमेरिकी स्टैंडर्ड मानेगा।' उन्होंने कहा, 'जेनेटिकली मॉडिफाइड प्रोडक्ट्स को हमने अपने मानकों के हिसाब से रोका हुआ है, लेकिन अगर अमेरिकी मानक मानने पड़े, तो फिर क्या होगा?' भारतीय किसान संघ के महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा, 'किसानों से जुड़े संवेदनशील उत्पादों और GM फसलों को अनुमति के बारे में सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।



**कृषि विशेषज्ञों ने 6 महीने में अमेरिकी मानकों के बारे में फैसले की शर्त पर उठाए सवाल**

## और उत्पादों पर टैरिफ घटाने पर होगी बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत और** अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के फ्रेमवर्क पर सहमति बनने का ऐलान किया। इस बारे में एक संयुक्त बयान भी जारी किया। अब आगे मार्च मध्य तक पहले चरण के बारे में अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा। यह चरण पूरा होने के बाद फुल बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर आगे की बात होगी, जिसमें दोनों देश और चीजों पर टैरिफ घटाने पर चर्चा करेंगे। इसमें भारत पर टैरिफ 18% से भी नीचे आ सकता है। शनिवार को तय फ्रेमवर्क के आधार पर अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से एग्जेक्युटिव ऑर्डर जारी होगा, जिससे भारत के निर्यात पर अमेरिकी जवाबी टैरिफ 18% लागू हो जाएगा। अमेरिका से आने वाली चीजों पर भारत ने अपना आयात शुल्क घटाने या खत्म करने के बारे में जो रजामंदी दी है, वह मार्च के मध्य में अंतरिम समझौते के कानूनी दस्तावेज पर दस्तखत होने के साथ लागू होगी। यह फर्क इसलिए है, क्योंकि अमेरिकी जवाबी टैरिफ एग्जेक्युटिव ऑर्डर के जरिये लगाए गए थे, वहीं भारत जो भी आयात शुल्क लगाता है, वह मोस्ट फेवर्ड नेशन कैटिगरी का है और वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के नियमों के दायरे में है। दोनों देशों ने पिछले साल फरवरी में तय किया था कि 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर सालाना करने के लिए एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता होगा। इसका पहला चरण पिछले साल नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य था। अब वही चरण मार्च मध्य तक पूरा करने की तैयारी है।



**मार्च मध्य तक पहले चरण के बारे में अंतरिम समझौते को दिया जाएगा अंतिम रूप**


कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के आरोपों पर बीजेपी और केंद्रीय मंत्रियों ने दिए जवाब

## 'महाडील' पर सरकार और विपक्ष में जुबानी जंग

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ट्रेड डील को लेकर आए भारत-अमेरिका के साझा बयान पर विपक्ष और सरकार के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि जीरो टैक्स पर अमेरिकी सामान के लिए भारत का कृषि बाजार खोल दिया गया है, जो किसानों के साथ बड़ा धोखा है। वहीं, बीजेपी और कई केंद्रीय मंत्रियों ने कहा है कि किसानों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है।


### कांग्रेस ने क्या आरोप लगाए?

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि अमेरिका-भारत के बीच व्यापार समझौता दबाव में हुआ है। यह मजबूरी में की गई अंतरिम डील है। उन्होंने दावा किया कि इस समझौते के आधार पर भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदा गया तो अमेरिका 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। जयराम ने कहा कि संयुक्त बयान में अमेरिकी किसानों का भी जिक्र किया गया है कि भारत उन्हें आयात कर में छूट देगा। ट्रेड डील को लेकर जो कुछ भी जानकारी दी गई है, उससे कई चीजें स्पष्ट होंगी।




### योगेंद्र यादव का विरोध क्यों?

सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव ने कहा कि जिसका डर था, वही हुआ। इंडो-यूएस ट्रेड डील के संयुक्त बयान ने साफ कर दिया है कि पहली बार भारतीय कृषि को अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते का हिस्सा बनाया जा रहा है। कुछ कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क शून्य कर दिए गए हैं, मक्का-सोया जैसे उत्पाद पिछले दरवाजे से प्रवेश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह का कहना है कि मोदी सरकार ने झूठ बोलकर देश के करोड़ों किसानों के साथ धोखा किया है।




### बीजेपी का करारा जवाब

बीजेपी प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अब किसी प्रकार के भ्रम की संभावना नहीं रह गई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने पूरी परिपक्वता, दृढ़ता के साथ भारत के हितों को सुदृढ़ करते हुए स्पष्ट रूप से कृषि और दुग्ध व्यवसाय के क्षेत्रों को सुरक्षित किया गया है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि भारत के किसानों के हितों का दृढ़तापूर्वक संरक्षण किया गया है और भारत के लघु और मध्यम उद्यमियों के लिए विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के द्वार खोल दिए गए हैं।



### कृषि मंत्री का आश्वासन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमेरिका से जो समझौता हुआ है, उससे स्पष्ट है कि हमारी सारी फसलें सुरक्षित हैं। अमेरिका से मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री उत्पाद, दूध, पनीर, इथेनॉल, ईंधन और तंबाकू नहीं आएंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'जो विपक्ष हाय-तौबा मचा रहा था कि भारत का किसान बर्बाद हो जाएगा, तबाह हो जाएगा, आज वो देख ले कि समझौते में किसानों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH16 User: cci Time: 02-07-2026 23:07 Color:



अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना मेरे लिए, टीम के लिए और हर खिलाड़ी के लिए विश्व कप से भी बड़ा सपना है। ऐसा हुआ तो दुनिया देखेगी कि वहां के लोग कैसे हैं, वे कैसा स्वागत करते हैं। - राशिद खान, कप्तान, अफगानिस्तान

**28** एक्स्ट्रा दिए थे वेस्टइंडीज ने सा. अफ्रीका के खिलाफ 2007 टी20 वर्ल्ड कप के मैच में। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी टीम द्वारा दिए गए सर्वाधिक एक्स्ट्रा रन हैं

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. पाकिस्तान-नीदरलैंड्स के बीच मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप का मैच किस शहर में हुआ?
A) मुंबई B) कोलंबो C) पल्लेकेले D) कोलकाता

2. टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा एक्स्ट्रा रन खर्च करने का रेकॉर्ड किस टीम के नाम है?
A) इंग्लैंड B) साउथ अफ्रीका C) अमेरिका D) वेस्टइंडीज

**कल के जवाब**
1. A) 27 2. C) 1

**लकी WINNERS**



1 ऋषभ पानारिया, सैंटाक्रूज, मुंबई



2 अमित, गुड़गांव, हरियाणा



3 करुणा, द्वारका, दिल्ली

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### शाह-गोर की मुलाकात



■ **मुंबई:** भारत में अमेरिका के राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर वानखेड़े स्टेडियम में भारत-अमेरिका टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने ICC अध्यक्ष जय शाह के साथ उद्घाटन समारोह और आतिशबाजी का आनंद लिया।

### U-19 टीम को इनाम

■ **नई दिल्ली:** बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप विजेता अंडर-19 भारतीय टीम, टेक्निकल स्टाफ और सिलेक्शन कमिटी के लिए कुल 7.5 करोड़ रुपए के कैश अवॉर्ड की घोषणा की है। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने यह जानकारी दी।

### तेजस्विन को बढ़त

■ **नई दिल्ली:** चीन के तियानजिन में आयोजित एशियन इंडोर ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन भारत के राष्ट्रीय रेकॉर्डधारी तेजस्विन शंकर ने हेप्टाथलन में गोल्ड मेडल की तरफ अपनी पकड़ मजबूत की। पहले दिन तेजस्विन 3513 अंक के साथ बढ़त बनाए हुए हैं।

कप्तान की 84 रन की पारी और बोलर्स के दम पर भारत ने अमेरिका को दे दी मात

# भारत को 'ओपनिंग शॉक' से सूर्य ने बचाया

**भारत Vs अमेरिका**

Bhvin.Pandya@timesofindia.com

■ **मुंबई:** भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप के पहले ही मुकाबले में अमेरिका जैसी अपेक्षाकृत कमजोर टीम की अनुशासित गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग के सामने जूझती हुई दिखी, लेकिन सूर्यकुमार यादव की कप्तानी पारी और बोलर्स के एकजुट प्रदर्शन के बूते 29 रन से आसान जीत दर्ज की। एक समय 77 रन बनाने तक 6 विकेट गंवा चुकी भारतीय टीम को मजबूत सहारा दिया कप्तान सूर्यकुमार यादव ने। कठिन हालात में कप्तान सूर्य ने एक छोर संभाले रखा और टीम को पूरी तरह बिखरने से बचाया। उन्होंने अपनी हाफ सेंचुरी 36 बॉल में पूरी की, लेकिन दूसरे छोर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया। 20 ओवर की समाप्ति पर भारत ने 9 विकेट पर 61 रन बनाए, जिसमें सूर्य का योगदान नॉटआउट 84 रन (49 बॉल, 10 फोर और 4 सिक्स) का रहा। जवाब में अमेरिकी टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 132 रन बना पाई और मैच 29 रन से हार गई। संजय कृष्णमूर्ति और शुभम रंजने ने 37-37 रन की पारी खेली, लेकिन वह नाकाफी रही। भारत के सबसे सफल बोलर मोहम्मद सिराज रहे, जो टूर्नामेंट की ओरिजिनल टीम तक में नहीं थे। हर्षित राणा के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल हुए सिराज ने 3 विकेट निकाले। वहीं प्लेइंग इलेवन में स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर के तौर पर शामिल अक्षर पटेल ने मुसीबत के समय 14 रन बनाने के अलावा 4 ओवर में 24 रन ही दिए और 2 विकेट निकालकर खुद की उपयोगिता साबित की।

**सिराज और अर्शदीप ने बनाया प्रेशर:** 162 का टारगेट हासिल करने के लिए अमेरिका को अच्छी शुरुआत की जरूरत थी, लेकिन हर्षित राणा की जगह भारतीय टीम में लेट एंट्री मारने वाले पेसर मोहम्मद सिराज ने अर्शदीप सिंह के साथ मिलकर ऐसा होने नहीं दिया। सिराज ने दोनों ओपनर्स गौस और साइतेजा को क्रमशः दूसरे और चौथे ओवर में चलता किया, जबकि अर्शदीप ने कप्तान मोनांक का कीमती विकेट अपने नाम किया। 3 जल्दी विकेट गिरने से अमेरिकी टीम पावरप्ले में 31 रन ही जोड़ सकी। मिलिंद कुमार (34 रन) और संजय कृष्णमूर्ति ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन अपेक्षित तेजी से रन नहीं बन पा रहे थे। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 52 बॉल में 58 रन की पार्टनरशिप मुश्किल स्थिति में करके अपनी टीम को संभाला। 12वें ओवर में मिलिंद को वरुण ने अपनी फिरकी से छकाया और बाकी काम विकेट के पीछे ईशान किशन ने स्टंप बिखेरकर किया। 16वें ओवर में अमेरिकी पारी को झकझोरते हुए अक्षर पटेल ने कृष्णमूर्ति (37 रन, 31 बॉल, 1 फोर और 2 सिक्स) और हरमीत सिंह (0) को लगातार बॉल में आउट कर दिया। इसके बाद तो भारत की जीत महज औपचारिकता रह गई।





प्लेयर ऑफ द मैच सूर्यकुमार

टी20 वर्ल्ड कप 2026

**3** बार इस साल टी20 इंटरनैशनल मैचों में जीरो पर आउट हो चुके हैं अभिषेक शर्मा और तीनों ही बार वह पहली ही गेंद पर आउट हुए

**6** बार टॉस हारे भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टी20I मैच में। पिछले 5 मैचों में से 3 मैच भारतीय टीम जीती थी, जबकि 2 मैच हारी थी

### पहले हर्षित की चोट और अब बुमरा की बीमारी

टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन अनाउंस हुई तो उसमें संजू सैमसन, कुलदीप यादव और चोटिल वॉशिंगटन सुंदर के अलावा स्टार पेसर जसप्रीत बुमरा का नाम शामिल नहीं था। ऐसे में अटकलें लगना स्वाभाविक था कि कहीं फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर हर्षित राणा की तरह बुमरा भी तो चोटिल नहीं हो गए। हालांकि कुछ ही देर में बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर साफ कर दिया कि बुमरा चोट के कारण नहीं, बल्कि बीमार होने के चलते मैच नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को मैच खेलने का मौका मिला, जिन्हें हर्षित राणा के स्थान पर शुक्रवार को ही भारतीय टीम में शामिल किया गया था। मैच के एक दिन पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा था कि हम जरूरत पड़ने पर दो स्पेशलिस्ट स्पिनर्स (कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती) को प्लेइंग इलेवन में शामिल करेंगे, लेकिन ये पिच और विपक्षी टीम को ध्यान में रखकर किया जाएगा। वानखेड़े की बैटिंग फ्रेंडली पिच और छोटी बाउंड्री को ध्यान में रखकर भारतीय टीम मैनेजमेंट ने बैटिंग को मजबूत करने पर फोकस किया, जिसके कारण अक्षर पटेल को कुलदीप यादव पर तरजीह दी गई। अक्षर उम्दा लेफ्ट आर्म स्पिनर होने के साथ ही दमदार लोअर मिडल ऑर्डर बैटर भी हैं।

### स्कोरकार्ड

**भारत:** ईशान किशन कॉ मिलिंद बो वान शॉलविक 20, अभिषेक शर्मा कॉ कृष्णमूर्ति बो अली 0, तिलक वर्मा कॉ पटेल बो वान शॉलविक 25, सूर्यकुमार यादव नॉटआउट 84, शिवम दुबे कॉ नेत्रवलकर बो वॉन शॉलविक 0, रिंकू सिंह कॉ मिलिंद बो मोहसिन 6, हार्दिक पंड्या कॉ मुकामाला बो हरमीत 5, अक्षर पटेल कॉ मोहसिन बो हरमीत 14, अर्शदीप कॉ मिलिंद बो वॉन शॉलविक 4, वरुण चक्रवर्ती रनआउट 0, **एक्स्ट्रा:** 3 **टोटल:** 20 ओवर में 161/9 **विकेट:** 1-8, 2-45, 3-46, 446, 5-72, 6-77, 7-118, 8-140, 9-161 **बोलिंग:** नेत्रवलकर 4-0-65-0, अली 2-0-13-1, वॉन शॉलविक 4-0-25-4, मोहसिन 4-0-16-1, रंजने 2-0-16-0, हरमीत 4-0-26-2

**अमेरिका:** आंद्रे गौस कॉ वर्मा बो सिराज 6, साइतेजा मुकामला कॉ वरुण बो सिराज 2, मोनांक पटेल कॉ दुबे बो अर्शदीप 0, मिलिंद कुमार स्टंप किशन बो वरुण 34, संजय कृष्णमूर्ति कॉ रिंकू बो अक्षर 37, शुभम रंजने एलबीडब्ल्यू बो सिराज 37, हरमीत सिंह कॉ सिराज बो अक्षर 0, मोहम्मद मोहसिन कॉ तिलक बो अर्शदीप 8, शेडली वान स्कॉलविक नॉटआउट 2, **टोटल:** 20 ओवर्स में 8 विकेट पर 132 रन **एक्स्ट्रा:** 6 **विकेट:** 1-8, 2-11, 3-13, 4-71, 5-98, 6-98, 7-110, 8-132 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-18-2, मोहम्मद सिराज 4-0-29-3, वरुण चक्रवर्ती 4-0-24-1, अक्षर पटेल 4-0-24-2, हार्दिक पंड्या 4-0-34-0

Sports Reel

## इंडिया कनेक्शन

इंग्लैंड में शुरू हुए क्रिकेट के खेल ने अब ओलिंपिक्स तक का सफर तय कर लिया है। भारत और भारतीय उपमहाद्वीप में यह खेल सबसे ज्यादा फला-फूला। फिलहाल हालात ये हैं कि कई नई देशों की टीमें मूल रूप से भारत या उपमहाद्वीप के प्लेयर्स को शामिल किए बगैर पूरी नहीं हो पाती हैं। आइये हम बताते हैं इस टी20 वर्ल्ड कप में भाग ले रही कुछ टीमों का इंडिया कनेक्शन।

**न्यूजीलैंड** टीम में भारतीय मूल के प्लेयर्स की मौजूदगी का पुराना इतिहास रहा है। वनडे वर्ल्ड कप में दीपक पटेल से शुरू हुई यह कहानी मौजूदा टी20 टीम में शामिल रचिन रविंद्र तक पहुंच चुकी है। ईश सोढ़ी भी टीम में शामिल हैं।

**अमेरिका** टीम में पांच प्लेयर्स का कनेक्शन भारत से है। हरमीत सिंह तो अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत से खेल चुके हैं। मिलिंद कुमार दिल्ली से खेले हैं। मोनांक पटेल, शुभम रंजाने, सौरभ नेत्रवलकर भी भारतीय मूल के हैं।

**नीदरलैंड्स** टीम में भारतीय मूल के आर्यन दत्त हैं। उनके पिता 1980 के दशक में पंजाब से नीदरलैंड्स जाकर बस गए थे। आर्यन ने 13 वर्ष की उम्र में चंडीगढ़ आकर अपनी बोलिंग सुधारने की ट्रेनिंग ली थी।

**ओमान** टीम की कमान 36 वर्षीय जतिंद्र सिंह संभाल रहे हैं, जिनकी जड़ें पंजाब के लुधियाना से जुड़ी हैं। टीम में शामिल विनायक शुक्ला, जय ओडेदरा, कर्ण सोनवाले, जितेन रामानंदी, आशीष ओडेदरा भी भारतीय मूल के हैं।

**इटली** टीम के सबसे अहम प्लेयर्स में से एक जसप्रीत सिंह पंजाब में जन्मे हैं। वह पहली बार 2019 में सिलेक्ट हुए थे और तब से टीम का अहम हिस्सा हैं। टी20I में उन्होंने टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक 23 विकेट लिए हैं।

**यूएई** विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यांश शर्मा भारतीय मूल के हैं। बोलिंग ऑलराउंडर हर्षित कौशिक और भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को बचपन में बोलिंग कर चुके सिमरनजीत सिंह भी भारत से यूएई गए हैं।

**कनाडा** टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा भारतीय मूल के ही हैं। अजयवीर हुंदल, अंश पटेल, रविंदर पाल सिंह, शिवम शर्मा, श्रेयस मोव्वा, नवनीत धालीवाल, जसकरनदीप बुट्टर और युवराज सामरा का भी कनेक्शन इंडिया से है।

**अफगानिस्तान/नेपाल** अफगानिस्तान नैशनल टीम के लिए भारत 'सेकेंड होम' है। यहां तक कि अफगान टीम ने अपने इंटरनैशनल मैचों की मेजबानी भारत में की है। वहीं नेपाल ने बीसीसीआई के सपोर्ट से पिछले साल बेंगलुरु स्थित BCCI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ट्रेनिंग की। वह बड़ौदा और गुजरात के खिलाफ मैच खेल चुकी है।

# फहीम ने पाकिस्तान को उलटफेर से बचा लिया

**पाकिस्तान Vs नीदरलैंड्स**
टी20 वर्ल्ड कप 2026

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** टी20 वर्ल्ड कप के अपने ओपनिंग मैच में ही पाकिस्तान को हार का करारा झटका लगने वाला था, जिसे उसने बमुश्किल टाल दिया। लोअर ऑर्डर बल्लेबाज फहीम अशरफ के 11 गेंद में 29 रन की मदद से पाकिस्तान ने टूर्नामेंट के अपने पहले पहले मैच में शनिवार को मुश्किल पलों से गुजरने के बाद अंत में नीदरलैंड्स पर तीन विकेट से राहत भरी जीत हासिल की।

**लगातार गंवाए विकेट:** दरअसल, जीत के लिए 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान का स्कोर दस ओवर के बाद दो विकेट पर 90 रन था लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। एक समय टीम का स्कोर 16.1 ओवर में सात विकेट पर 114 रन था और उसे जीत के लिए 34 रनों की जरूरत थी। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान को 29 रन चाहिए थे। अशरफ ने लोगान वान बीक की गेंद पर तीन सिक्स और एक फोर लगाया और आखिरी ओवर में फोर जड़कर मैच तीन गेंद बाकी रहते पाकिस्तान के नाम किया। इससे पहले ओडाउड ने अशरफ का कैच 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर छोड़ा था जब वह सात रन पर थे। नीदरलैंड्स को इस कैच के छूटने की भारी कीमत चुकानी पड़ी।

**साहिबजादा रहे हाईएस्ट स्कोरर:** पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान ने 31 गेंद में सर्वाधिक 47 रन बनाए, जबकि ओपनर सईम अयूब ने 13 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। बाबर आजम 18 गेंद में 15 रन ही बना सके। पॉल वान मीकेरेन ने 12वें ओवर में फरहान और उस्मान खान (0) को आउट किया और 13वें ओवर में बाबर भी चले गए। पाकिस्तान का स्कोर इस समय पांच विकेट पर 100 रन था। आखिरी पांच ओवर में पाकिस्तान को 37 रन चाहिए थे लेकिन काइल क्लेन ने 16वें ओवर में मोहम्मद नवाज (6) को पविलियन भेजा। आखिरी चार ओवर में पाकिस्तान को 34 रन की जरूरत थी जब शादाब खान भी अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद अशरफ ने टीम को संकट से निकाला।

इससे पहले, बल्लेबाजी के लिए भेजी गई नीदरलैंड्स ने छठे ओवर में 14 रन निकालकर पावरप्ले के छह ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बना लिए थे।

**ब्रीफ स्कोर**
**नीदरलैंड्स:** 19.5 ओवर्स में 147 रन (स्कॉट एडवर्ड्स 37, बास डि लीडे 30, सलमान मिर्जा 3/24, सईम अयूब 2/7)
**पाकिस्तान:** 19.3 ओवर्स में 148 रन (साहिबजादा फरहान 47, फहीम अशरफ 29*, पॉल वान मीकेरेन 2/20, आर्यन दत्त 2/33)



फहीम अशरफ

# हेटमायर की हिटिंग के बाद शेफर्ड की हैटट्रिक

**वेस्टइंडीज Vs स्कॉटलैंड**
टी20 वर्ल्ड कप 2026

■ **एजेंसियां, कोलकाता:** शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकीय पारी और रोमारियो शेफर्ड की हैटट्रिक सहित पांच विकेट से वेस्टइंडीज ने शनिवार को टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-सी मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने हेटमायर के 36 गेंद में 64 रन की आक्रामक पारी के दम पर पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 147 रन पर आउट कर दिया।

**पांच गेंद में झटके चार विकेट:** शेफर्ड ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 20 रन देकर इस प्रारूप में पहली बार पांच विकेट झटके। उन्होंने इस दौरान पांच गेंद के अंदर चार विकेट लिए जिसमें मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन के विकेटों के साथ हैटट्रिक पूरी की। यह शेफर्ड की चार महीने में दूसरी टी20 अंतरराष्ट्रीय हैटट्रिक है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैटट्रिक ली थी। विंडीज ने इसके साथ ही 2022 में इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता किया। टी20 में यह वेस्टइंडीज की किसी असोसिएट देश पर पहली जीत है।





**रेकॉर्ड अलर्ट**

**22** गेंदों में शिमरोन हेटमायर ने अपनी फिफ्टी पूरी की और वह टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले कैरेबियन खिलाड़ी बन गए। उन्होंने क्रिस गेल का 2009 में 23 गेंद पर बनाया रेकॉर्ड तोड़ा


**ब्रीफ स्कोर**
**वेस्टइंडीज:** 182/5 (शिमरोन हेटमायर 64, ब्रैंडन किंग 35, शेरफेन रदरफोर्ड 26, ब्रैड करी 2/23) **स्कॉटलैंड:** 147/10 (रिचर्ड बैरिंग्टन 42, टॉम ब्रूस 35, रोमारियो शेफर्ड 5/20, जेसन होल्डर 3/30)

# 'अफगान टर्न' से होगा न्यूजीलैंड का सामना

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-डी के अपने पहले मुकाबले में हर विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। रविवार को होने वाला यह मैच दोनों टीमों के लिए अहम माना जा रहा है, खासकर तब जब ग्रुप में साउथ अफ्रीका जैसी मजबूत टीम भी मौजूद है। ग्रुप में से सिर्फ दो टीमें आगे बढ़ेंगी तो इस 'ग्रुप ऑफ डेथ' भी कहा जा सकता है।

अफगानिस्तान ने हाल ही में वेस्टइंडीज का टी20 सीरीज में सफाया कर दिया था। राशिद खान के साथ मुजीब उर रहमान और नूर अहमद स्पिन आक्रमण की धार बढ़ाएंगे। चेपक की पिच पर स्पिनरों की भूमिका निर्णायक हो सकती है। दूसरी ओर मिचेल सैंटनर की अगुआई में कीवी टीम भारत के खिलाफ 1-4 से सीरीज गंवाने के बाद वर्ल्ड कप में उतरी है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026



न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर

कुल मैच 2
न्यूजीलैंड 1
अफगानिस्तान 1

**टेलिकास्ट:** सुबह 11 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

# मेजबान श्रीलंका की टक्कर आयरलैंड से

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंका टीम ग्रुप-बी में अपने अभियान की शुरुआत रविवार को आयरलैंड के खिलाफ करेगी। सह-मेजबान होने के बावजूद श्रीलंका की तैयारियां उम्मीद के मुताबिक नहीं रहीं और हाल ही में उसे घरेलू टी20 सीरीज में इंग्लैंड से 0-3 की करारी हार झेलनी पड़ी थी। ऐसे में टीम की नजरें पिछली नाकामियों को पीछे छोड़कर घरेलू दर्शकों के सामने मजबूत शुरुआत करने पर होंगी।

श्रीलंका की सबसे बड़ी समस्या निरंतरता की रही है। दासुन शनाका की कप्तानी में टीम को हरफनमौला प्रदर्शन की जरूरत होगी। शीर्षक्रम में पाथुम निसांका और कुसल मेंडिस पर जिम्मेदारी रहेगी, जबकि स्पिन की कमान वानिंदु हसरंगा संभालेंगे। दूसरी ओर, आयरलैंड आत्मविश्वास से भरा है। पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर और जोश लिटिल के दम पर वह उलटफेर की पूरी क्षमता रखता है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026





श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा

# इंग्लैंड-नेपाल पहली बार भिड़ने को तैयार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** टी20 इंटरनैशनल क्रिकेट में रविवार को एक खास लम्हा देखने को मिलेगा, जब इंग्लैंड और नेपाल की टीमें पहली बार आपस में भिड़ेंगी। यह मुकाबला टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-सी का है, जो मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच यह किसी भी फॉर्मेट में पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला है और इसी वजह से यह मैच सिर्फ अंक तालिका के लिहाज से ही नहीं, बल्कि इतिहास के पन्नों में दर्ज होने के कारण भी अहम माना जा रहा है।

दो बार की चैंपियन इंग्लैंड टीम इस टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरी है। पिछले साल 11 सितंबर के बाद से एक भी टी20 इंटरनैशनल मैच नहीं हारी इंग्लैंड टीम ने टी20 वर्ल्ड कप के पहले श्रीलंका में खेली गई 3 मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। कप्तान हैरी ब्रूक की अगुआई में इंग्लैंड टीम की बैटिंग और बोलिंग में आक्रामकता और विविधता दोनों दिखती हैं। दूसरी ओर, नेपाल इस मुकाबले को खुद को साबित करने के बड़े मौके के तौर पर देखेगा। नेपाल ने क्वॉलिफायर में लगातार 7 मैच जीतकर वर्ल्ड कप में क्वॉलिफाई किया।

टी20 वर्ल्ड कप 2026






इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक

# सुरेश ने उलटफेर कर भारत को दिलाई 1-1 से बराबरी

■ **एजेंसियां, ग्रोनिंगन:** दक्षिणेश्वर सुरेश ने एक बार फिर दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए नीदरलैंड्स के नंबर एक खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग को हराया और क्वॉलिफायर्स के पहले दौर के मुकाबले में भारत को 1-1 से बराबरी दिला दी। दक्षिणेश्वर ने जोंग को 6-4, 7-5 से मात दी। इससे पहले सुमित नागल की हार के बाद भारत पर दबाव बढ़ गया था। वर्ल्ड रैंकिंग में 465वें स्थान पर काबिज दक्षिणेश्वर ने 88वें नंबर के डी जोंग के खिलाफ दमदार सर्विस और संयमित खेल दिखाया। इस मुकाबले में उन्होंने मौके का इंतजार किया और अहम पलों में बढ़त बनाकर मैच अपने नाम किया।

वहीं, दो घंटे 28 मिनट तक चले मुकाबले में नागल को गए डे ओडेन के खिलाफ 0-6, 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। आज युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी की जोड़ी युगल मुकाबले में उतरेगी।

डेविस कप क्वॉलिफायर




भारतीय प्लेयर दक्षिणेश्वर सुरेश

**बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल टूर्नामेंट**

# लवलीना और सचिन सहित 12 फाइनल में

■ **एजेंसियां, ला नूसिया (स्पेन):** ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और वर्ल्ड कप गोल्ड मेडलिस्ट सचिन सिवाच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल 2026 के फाइनल में जगह बना ली। इनके साथ कुल 12 भारतीय बॉक्सर्स गोल्ड के लिए चुनौती पेश करेंगे, जिनमें 8 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं।

लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में वेल्स की रोजी एक्लेस को 5-0 से हराया। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में भारत का गोल्ड मेडल पक्का हो गया है, जहां प्रीति पवार और पूनम फाइनल में आमने-सामने होंगी। प्रीति ने फ्रांस की आया हम्दी को जबकि पूनम ने इंग्लैंड की आइवी-जेन स्मिथ को हराया।





सचिन सिवाच

# एलावेनिल को गोल्ड, शांभवी का जूनियर में एशियन रेकॉर्ड

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ओलिंपियन एलावेनिल वालारिवन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप में विमिंस 10 मीटर एयर राइफल इवेंट का गोल्ड मेडल जीता। जबकि शांभवी क्षीरसागर ने जूनियर वर्ग में नया एशियन रेकॉर्ड बनाते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। चौथे दिन के बाद भारत के खाते में कुल 43 मेडल हो चुके हैं, जिनमें 27 गोल्ड शामिल हैं।

**मिसाकी ने दी चुनौती:** एलावेनिल ने फाइनल में जापान की मिसाकी नोबाटा की कड़ी चुनौती को पछाड़ते हुए गोल्ड अपने नाम किया। शुरुआती दो सीरीज के बाद पांचवें स्थान पर रहने वाली एलावेनिल ने 18वें शॉट तक बढ़त बनाई और आखिर तक संयम बनाए रखा। मेघना सज्जनार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। एक्स पर मेघना को उनके मेडल के लिए पीवी सिंधु ने बधाई दी। उन्होंने ये भी खुलासा किया कि मेघना आठ महीने की प्रेग्नेंट होने के बावजूद प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही थीं। एलावेनिल, मेघना के साथ आर्या बोर्से ने मिलकर टीम स्पर्धा में भी भारत को गोल्ड मेडल दिलाया।

**भारत ने किया क्लीन स्वीप:** जूनियर फाइनल में शांभवी ने 253.7 का स्कोर कर 2024 में बना एशियन रेकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और चार अंकों के अंतर से गोल्ड जीता। मान्यता सिंह को सिल्वर और अनीशा शर्मा को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप





एलावेनिल (बाएं) और मेघना सज्जनार

# मोहित, तुषार की बोलिंग से मुंबई की मुकाबले में वापसी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मोहित अवस्थी (4/27) और तुषार पांडे (4/33) की कमाल की गेंदबाजी की बदौलत मुंबई ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में वापसी की। मुंबई के बीकेसी ग्राउंड में चल रहे मैच के पहले दिन पहली पारी में सिर्फ 120 रन पर ऑल आउट होने वाली मुंबई ने कर्नाटक की पहली पारी 173 रन पर समेट दी। कर्नाटक अच्छी गेंदबाजी के बावजूद बड़ी बढ़त नहीं बना पाया और उसे सिर्फ 53 रन की लीड से संतोष करना पड़ा। दूसरे दिन स्टंप्स तक मुंबई ने दो विकेट पर 189 रन बना लिए थे। मुंबई ने 136 रन की लीड हासिल कर ली है। मुंबई के लिए आकाश आनंद (53 रन) और मुशीर खान (49 रन) क्रीज पर टिके हुए हैं। इससे पूर्व, कर्नाटक ने दूसरे दिन की शुरुआत 110/2 के स्कोर से आगे खेलते हुए की थी।

रणजी का रण





मुंबई के तुषार देशपांडे

**अन्य क्वॉर्टर फाइनल**
■ कल्याणी में मुकेश कुमार (5/66) और आकाश दीप (4/79) की घातक गेंदबाजी के बाद सुदीप घरामी (112* रन) के शतक से बंगाल ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ पांच विकेट पर 199 रन बना लिए। आंध्र प्रदेश की पहली पारी 295 पर सिमटी।
■ इंदौर में आकिब नबी (7/40) ने J&K (194/10) को मध्यप्रदेश (152/10) पर 42 रन की बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरी पारी में J&K ने भी 84 पर 5 विकेट गवा दिए।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH17 User: cci Time: 02-08-2026 00:07 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## आज ही हुई थी गूगल मैप्स की शुरुआत


आज ही के दिन 2005 में गूगल मैप्स की शुरुआत हुई थी। इसकी नींव लार्स (Lars) और जेन्स रासमुसेन (Jens Rasmussen) नाम के दो भाइयों ने रखी थी, जिनके स्टार्टअप को गूगल ने खरीदकर वेब ब्राउजर के लिए विकसित किया। शुरुआत में यह सिर्फ डेस्कटॉप प्रोग्राम था, लेकिन सैटलाइट तकनीक से इसने नेविगेशन का तरीका हमेशा के लिए बदल दिया। आज ये जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है।

# NBT

Front Page-2

## नेविगेशन सिस्टम होंगे हमारी छठी इंद्री

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में नेविगेशन सिस्टम एक 'डिजिटल छठी इंद्री' के रूप में काम करेगा। स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस और 3D होलोग्राफिक तकनीक के जरिए रास्ते सीधे हमारी आंखों के सामने हवा में तैरते नजर आएंगे। सिर्फ सोचने से सटीक लोकेशन का संकेत मिल जाएगा। फ्लाइंग कारों और हाइपरलूप के दौर में यह सिस्टम जमीन के साथ-साथ आसमान और मंगल-चंद्रमा जैसे ग्रहों के बीच भी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगा।



AI Images



# भरोसा भारत की सबसे मज़बूत करंसी: मोदी

### पीएम ने मलयेशिया में व्यापार डील, डिजिटल ताकत और ग्रोथ गिनाई | नए वाणिज्य दूतावास, तिरुवल्लुवर स्कॉलरशिप शुरू करने की घोषणा

■ पीटीआई, कुआलालंपुर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मलयेशिया में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भरोसा आज भारत की सबसे मजबूत करंसी बन गया है। इसी भरोसे के कारण भारत को दुनिया विकास का विश्वसनीय साझेदार मान रही है। उन्होंने हालिया व्यापार समझौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने ब्रिटेन, अमेरिका, यूरोपीय संघ, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ओमान सहित कई देशों के साथ अहम डील की हैं।

> कार्यक्रम के दौरान पीएम ने कहा कि भारत का UPI जल्द ही मलयेशिया में आएगा

दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचे मोदी ने भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत और मलयेशिया के बीच जीवंत पुल बताया। उन्होंने मलयेशिया में नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने और छात्रों को भारत में पढ़ाई के अवसर देने के लिए तिरुवल्लुवर स्कॉलरशिप शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत का UPI जल्द ही मलयेशिया में आएगा। उन्होंने कहा कि हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकॉनमी हैं। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर है। भारत तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। कार्यक्रम में मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने तमिल भाषा और संस्कृति की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि तमिल के लोगों ने अपने टैलेंट से मानवता की सेवा की है।


Photos: PTI



**भारतीयों से मिले...** दो दिवसीय दौरे पर मलयेशिया पहुंचे मोदी वहां रह रहे भारतीयों से मिले।

### सांस्कृतिक जुड़ाव पर दिया ज़ोर

पीएम मोदी ने तमिल साहित्य और संस्कृति को वैश्विक बताया। मलाया विश्वविद्यालय में 'तिरुवल्लुवर चेयर' पहले से स्थापित है। अब तिरुवल्लुवर सेंटर भी बनाया जाएगा। मोदी ने कहा कि मलयेशिया उनका 2026 का पहला विदेश दौरा है। एयरपोर्ट पर अनवर इब्राहिम ने उनका स्वागत किया।



> भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब और दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर है।
> -नरेन्द्र मोदी, पीएम, भारत


> मैं खुशकिस्मत हूं कि भारत के मोदी जी का एक बहुत अच्छा पर्सनल दोस्त हूं। - अनवर इब्राहिम, पीएम, मलयेशिया

### ट्रंप से बचने को दौरा टाला: कांग्रेस

कांग्रेस ने पीएम के मलयेशिया दौरे पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि अक्टूबर में प्रस्तावित कुआलालंपुर यात्रा मोदी ने इसलिए रद्द कर दी थी क्योंकि वे उस समय वहां मौजूद रहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का सामना नहीं करना चाहते थे। उस समय दौरा रद्द कर मोदी ने आसियान नेताओं के साथ वर्चुअल शिखर बैठक को चुना।

## कनाडा-फ्रांस ने ग्रीनलैंड में खोले नए दूतावास

■ एपी, नुक (ग्रीनलैंड) : ग्रीनलैंड के नुक में कनाडा और फ्रांस ने अपने नए राजनयिक वाणिज्य दूतावास खोले। इसे नाटो सहयोगी डेनमार्क और आर्कटिक क्षेत्र ग्रीनलैंड के समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। फैसला ऐसे समय आया है जब US ग्रीनलैंड पर नियंत्रण हासिल करने की कोशिशों को लेकर चर्चा में है। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि यह दूतावास ग्रीनलैंड और डेनमार्क के साथ कई अहम मुद्दों पर एकजुटता का प्रतीक है।



## IS ने ली इस्लामाबाद धमाके की ज़िम्मेदारी

### मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले में 3 अरेस्ट

■ पीटीआई, इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** पुलिस ने शुक्रवार को इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद पर हुए आत्मघाती हमले के सिलसिले में खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर में दो पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान में सक्रिय इस्लामिक स्टेट से जुड़े क्षेत्रीय संगठन ने इस्लामाबाद में हुए भीषण हमले की जिम्मेदारी ली है।

पाकिस्तान की राजधानी में शुक्रवार की नमाज के दौरान शिया समुदाय की मस्जिद में आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट में उड़ा लेने से कम से कम 36 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए। यह हमला हाल के वर्षों में शिया समुदाय को निशाना बनाकर किए गए सबसे भीषण आतंकी हमलों में से एक है।

> पेशावर का था आरोपी, अफगानिस्तान में मिली थी ट्रेनिंग: अधिकारी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान कथित आत्मघाती हमलावर के दो भाइयों और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों से बरामद पहचान पत्र के आधार पर हमलावर की पहचान यासिर के रूप में स्थापित करने में मदद मिली, जो पेशावर का रहने वाला था। जांचकर्ताओं ने यह भी खुलासा किया है कि इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट से पहले, हमलावर लगभग पांच महीने तक अफगानिस्तान में रहा था, जहां उसने कथित तौर पर हथियारों के इस्तेमाल और आत्मघाती हमलों की ट्रेनिंग ली थी।

AFP



आत्मघाती हमले में 36 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए।

## US ने जून तक युद्ध खत्म करने को कहा: जेलेंस्की

AP




यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, रूस ने 400 ड्रोन, 40 मिसाइलें दागीं।

■ एपी, कीव : यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंचने के लिए जून की समयसीमा दी है। जेलेंस्की ने पत्रकारों से कहा कि अगर जून की समयसीमा पूरी नहीं होती है, तो ट्रंप प्रशासन दोनों पक्षों पर इसे पूरा करने के लिए दबाव बनाएगा। जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस ने एनर्जी सेक्टर पर 400 ड्रोन और 40 मिसाइलों से हमला किया।

## बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

**Q** जब कोई शख्स मायोपिया की समस्या (दूर की चीजों को देखने में परेशानी, धुंधला दिखाई देना) की वजह से आई डॉक्टर के पास जाता है तो...

AI Image



**बैड डॉक्टर:** ठीक है, टेस्ट करा लीजिए। आपको चश्मा लगेगा। चाहें तो लेंस भी लगवा सकते हैं। यह चश्मे का नंबर है। यही चश्मे की दुकान है, वहीं से बनवा लें। ज्यादा मोबाइल मत देखें।



**गुड डॉक्टर:** यह मायोपिया है, इसमें दूर की चीजों की इमेज रेटिना के आगे बनती है, इसलिए धुंधलापन आता है। मैं आपकी आंखों की पूरी जांच करूंगा। यह चश्मे का नंबर है। स्क्रीन के इस्तेमाल के वक्त 20-20-20 रूल फॉलो करें।

डॉ. संजय तेवतिया, सीनियर आई कंसल्टेंट

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

**1** एप्स्टीन से जुड़ी फाइलों की समीक्षा की इजाजत किसने दी?
A. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट B. अमेरिकी न्याय मंत्रालय C. एफबीआई

**2** ग्रीनलैंड के किस शहर में कनाडा और फ्रांस ने नए वाणिज्य दूतावास खोले हैं?
A. ओस्लो B. रेक्याविक C. नुक

**3** भारत ने किस देश में वाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की?
A. सिंगापुर B. मलयेशिया C. थाइलैंड

**4** नए शावकों के जन्म के बाद कुनो नैशनल पार्क में चीतों की कुल संख्या कितनी हो गई है?
A. 30 B. 35 C. 40

**5** रूसी तेल खरीदने पर US ने भारत पर कितना % टैरिफ लगाया था, जिसे अब वापस ले लिया है?
A. 18% B. 22% C. 25%

**कल के जवाब**

A1 A. उज्बेकिस्तान A2 A. बद अल-बुसैदी A3 B. भारत GenAI A4 C अमेरिका A5 B. मलयेशिया

**लकी विनर्स**



विदिशा वोरा, नई दिल्ली
2. कृष्ण कुमार शर्मा, फरीदाबाद
3. खालिद अली खान, लखनऊ

**ऐसे भेजें अपने जवाब**


अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## ओबामा दंपती का अपमान, ट्रंप का माफी से इनकार

■ एपी, वॉशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा को जंगल में चिम्पैंजी के रूप में दिखाने वाले विडियो को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों की तीखी आलोचना के बाद सोशल मीडिया से हटा दिया गया है। ट्रंप ने कहा कि वह इस पोस्ट के लिए माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलती नहीं की।

यह पोस्ट गुरुवार रात ट्रंप के 'ट्रुथ सोशल' अकाउंट पर शेयर किया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास और कार्यालय वाइट हाउस ने बाद में इसे एक कर्मचारी की गलती बताया। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पहले इसे बेकार की नाराजगी करार दिया था लेकिन भारी दबाव के बाद पोस्ट हटा दिया गया।



ओबामा दंपती पर ट्रंप के पोस्ट की आलोचनाओं के बाद सोशल मीडिया से हटाया गया

विडियो में 2020 के चुनाव में वोटिंग मशीनों से छेड़छाड़ के झूठे दावों के बीच दो चिम्पैंजी के चेहरों पर ओबामा दंपती की तस्वीर नजर आ रही थी। इसमें ट्रंप को जंगल का राजा दिखाया गया। रिपब्लिकन सीनेटर टिम स्कॉट और रोजर विकर सहित कई नेताओं ने पोस्ट को अस्वीकार्य बताया और माफी की मांग की।

**न्याय मंत्रालय बोला**

## 24 घंटे के नोटिस पर एप्स्टीन फाइलें देख सकेंगे सांसद

■ एपी, वॉशिंगटन : अमेरिका का न्याय मंत्रालय सोमवार से कांग्रेस के सदस्यों को दोषी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से जुड़ी बिना काट-छांट वाली फाइलों की समीक्षा करने की अनुमति देगा। सांसदों को भेजे गए एक पत्र में यह जानकारी दी गई है। पत्र में कहा गया है कि सांसद न्याय मंत्रालय द्वारा जारी किए गए 30 लाख से अधिक दस्तावेजों के बिना काट-छांट वाले संस्करण देख सकेंगे। यह दस्तावेज कांग्रेस द्वारा पिछले वर्ष पारित कानून का पालन करने के तहत जारी किए गए हैं। फाइलों तक पहुंच पाने के लिए सांसदों को न्याय मंत्रालय को 24 घंटे पहले सूचना देनी होगी। वे न्याय मंत्रालय के कंप्यूटर पर ही इन फाइलों की समीक्षा कर सकेंगे।

## मुआवज़े के लिए मृतक की संपत्ति पर दावा बनता है? SC देखेगा

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com



> अदालत ने कहा, सीमित सवाल पर विचार होगा कि क्या मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों के खिलाफ दावा कायम रहता है या नहीं

> मामले में डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप था, मामला पेंडिंग था तभी डॉक्टर की मौत हो गई, कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है कि क्या किसी व्यक्ति की कथित लापरवाही के लिए उसकी मृत्यु के बाद उसके कानूनी उत्तराधिकारियों के जरिए उसकी संपत्ति को मुआवजे के दायरे में लाया जा सकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि वह सीमित सवाल पर विचार करेगी कि क्या मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों के खिलाफ दावा कायम रहता है या नहीं। कोर्ट ने 3 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया।


जस्टिस जे.के. महेश्वरी की अगुआई वाली बेंच एक उपभोक्ता द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया गया था। मामला राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (NCDRC) में लंबित था, तभी डॉक्टर की मृत्यु हो गई। बाद में उपभोक्ता की भी मौत हो गई। इसके बाद उपभोक्ता के कानूनी उत्तराधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिस पर अदालत ने NCDRC में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी। 13 जनवरी को सुनवाई के दौरान बेंच ने यह सवाल उठाया कि नए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत क्या ऐसी शिकायत आगे चल सकती है और क्या डॉक्टर के कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से मुआवजा दिया जा सकता है। हालांकि, जस्टिस महेश्वरी ने कहा कि फिलहाल सवाल मुआवजा देने का नहीं, बल्कि यह है कि क्या कानूनी उत्तराधिकारियों को पक्षकार बनाया जा सकता है।






## समुद्र के बीच तेल तस्करी का खेल बेनकाब

PTI



भारतीय तटरक्षक बल ने अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर कुछ जहाजों को भी पकड़ा।

■ पीटीआई, नई दिल्ली : भारतीय तटरक्षक बल (ICG) ने मुंबई तट से करीब 100 समुद्री मील पश्चिम अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में अभियान चलाकर एक अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान गिरोह से जुड़े कुछ जहाजों को पकड़ा गया। यह गिरोह संघर्षरत देशों से सस्ता तेल और तेल आधारित सामान बड़ी मात्रा में लाकर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में मोटर टैंकरों के बीच समुद्र में ही ट्रांसफर कर मुनाफा कमाने का तरीका अपनाता था। डिजिटल सर्विलांस और बढ़ती समुद्री मौजूदगी के आधार पर यह ऑपरेशन शुरू किया गया। 5 फरवरी को तटरक्षक जहाजों ने तीन संदिग्ध पोतों को रोका। विशेष बोर्डिंग टीम ने तलाशी, डेटा की जांच, दस्तावेज सत्यापन और चालक दल से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ीं।

## रूस में 4 भारतीय हमले में घायल

■ पीटीआई, मॉस्को: रूस में स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के विदेशी छात्रों के हॉस्टल के स्पोर्ट्स हॉल में शनिवार को चाकू से हमला हुआ। घटना में 4 भारतीय सहित छह लोग और दो पुलिसकर्मी घायल हुए। 15 वर्षीय हमलावर ने गिरफ्तारी का विरोध किया, इस दौरान दो पुलिसकर्मी घायल हुए और उसने खुद को भी चोट पहुंचाई। मामले में जांच जारी है।




RERA REGISTRATION NO.: P52900054767
Developer: Domilis Estate LLP | Project: Yoganand
https://maharerait.maharashtra.gov.in/public/project/view/45753

# PLOTS NEAR MOPA INTERNATIONAL AIRPORT NORTH GOA

## INVITE APPLICATIONS FOR FREEHOLD RESIDENTIAL PLOTS

**(UNDER AFFORDABLE RESIDENTIAL PLOTTING SCHEME & MAHARASHTRA TOURISM POLICY 2024, GOVERNMENT OF MAHARASHTRA)**

**PROJECT NAMELY YOG ANAND**

**DODAMARG, GOA-MAHARASHTRA BORDER**

APPROVED RERA

**Pay Rs. 49,000/- for Registration**


Amount is Refundable in case of non Allocation

**33% RESERVED FOR WOMEN AND GOVERNMENT EMPLOYEES**
**ONLY 30 PLOTS AVAILABLE FOR REGISTRATION**

### IMPORTANT DATES

**Last Date of Registration:**
**8th February 2026 (Sunday)**

**Plot Allotment Date:**
**11th February 2026(Wednesday)**




| Pricing Under Allotment Process (only applicable for 30 plots) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Plot Size (Sq. Yd.) | Plot Size (Sq. Mtr.) | Rate Per Sq. Yd. | Registration Amount | 10% Within 7 Days | 40% Within 30 Days | 50% On Possession | Total Cost |
| 358.8 | 300 | ₹ 27,000 | ₹ 49,000 | ₹ 9,19,760 | ₹ 38,75,040 | ₹ 48,43,800 | ₹ 96,87,600 |

* Any other charges levied by the Govt. extra

| Direct Confirm Booking | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Plot Size (Sq. Yd.) | Plot Size (Sq. Mtr.) | Rate Per Sq. Yd. | Booking Amount | 10% Within 7 Days | 40% Within 30 Days | 50% On Possession | Total Cost |
| 358.8 | 300 | ₹ 40,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 9,35,200 | ₹ 57,40,800 | ₹ 71,76,000 | ₹ 1,43,52,000 |

* Any other charges levied by the Govt. extra

**Advantages**

- 103 Acres Gated Township
- Mopa, Dabolim, Chipi, Belgaum Airport Nearby
- Surrounded By Magnificent Mountains, Beautiful Stream
- Thivim, Karmali, Kudal, Pernem Railway Station Nearby
- Maharashtra Industrial Development Corporation (MIDC) Aadali at 10 Km from the site
- Mapusa (Goa), Banda, Maharashtra, Panaji, Goa, Sawantwadi, Belgaum, Karnataka, All North Goa Industrial Belt Nearby

**Amenities**

Gated Community | 3-Tier Security | Club Resort | shopping Complex | Temple | Playgrounds | Fresh Water Supply | Swimming Pool | Badminton Court | Gym Equipments


**For Online Registration**

**www.plotsonlineregistration.com**

**HELPLINE No. +91-87506 37637**

SCAN TO REGISTER

Disclaimer: Promoter urges every applicant to inspect the project site and, therefore, requests to make personal judgment prior to submitting an application for allotment. Unless otherwise stated, all the images, visuals, materials and information contained herein are purely creative/artistic and may not be actual representations of the product and/or any amenities. Further, the actual design may vary in the fit and finished form, from the one displayed above. Journey time shown, if any, is based upon Google Maps which may vary as per the traffic at a relevant point of time. #Rate mentioned above does not include GST and other statutory charges, if applicable. T & C Apply. 1 sq. mt. = 1.196 sq. yd. RERA Registration No. P52900055557 dated 02-04-2024.


MIGSUN
DREAM IT LIVE IT
ATHARVA
OWN MORE BY PAYING LESS TODAY
INTRODUCING
10:90
PAYMENT PLAN
PAY 10% NOW | 90% NEAR POSSESSION*
3/4 BHK APARTMENTS & DUPLEX
*T&C APPLY | ARTISTIC IMPRESSION
8010 834834
RAJNAGAR EXTENSION GHAZIABAD
YOUR PROFITABLE ADDRESS STARTS WITH
A GUARANTEED LEASE
₹21 LAKH* ONWARDS
MIGSUN central Market
Bang on Yamuna Expressway. 20 mins to Noida Airport
*T&C APPLY | ARTISTIC IMPRESSION
MIGSUN ALPHA CENTRAL
OWN A SHOP THE EASY WAY
INTRODUCING
25:25:25:25
PAYMENT PLAN
PAY 25% NOW | 25% IN 2027 | 25% IN 2028 | 25% ON POSSESSION*
*T&C APPLY | ARTISTIC IMPRESSION
₹39.90 LAKH* ONWARDS
FOOD HALL
ALPHA 2, GREATER NOIDA
MIGSUN NEHRU PLACE 3 THE BUSINESS HUB
SECURE YOUR SPACE
AT TODAY'S VALUE
₹27 LAKH* ONWARDS
MIGSUN EXPRESS SUITES
Bang on Yamuna Expressway. 20 mins to Noida Airport
*T&C APPLY | ARTISTIC IMPRESSION
PROPSHOP THE WAY TO FULFILL YOUR DREAMS
9210 333 666
COMMERCIAL
RESIDENTIAL
HOSPITALITY
EDUCATION
SKILL INDIA
A LEGACY OF 30 YEARS | 2 CRORE AREA DELIVERED | PRESENT IN 7 STATES
FOLLOW MIGSUN
Disclaimer: This advertisement is indicative in nature & may not constitute as an offer of invitation for the purpose of Registration/Booking/Sale. Visual representations/contents/images/maps shown in this advertisement are purely conceptual and not a legal offering. The viewer/prospective buyer may seek all such information, sanctions plans, approvals, development schedule, specifications, facilities, amenities etc. from the company before any such booking/registration etc. | *T&C Apply (1 Sq Mtr = 10.764 Sq Ft)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 02-07-2026 22:30 Color:






# दो दिन तक चली छापेमारी, 627 करोड़ रुपये की ठगी का खुलासा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


AI Image

**देशभर में** फैले साइबर ठगों के नेटवर्क पर जोरदार प्रहार करते हुए दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन 'CyHawk 3.0' के तहत दो दिन तक ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान 6,552 संदिग्धों से पूछताछ की गई। इनमें से 2,563 आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। इसके तहत 955 को गिरफ्तार या बाउंड डाउन किया गया। इस दौरान नैशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर दर्ज 3,180 कंप्लेंट लिंक हुई हैं। इसके जरिए 627 करोड़ की साइबर ठगी की गई थी। जॉइंट सीपी (IFSO) रजनीश गुप्ता के मुताबिक, यह दिल्ली पुलिस का बीते 4 महीने में तीसरा बड़ा साइबर अभियान था, जो 5 और 6 फरवरी को चलाया गया। दिल्ली के अलावा असम, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब और केरल समेत 10 से ज्यादा राज्यों में एक साथ रेड की गई। इस अभियान में 5,000 से ज्यादा पुलिसवालों ने हिस्सा लिया। पुलिस का ऐक्शन साइबर ठगों के पूरे इकोसिस्टम पर फोकस्ड रहा।

**CyHawk 3.0 पुलिस ने 6552 से की पूछताछ, 2563 पर कानूनी कार्रवाई**

पुलिस ने एक मामले में फर्जी रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस (RTO) ऐप लिंक से ठगी करने वाले गैंग से 22 लाख कैश, 30 लाख की क्रिप्टोकरंसी, 1.8 किग्रा से ज्यादा गोल्ड-सिल्वर, फोन और लैपटॉप बरामद किए। एक अन्य केस में 84 NCRP कंप्लेंट्स से जुड़े म्यूल करंट अकाउंट के जरिए 9.28 करोड़ से ज्यादा के निवेश फ्रॉड नेटवर्क से 92 सिम कार्ड, 37 फोन, 39 चेकबुक, ATM कार्ड, POS मशीनें और UPI स्कैनर जब्त किए। तीसरे केस में असम और नगांव से आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। इस दौरान 299 नए मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जबकि 262 पुराने केसों को दोबारा लिंक किया गया है।

**ऑपरेशंस के बाद फर्जी कॉल्स में कमी:** पुलिस अफसरों के मुताबिक, CyHawk के पहले ऑपरेशन के बाद साइबर फ्रॉड से जुड़ी कॉल्स में काफी कमी आई है, जो पहले रोजाना औसतन 3,600 थी और अब घटकर करीब 2,400 रह गई है। ऑपरेशन 1.0 नवंबर 2025 में चलाया गया था। इसके तहत 877 आरोपियों को गिरफ्तार या बाउंड डाउन किया गया था। NCRP में दर्ज 3777 शिकायतों से 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी को लिंक किया गया। दिसंबर 2025 के दूसरे ऑपरेशन के दौरान 284 लोगों को गिरफ्तार किया गया। करीब 2,900 के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई थी।

**छापेमारी के दौरान ऐक्शन**

- 955 आरोपियों को गिरफ्तार/बाउंड डाउन किया
- 1608 को BNSS की धारा 35 का नोटिस भेजा
- 299 नए मुकदमे पर छापेमारी के बाद किए दर्ज
- 262 पुराने FIR को लिंक कर पकड़े गए आरोपी
- 3180 NCRP कंप्लेंट को किया गया लिंक

> साइबर धोखाधड़ी अब एक संगठित उद्योग बन चुकी है। ऑपरेशन 'CyHawk' के जरिए हम न सिर्फ अपराधियों को पकड़ रहे हैं, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क को तोड़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य जल्दी पहचान, सख्त कार्रवाई और लगातार ठगों पर दबाव बनाना है।
>
> -सतीश गोलछा, पुलिस कमिश्नर

# सात साल से फरार तीन मर्डर का आरोपी अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


क्राइम ब्रांच ने यूपी के गोरखपुर शहर से आरोपी को दबोचा

**सात साल** से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी मुकेश उर्फ सोनू उर्फ जुम्मी (32) को क्राइम ब्रांच ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया है। थाना पहाड़गंज में दर्ज बेरहमी से हुए एक कत्ल के मामले में पुलिस को इसकी तलाश थी। इससे पहले 2017 में पहाड़गंज में और 2011 में कोतवाली इलाके में हुई हत्या में भी यह आरोपी था। अदालत ने इसे भगोड़ा करार दे रखा था, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस काफी समय से हाथ-पैर मार रही थी।

डीसीपी (क्राइम) हर्ष इंदौरा के मुताबिक, आरोपी ने अपने परिवार और परिचितों से संपर्क तोड़ लिया था, जिससे सभी को उसके मर जाने का भ्रम था। एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर गौतम मलिक, SI कुलदीप, हेड कॉन्स्टेबल सोनू और पवन की टीम ने जांच की तो आरोपी ने पत्नी की एक सहेली से संपर्क साधा था। इसके आधार पर लोकेशन ट्रेस की गई और आरोपी को यूपी के गोरखपुर से दबोच लिया।

दरअसल, पहाड़गंज में 8 मार्च 2018 की देर रात आरोपी ने इरफान, राजन, सोनू और मनोहर के साथ मिलकर हथौड़े, उस्तरे और चाकुओं से लैस होकर राजू, रंजीत और रिंकू पर जानलेवा हमला किया था। इसमें राजू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। पहाड़गंज थाने में मर्डर और कातिलाना हमले का केस दर्ज हुआ। इसके बाद से आरोपी मुकेश उर्फ जुम्मी फरार हो गया था।

इससे पहले 2017 में आरोपी ने पहाड़गंज क्षेत्र में ही मुख्तार अली की बेहद बेरहमी से हत्या की थी, जिसमें उसके सिर पर कई वार किए गए थे। कोतवाली एरिया में 2011 में एक शख्स को गर्दन, सीने और पेट पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।

# लूट का विरोध करने पर मारा चाकू

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** आनंद पर्वत इलाके में एक छात्र से तीन नाबालिग उसका फोन छीन रहे थे। तभी वहां से गुजर रहे एक शख्स ने छात्र को बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने बहादुरी दिखाई और शोर मचाते हुए बदमाशों से भिड़ गए। तभी गश्त पर निकले पुलिस वाले मौके पर पहुंच गए और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। जांच में तीनों नाबालिग निकले।

**गश्त पर निकले पुलिसवालों ने तीन नाबालिगों को पकड़ा**

सेंट्रल जिला के डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि 3 फरवरी को आनंद पर्वत पुलिस को मारपीट और चाकू से हमला की सूचना मिली थी। तुरंत पुलिस वाले मौके पर पहुंचे तो देखा कि बीट स्टाफ हेड कॉन्स्टेबल धरमराज और कॉन्स्टेबल रवि मौजूद थे। उनके साथ शिकायतकर्ता बलजीत नगर निवासी अनूप कुमार सिंह भी मौजूद थे। पूछताछ करने पर पता चला कि एक छात्र ट्यूशन पढ़ने जा रहा था, तभी तीन लड़कों ने रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की और उसका सामान लूट लिया। उसी दौरान अनूप कुमार सिंह ने पीड़ित को बचाने का प्रयास किया।

# घर पर मिला महिला का शव, बच्चा पास ही खेलता रहा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**न्यू उस्मानपुर** इलाके में एक महिला का शव घर पर पड़ा मिला। महिला के गले में चुन्नी बंधी हुई थी। महिला का ढाई साल का बच्चा मां को सोता समझ उनके साथ खेलता रहा। शनिवार सुबह इकरा (24) को उनकी ननद गुलजान ने फोन किया, तो इकरा ने फोन नहीं उठाया। तब ननद ने अपने 10 साल के बेटे को इकरा के घर भेजा। कमरे के गेट की कुंडी बाहर से लगी थी। बच्चे ने अपनी मां को यह बात बताई। इसके बाद गुलजान इकरा के घर पहुंची और कुंडी खोलकर अंदर गई तो इकरा का बच्चा मां के शव के साथ खेलता दिखा। उन्होंने पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पुलिस पहुंची तो महिला फर्श पर पड़ी मिली। गले में चुन्नी बंधी थी। तुरंत पुलिस इकरा को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पुलिस खुदकुशी का मामला मान रही है। लेकिन घटनास्थल से कोई स्यूसाइड नोट नहीं मिला है।

**न्यू उस्मानपुर इलाके का है मामला, महिला के गले में बंधी थी चुन्नी**

नॉर्थ ईस्ट जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे न्यू उस्मानपुर पुलिस स्टेशन को एक महिला की आत्महत्या की सूचना मिली थी। पुलिस तुरंत गौतम विहार में पहुंची। जहां महिला फर्श पर पड़ी मिली। उन्हें तुरंत जेपीएस अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पुलिस को गुलजान मिली। उन्होंने सारी घटना बताई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

पुलिस ने बताया कि इकरा का पति इमरान पिछले एक साल से डासना जेल में बंद है। उसके खिलाफ लोनी गाजियाबाद थाने में मामला भी दर्ज है। कुछ दिन पहले ही इकरा अपने पति से डासना जेल में मिलने गई थी। जेल में पति से मुलाकात के बाद से वह काफी परेशान थी, हालांकि उन्होंने इस परेशानी के बारे में किसी को जिक्र नहीं किया था। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा होता था। बताया जा रहा है कि इकरा की पहले भी एक शादी हुई थी। वहीं, इकरा की दूसरी ननद शबनम ने बताया कि घर के कूड़े में शराब की दो खाली बोतलें और सिगरेट पड़ी मिली थी। आरोप है कि कई बाहरी लोगों का अक्सर आना जाना था।













CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-07-2026 22:15 Color:



# जनकल्याण को समर्पित स्वास्थ्य पहल




आयुष्मान भारत के साथ दिल्ली का यह विस्तारित सुरक्षा कवच लाखों परिवारों को न केवल बीमारी के डर से मुक्त कर रहा है, बल्कि उन्हें सम्मान के साथ स्वस्थ जीवन जीने का भरोसा भी दे रहा है




## आयुष्मान आरोग्य मंदिर से सशक्त होती दिल्ली की प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था

स्वास्थ्य व्यवस्था की असली मजबूती बड़े अस्पतालों की इमारतों में नहीं, बल्कि मजबूत और सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में निहित होती है। इसी सोच को जमीन पर उतारते हुए रेखा सरकार ने दिल्ली में 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' की स्थापना के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा ढांचे को नई दिशा दी है।

वर्तमान में राजधानी में 319 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पूरी तरह कार्यशील हैं और सरकार का लक्ष्य 1,100 से अधिक ऐसे केंद्र स्थापित करने का है, ताकि हर नागरिक को अपने घर से एक किलोमीटर के भीतर गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो सके। इन केंद्रों पर प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, आवश्यक दवाइयाँ और बेसिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

ये आरोग्य मंदिर केवल सामान्य बीमारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि 12 अनिवार्य स्वास्थ्य सेवाओं के जरिये जांच, परामर्श, उपचार और रोकथाम को एक ही छत के नीचे सुनिश्चित कर रहे हैं।

> वर्तमान में राजधानी में 319 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पूरी तरह कार्यशील हैं और सरकार का लक्ष्य 1,100 से अधिक ऐसे केंद्र स्थापित करने का है, ताकि हर नागरिक को अपने घर से एक किलोमीटर के भीतर गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो सके।

**12 अनिवार्य स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल हैं:**

- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल
- बच्चों और किशोरों की नियमित जांच
- डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग
- टीकाकरण और पोषण परामर्श
- मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं
- बुजुर्गों के लिए विशेष देखभाल
- योग, लाइफस्टाइल और वेलनेस काउंसलिंग

# दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था आयुष्मान, आरोग्य मंदिर और वय वंदना जैसी सुविधाओं से लैस

**20 फरवरी को शपथ लेते ही रेखा सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पहली ही कैबिनेट बैठक में दिल्लीवासियों के लिए बड़ा फैसला किया। राजधानी के नागरिकों को अब 10 लाख तक के मुफ्त इलाज का सुरक्षा कवच मिलेगा, जिसमें आयुष्मान भारत योजना के साथ राज्य सरकार का अतिरिक्त टॉपअप शामिल है। वर्षों से दबाव झेल रही दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में यह निर्णायक कदम माना जा रहा है। गरीब, मध्यम वर्ग और बुजुर्गों को राहत देते हुए सरकार ने घर के पास प्राथमिक उपचार से लेकर बड़े अस्पतालों तक कैशलेस इलाज की राह खोल दी है।**

दिल्ली में 20 फरवरी को जब रेखा सरकार ने शपथ ली और सबसे पहले, पहली कैबिनेट बैठक में ही दिल्ली को 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का फैसला लिया। जो महानगर 11 साल तक चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को झेल रहा था, वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीम एक्शन में आई। हर जरूरतमंद को मुफ्त इलाज, हर बुजुर्ग को मुफ्त इलाज और हर परिवार को घर के पास मुफ्त प्राथमिक इलाज की व्यवस्था मिल रही है। इस पहल से दिल्ली के स्वास्थ्य सेवा और सुविधा में आमूल चूल परिवर्तन देखने को मिले हैं और इसका लाभ यहां के नागरिकों को मिल रहा है।

### आयुष्मान भारत: अब दिल्ली को मिला 10 लाख का सुरक्षा कवच

दिल्ली सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' को मंजूरी दी। देश में जहां यह योजना 5 लाख तक का कैशलेस इलाज देती है, वहीं दिल्ली सरकार ने इसमें 5 लाख का स्टेट टॉपअप जोड़कर लाभार्थियों को 10 लाख तक का वार्षिक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया। यह फैसला उन लाखों मध्यम और निम्न आय वर्गीय परिवारों के लिए राहत बनकर आया, जो इलाज के नाम पर जीवन भर की बचत गंवा देते थे।

दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य सुरक्षा पहल अब कागजों से निकलकर जमीन पर असर दिखा रही है। रिकॉर्ड गति से 7 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत राजधानी में 200 अस्पतालों का विशाल नेटवर्क तैयार किया गया है, जिसमें 147 नामी निजी अस्पताल भी शामिल हैं। स्टेट हेल्थ एजेंसी दिल्ली के अंतर्गत अब तक 24,000 से अधिक नागरिकों को इलाज मिल चुका है और 45 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम सेटल किए जा चुके हैं।

| आज दिल्ली में: | अब इलाज डर नहीं रहा | अस्पताल दूर नहीं रहे | बुजुर्ग उपेक्षित नहीं हैं | गरीब अब असहाय नहीं है |
|---|---|---|---|---|

# वय वंदना योजना से बुज़ुर्गों के लिए सम्मान और सुरक्षा




किसी भी समाज की संवेदनशीलता इस बात से आंकी जाती है कि वह अपने बुजुर्गों का कैसे ख्याल रखता है। दिल्ली सरकार ने इस सोच को आगे बढ़ाते हुए 'आयुष्मान भारत – वय वंदना योजना' (AB-VVY) को वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की रीढ़ बनाया। इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को 10 लाख तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

दिल्ली में अब तक लगभग 3 लाख वय वंदना कार्ड जारी किए जा चुके हैं। दिल्ली जैसे महानगर में, जहां बड़ी संख्या में बुजुर्ग अकेले जीवन जीते हैं, यह योजना उनके लिए भरोसे, आत्मसम्मान और निश्चिंतता की एक मजबूत ढाल बनकर सामने आई है।

> दिल्ली सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 'आयुष्मान भारत वय वंदना योजना' को एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा पहल के रूप में लागू किया है। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 10 लाख तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराना इस योजना की सबसे बड़ी ताकत है।

यह योजना स्वास्थ्य कवच से कहीं आगे जाकर यह स्पष्ट संदेश देती है कि "बुढ़ापा बोझ नहीं, सम्मान और सुरक्षा के साथ जीने का अधिकार है।"



## इलाज का पूरा चक्र: आरोग्य मंदिर से आयुष्मान अस्पताल तक




दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य नीति की असली ताकत उसके इंटीग्रेटेड केयर मॉडल में दिखाई देती है, जो मरीज को इलाज की पूरी यात्रा में लगातार सहारा देता है। आरोग्य मंदिरों में मिलने वाला सुलभ प्राथमिक उपचार जब आगे के इलाज की मांग करता है, तो मरीज को बिना किसी आर्थिक बोझ के सीधे आयुष्मान भारत योजना के तहत पैनलबद्ध अस्पतालों में रेफर किया जाता है। यह निर्बाध व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि इलाज पैसों की कमी की वजह से कभी न रुके। रोकथाम से लेकर समय पर पहचान और प्रभावी इलाज तक, यह मॉडल स्वास्थ्य सेवाओं को हर स्तर पर मजबूत बनाता है और यही दिल्ली की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को भरोसेमंद और मानवीय बनाता है।

# डिजिटल स्वास्थ्य की नई पहचान: आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन

**स्वस्थ दिल्ली - समर्थ दिल्ली**

- आयुष्मान भारत के तहत 10 लाख तक का कैशलेस इलाज
- 7 लाख+ आयुष्मान कार्ड जारी
- 200 इम्पैनल्ड अस्पताल
- लगभग 3 लाख वय वंदना कार्ड जारी
- राजधानी में 319 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुले हैं, 1100+ का लक्ष्य




दिल्ली सरकार के नेतृत्व में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) को तेजी से लागू किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाया जा रहा है। अब तक राजधानी में 1 करोड़ से अधिक ABHA आईडी जारी की जा चुकी हैं, जिससे नागरिक देशभर में अपने मेडिकल रिकॉर्ड सुरक्षित और आसानी से एक्सेस कर पा रहे हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में 'स्कैन एंड शेयर' सुविधा और डिजिटल ओपीडी पंजीकरण की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे कतार प्रबंधन और सेवा वितरण में सुधार हुआ है।

स्वास्थ्य ढांचे को राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए 2,387 हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री और 21,125 हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री आईडी तैयार की गई हैं। साथ ही, सभी सरकारी अस्पतालों में नेक्स्ट-जेन हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू किए गए हैं, जिससे घर बैठे ओपीडी अपॉइंटमेंट, डिजिटल मरीज रिकॉर्ड और डेटा-आधारित स्वास्थ्य प्रबंधन संभव हुआ है। कुल मिलाकर, ABDM के तहत की गई ये पहलें दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक दक्ष, आधुनिक और भरोसेमंद बना रही हैं।

एक नई सोच के साथ आगे बढ़ती हुई दिल्ली

बीते वर्षों में दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था अव्यवस्था, अधूरी परियोजनाओं और भ्रमित नीतियों से जूझती रही। लेकिन पिछले 11 महीनों में जो बदलाव दिखा है, वह बताता है कि जब नीति स्पष्ट हो और नीयत मजबूत हो, तो सिस्टम बदलता है।

आयुष्मान भारत, वय वंदना और आयुष्मान आरोग्य मंदिर मिलकर एक ऐसा मानवीय हेल्थ इकोसिस्टम बना रहे हैं, जहाँ हर नागरिक को वही सम्मान मिलता है जो वह डिजर्व करता है। यह वही दिल्ली है जहाँ स्वास्थ्य अब घोषणा नहीं, गारंटी है।

DIP/Shabdarth/Advertorial/0125/25-26

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 02-08-2026 00:10 Color:



# एक दिन में दो हादसे, सुरक्षा पर सवाल


## सूरजकुंड हादसा

■ गौरी शर्मा, फरीदाबाद

**सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय** शिल्प मेले में शनिवार शाम दो बड़े हादसे हो गए। पहला गेट नंबर दो के पास बुंदेलखंड का गेट गिर गया, जहां एक शख्स घायल हो गया। वहीं कुछ ही समय बाद एम्यूजमेंट पार्क में पेंडुलम बड़ा झूला अचानक टूटकर जमीन पर आ गिरा। इस भीषण हादसे में 13 लोग घायल हो गए, जबकि लोगों को बचाने की कोशिश कर रहे एक पुलिस इंस्पेक्टर (SHO) की मौत हो गई। हादसे के बाद जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। संबंधित विभागों को झूले की तकनीकी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रारंभिक तौर पर झूले की फिटनेस और सुरक्षा मानकों में लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। देर रात पर्यटन मंत्री ने मेले का दौरा किया।

सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब मेले में लगे एक पेंडुलम झूले का हिस्सा अचानक टूट गया। इस हादसे में 10 से 12 लोगों के घायल होने की सूचना मिली। घायलों को तुरंत सूरजकुंड स्थित सुप्रीम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद मेले में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग दहशत में इधर-उधर भागते नजर आए प्रत्यक्षदर्शी मुकेश ने बताया कि झूला चल रहा था। उस पर कई लोग सवार थे, तभी अचानक तेज आवाज के साथ झूले का एक हिस्सा टूट गया। झूले पर बैठे लोग नीचे गिर पड़े, जिससे कई को गंभीर चोटें आईं। हादसे की जानकारी मिलते ही मेला परिसर में तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

घायलों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने के लिए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। इस दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया, ताकि ऐम्बुलेंस और घायलों को ले जा रहे वाहनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।





**11:30** बजे सुबह हुआ पहला हादसा, जिसमें यूपी का गेट अचानक टूट गया, इसमें एक शख्स घायल हुआ

**18:15** बजे शाम को दूसरा हादसा एम्यूजमेंट पार्क में हुआ। यहां सुनामी झूला टूटा, 13 घायल, एक की मौत हुई

**10:00** बजे सुबह से ही आज खुला रहेगा मेला। चौपाल पर भी होंगे कार्यक्रम। झूला सेक्शन बंद रह सकता है



झूले की साइड टूटते ही इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद लोगों को बचाने दौड़े, लेकिन उसमें दबकर उनकी मौत हो गई

### शाम छह बजे के बाद सभी कार्यक्रम किए रद्द

छह बजे हास्य कलाकार अमित टंडन का महा स्टेज पर कार्यक्रम था, वहीं सिंगर नवीन पुनिया का कार्यक्रम 5 से छह बजे से चल रहा था, जिसके बाद में रुकवा दिया गया। शाम का कार्निवल निकाला जाता है, उसे भी रोक दिया गया। आशंका है कि रविवार को झूला परिसर में झूले बंद रहेंगे।

### 'दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई'

इस घटना के बाद सूरजकुंड मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगाए गए झूलों और अन्य मनोरंजन साधनों की जांच भी शक के घेरे में है।



"घटना से काफी दुखी हूं। जान गवाने वाले व्यक्ति के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। साथ ही घायलों के उपचार के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।
-नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री



"दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ। पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। हमारी सबकी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। सभी घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। -डॉ. अरविंद शर्मा, पर्यटन मंत्री हरियाणा

## घायलों को इमरजेंसी वॉर्ड में रखा, कई को आईं चोटें

Nitesh.Sinha1@timesofindia.com

■ **फरीदाबाद :** सूरजकुंड मेले में हुए हादसे में घायल 4 लोगों को देर रात बीके अस्पताल लाया गया। इनमें सभी की हालत स्थिर है। लेकिन गंभीर चोटें आई हुई हैं। सूत्रों ने बताया कि घायलों में राजेश के सिर में चोट आई। दूसरे घायल बलराम को भी फैक्चर आया। तीसरे घायल अजय कुमार के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। चौथी घायल पूजा के घुटने और कलाई में गंभीर चोटें आई हैं।

**हादसे से पहले, मेले में झुका हुआ था झूला :** सूरजकुंड मेले में झूला टूटने से कुछ घंटे पहले ही गाजियाबाद का एक परिवार वहां मौजूद था। मेले में मौजूद रहे गाजियाबाद के इंदिरापुरम के ज्ञान खंड 4 निवासी योगेश सिन्हा ने बताया कि वे अपने बच्चों के साथ परिसर के अंदर बने किड्स जोन में शाम 4 बजे के करीब वहीं पर थे। वे अपने बच्चों को हेलिकॉप्टर शो दिखाकर वापस लौट रहे थे। तभी उनकी नजर एक झूले पर पड़ी, जिसका बैलेंस दूर से कुछ ठीक नजर नहीं आया। उस झूले का एक हिस्सा काफी झुका था। उस समय उन्हें कुछ खटका था। लौटकर घर पहुंचे, तभी किड्स जोन में झूला हादसे वाली खबर का पता चली।



## 3 बच्चियों की मौत : 1 घंटे से ज्यादा की पूछताछ में खुलासा

# पिता ने दो बेटियों को कूदते देखा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

**शहर की** एक सोसायटी में तीन बहनों की मौत के मामले में रोज नई बातें सामने आ रही हैं। मामले की सच्चाई तक पहुंचने के लिए शुक्रवार को DCP कार्यालय में पुलिस ने बच्चियों के पिता समेत अन्य परिजनों से एक घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। इस दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इसमें पता चला है कि पिता ने दो बच्चियों को कूदते हुए देखा था। वहीं, अब तक जांच और पूछताछ से घटना के पीछे घर का खराब माहौल सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि, पुलिस जांच अभी जारी है। ऐसे में और कई खुलासे हो सकते हैं। पुलिस पूछताछ में पिता ने बताया कि जब पहली बेटी छत से गिरी तो उसकी नींद खुल गई। इसके बाद उसने बेडरूम से दो अन्य बच्चियों को कूदते हुए देखा। पिता ने बताया कि दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सका। घटना के वक्त घर में तीनों पत्नियां मौजूद थीं।

**3 बेटियां पढ़ाई में कमजोर, कितना सच :** जानकारी के अनुसार, तीनों बहनें पास के ही एक स्कूल में पढ़ती थीं। हैरान करने वाली बात है कि तीनों बेटियां एक साथ पढ़ाई में कैसे कमजोर हो सकती हैं। लोगों का कहना है कि बच्चियों को सरकारी या किसी कम फीस वाले स्कूल में भेजा जा सकता था।



### इन सवालों से कठघरे में परिजन

1. घटना के वक्त क्या सभी ने गेट तोड़ने का प्रयास किया या फिर सिर्फ दिखावा था या पुलिस के आने का इंतजार किया गया।
2. बच्चियों को कोरियन कल्चर में जाने के लिए मजबूर किसने किया था।
3. घर की माली हालत की वजह से बच्चियों की पढ़ाई छुड़वा दी गई या फिर जानबूझकर।
4. घर में बच्चियों को आइसोलेट तो कहीं नहीं किया गया।
5. बेटियों की मौत के बाद पिता मोर्चरी तक नहीं गया था। लोगों का मानना है कि कितना भी खराब पिता हो, वह मोर्चरी पर तो जरूर जाता।
6. मीडिया के सामने मास्क लगाकर आने पर भी कई प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।
7. घटना के बाद लोगों से न मिलना और गमी वाले घर में खाने-पीने की सामान आना।
8. मामले को लेकर पुलिस से किसी प्रकार का सवाल-जवाब न करना और सीधे तीनों बहनों के शवों का अंतिम संस्कार कर देना इस पर भी सवाल उठ रहे।

## तीन शादियां और एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप

■ **NBT रिपोर्ट, टीएचए :** पुलिस ने पिता की तीनों पत्नियों से भी बारी-बारी पूछताछ की। बताया जा रहा है कि पिता ने 2 सगी बहनों से शादी की थी, जबकि एक अन्य महिला के साथ करीब 4 साल तक लिव-इन में भी रहा था। 2018 में महिला ने तीसरी मंजिल से कूदकर खुदकुशी की थी। इसके बाद तीसरी शादी रिलेशनशिप में रहने वाली महिला के रिलेशनशिप से की थी। ऐसे में घर का माहौल खराब हो चुका था। बच्चियां भी इसको भांप रही थीं। तीनों पत्नियों ने बताया कि पिता बच्चियों की सभी डिमांड पूरी करते थे। उनको बिगाड़ने में पिता और मां का हाथ है। एक मां का कहना है कि उनकी गलती है कि बच्चियों को वह समय रहते नहीं रोक सकी।

## करोड़ों की ठगी में हो सकती हैं कई और गिरफ्तारियां

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव



32 माइलस्टोन का डायरेक्टर 6 दिन के रिमांड पर

**एक ही प्रॉपर्टी** का सौदा कर लोगों से करोड़ों रुपये हड़पने के मामले में गिरफ्तार हुए 32 माइलस्टोन के डायरेक्टर को पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए छह दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस का मानना है कि इस मामले में और लोग भी संलिप्त हैं, ऐसे में अभी कई और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

इसके अलावा रकम कहां डायवर्ट की गई, पुलिस टीमें इसका पता लगाने की भी कोशिश कर रही हैं। दरअसल सेक्टर-15 स्थित 32-माइलस्टोन परिसर की पहली मंजिल पर यूनिट संख्या 24 (3000 वर्ग फुट) का सेल एग्रीमेंट करके उसकी कन्विन्स डीड क्रेता के नाम न कराकर 2 करोड़ 50 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में गुड़गांव पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा-II ने एमएस 32nd विस्टास प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ध्रुवदत्त शर्मा को अरेस्ट किया था।

## एमसीडी के डंपिंग पार्किंग में आग, 20 गाड़ियां आईं चपेट में

■ **NBT न्यूज, शाहदरा:** शाहदरा में शनिवार रात एमसीडी के डंपिंग पार्किंग में आग लग गई। फायर कंट्रोल रूम को मामले की सूचना रात 8:37 पर मिली। आग बुझाने वाली 8 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर दीपक हुड्डा और गीता कॉलोनी से स्टेशन ऑफिसर अनूप सिंह सहित 40 से ज्यादा फायरकर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। लगभग 2 घंटे के बाद भी आग पर काबू पाया नहीं गया। लेकिन आग को फैलने से रोक दिया गया है।

खबर लिखे जाने तक आग बुझाने का काम जारी था। पता चला है कि इस आग की चपेट में 20 गाड़ियां आकर जल चुकी हैं। बाकी हिस्से को फायर कर्मी बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां पर 10 - 15 साल पुरानी गाड़ियों को जब्त करके रखा जाता था।



## बाउंसर सप्लाई के विवाद में पांच लोगों पर हमला

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सफदरजंग एनक्लेव के हौजखास गांव स्थित क्लब में बाउंसर सप्लाई के विवाद में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर डंडे, पेचकस और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में पांच लोग घायल हुए। घायलों की पहचान संजीव, अनिल, आकाश दुग्गल, प्रेम और आकाश के रूप में हुई है। इनमें अनिल और आकाश की हालत गंभीर बनी हुई है। सफदरजंग एनक्लेव पुलिस ने इस संबंध तीन फरवरी को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**डंडे, पेचकस और तेजधार हथियारों से किया हमला**

पुलिस को दी शिकायत में संजीव ने बताया कि वह परिवार के साथ पिलंजी गांव में रहते हैं। उनका बार और क्लबों में बाउंसर सप्लाई का काम है। हौज खास गांव स्थित एक क्लब में भी उनके चार बाउंसर अनिल, आकाश दुग्गल, प्रेम और आकाश तैनात हैं। पहले इस क्लब में अनुज और विक्रम नामक युवकों के बाउंसर तैनात थे। पीड़ित का आरोप है कि करीब डेढ़ वर्ष पहले दोनों ने उन्हें धमकी दी थी। एक फरवरी रात करीब 10.30 बजे मोनू और साहिल अन्य साथियों के साथ क्लब पर आकर हाथापाई करने लगे। हालांकि उस समय मार्केट के लोगों ने बीच बचाव करा दिया। इसके बाद संजीव अपने बाउंसरों के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने जा रहे थे, तभी मारपीट की।

## डिलिवरी बॉय से की बदमाशों ने लूटपाट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सफदरजंग एनक्लेव में बाइक पर सवार तीन बदमाश स्विगी के डिलिवरी बॉय से 2500 रुपये लूटकर ले गए। पीड़ित का शोर सुनकर वहां से गुजर रहे दो युवकों ने जब बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो बदमाश उन्हें धक्का देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को शिकायत में प्रताप चौधरी (31) ने बताया कि वह परिवार के साथ संगम विहार इलाके में रहते हैं। पिछले दो साल से वह स्विगी में डिलिवरी बॉय का काम करते हैं। पीड़ित के अनुसार एक फरवरी रात में वह हुमायूंपुर गांव में डिलीवरी देने गए थे। रात करीब 12 बजे वापस लौटते समय सफदरजंग एनक्लेव में बाइक सवार तीन युवकों ने लूटपाट की।

## मिशन ओलिंपिक्स में पहुंचे दिल्ली पुलिस कमिश्नर




पुलिस फैमिली वेलफेयर सोसायटी (PFWS) मिशन ओलिंपिक्स' के तहत सालाना तीन दिवसीय खेल महोत्सव 2026 का समापन शनिवार को किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइंस स्पोर्ट्स ग्राउंड में हुआ।













CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: naveen.tirkey@timesofindia.com Time: 02-07-2026 23:17 Color:



# मौत का कुआं...




## रात होने के कारण CCTV फुटेज है धुंधली: पुलिस

# ठेकेदार अरेस्ट, बाकी की तलाश

■ नवीन निश्चल, जनकपुरी

**जनकपुरी में** गड्ढे में गिरकर कमल ध्यानी (25) की मौत के मामले में पुलिस ने एक सब कॉन्ट्रैक्टर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राजेश प्रजापति के रूप में हुई है। यह हिम्मत इलाके का रहने वाला है। इस मामले में अन्य फरार मजदूरों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है। क्योंकि रात होने के कारण फुटेज ब्लर आ रही है। वहीं, मौके पर पहुंचे कमल के भाई करण और दोस्त मयंक उसी फुटेज को लेकर गंभीर सवाल कर रहे हैं। उनका आरोप है कि दो दिन बाद भी फुटेज क्यों नहीं दिखा रहे हैं।

**खुदाई के काम के जिम्मेदार लोगों पर लापरवाही का आरोप**

पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह हादसे के बारे में सूचना मिलने के बाद जो छानबीन शुरू की गई थी, उसमें यह पता चला था कि सागरपुर के रहने वाले विपिन सिंह नाम के एक चश्मदीद शख्स ने उस रात घटना को देखा था। उन्होंने पुलिस को बताया कि जब वह अपने एक रिलेटिव के यहां शादी फंक्शन अटेंड करके वापस सागरपुर लौट रहे थे, तब उन्होंने हादसा देखा। उन्होंने एक गार्ड को सूचना दी थी।

पता चला कि गार्ड ने फिर योगेश नाम के एक मजदूर को जानकारी दी, जिसने नाले में हेडलाइट जलती हुई एक मोटरसाइकिल देखी। अंधेरा होने के कारण बाकी कुछ नजर नहीं आया। पुलिस ने बताया कि इसकी पुष्टि मोबाइल कॉल रिकॉर्ड के आधार पर भी की गई है। इससे यह पता चला कि मजदूर ने देर रात 12:22 पर सब कॉन्ट्रैक्टर राजेश प्रजापति को सूचना दी थी। जो हिम्मत इलाके में रहता है। वह लगभग 20 मिनट में जनकपुरी मौके पर पहुंचा, ऊपर से देखा भी, लेकिन उसने आगे किसी को इस मामले की सूचना नहीं दी। यह जानते हुए भी कि वहां बाइक और एक शख्स नीचे गिरा है। बाद में पता चला कि वहां से मजदूर भी मौके से फरार हो गए। उन्हें ढूंढने के लिए भी पुलिस टीम भेजी गई है। पता चला वो इटावा के रहने वाले हैं। बाकी इस मामले में शामिल सभी आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

मृतक के भाई करण ने बताया कि हमें सीसीटीवी फुटेज क्यों दो दिन से नहीं दिखाई जा रही है। जिस गड्ढे में गिरकर हादसा हुआ, उसमें कई फीट मिट्टी डालकर उसको खत्म किया जा रहा है। दोस्त मयंक ने कहा कि कमल की बॉडी पर मिट्टी तक नहीं लगी थी। बाइक गड्ढे में सीधी गिरी हुई थी। टायर तक मिट्टी में गड़ा नहीं हुआ था। इन सबको लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। इसलिए हम लोग सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग कर रहे हैं। यह भी आरोप लगाया कि अभी तक पीड़ित परिवार वालों से मिलने के लिए न तो कोई अधिकारी आया और न तो कोई नेता आया। सब घटनास्थल पर आ रहे हैं, अपने प्रचार के लिए। जिस गड्ढे में हादसा हुआ, वहां आसपास दो और गड्ढे थे। उनमें से एक को शनिवार सुबह भर दिया गया। दूसरे की प्रॉपर घेरकर बंद कर दी गई है।



एक सब कॉन्ट्रैक्टर को गिरफ्तार किया गया है


जिस गड्ढे में गिरकर हादसा हुआ, उसमें कई फीट मिट्टी डालकर उसको खत्म किया जा रहा है

## गड्ढे में उतरे शख्स ने चेक किया तो हो चुकी थी मौत

जनकपुरी B3B ब्लॉक में जिस रास्ते पर हादसा हुआ, उसको पोसंगीपुर रोड भी कहते हैं। यह रास्ता ग्रीन वैली अपार्टमेंट से होते हुए B2B ब्लॉक पर मिलता है। यहां के रहने वाले लोग, हादसे के 2 दिन बाद भी अचंभे में हैं, की ऐसा कैसे हो गया। वहां से रोजाना काम के सिलसिले में आने जाने वाले एक युवक ने बताया कि जब शुक्रवार सुबह वह यहां पहुंचा तो देखा कि तीन-चार लोग खड़े थे। एक शख्स को पाइप के सहारे नीचे गड्ढे में उतारा गया, उसने बाइक हटाई जो शख्स उसके नीचे गिरा हुआ था, जब उसे हिला डुलाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। फिर उसे तुरंत निकालकर ले जाया गया।

**B3B ब्लॉक के पास रहने वाले एक शख्स ने बताया वहां का हाल**

### खुदाई के दौरान 8 पॉइंट सेफ्टी नियम मानने होंगे

## खुदाई के कामों में लापरवाही पर सख्त ऐक्शन के आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**CM रेखा** गुप्ता ने जनकपुरी में हुए हादसे के बाद खुदाई से जुड़े कामों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा कि लोगों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। CM ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि सभी डिपार्टमेंट और एजेंसियों को खुदाई के दौरान 8 सूत्रीय सुरक्षा ढांचे का पालन करने का आदेश जारी किया जाए।

**तीन दिन में कंस्ट्रक्शन साइट्स की सुरक्षा जांच रिपोर्ट मांगी**

CM ने यह भी निर्देश दिया कि राजधानी में चल रहे और हाल ही में पूरे हुए सभी खुदाई स्थलों की तुरंत समीक्षा की जाए। तीन दिन के भीतर स्थान, वहां की सुरक्षा व्यवस्था और सुधारात्मक कदमों का पूरा विवरण देते हुए रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय को भेजी जाए। उन्होंने कहा कि सभी कंस्ट्रक्शन साइट पर पर्याप्त दूरी से साफ दिखाई देने वाले चेतावनी संकेत लगाए जाएं। CM ने कहा कि निर्माण स्थलों पर मजबूत, लगातार और साफ दिखाई देने वाली बैरिकेडिंग होनी चाहिए ताकि पैदल यात्री और गाड़ी की एंट्री रोकी जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो इसकी सीधी जिम्मेदारी फील्ड अधिकारी, इंजीनियर इन चार्ज और ठेकेदार की होगी।




### CMO के कंस्ट्रक्शन साइट्स के लिए निर्देश

■ उचित और पर्याप्त चेतावनी इंडिकेटर लगाए जाएं ■ रिफ्लेक्टर लाइट, ब्लिंकर्स या चमकीले टेप जरूरी हों ■ निर्माण स्थल के आसपास मजबूत बैरिकेडिंग हो ■ खुदाई की सामग्री या खाई राहगीरों को दिखाई न दे ■ धूल से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम की जाए ■ सुरक्षित पैदल रास्ते और ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था हो ■ नियम लागू कराने के लिए जिम्मेदारी तय हो ■ नियमित जायजा हो और तीन दिन में रिपोर्ट सौंपी जाए

### अफसरों के साथ घटनास्थल का किया दौरा

## दोषियों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएगी सरकार: अशीष सूद



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली के** शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को जनकपुरी क्षेत्र के उस घटनास्थल का दौरा किया, जहां जल बोर्ड के खुले गड्ढे में बाइक सवार युवक की गिरने से मौत हुई। दौरे के दौरान पीडब्ल्यूडी, जल बोर्ड, पुलिस, एमसीडी समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सूद ने कहा कि घटना के वास्तविक कारणों की तकनीकी और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर गहन जांच होगी।

**सभी निर्माण स्थलों पर सतर्कता बढ़ाई जाएगी**

इस घटना में जो भी अधिकारी, एजेंसी या ठेकेदार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जनकपुरी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे की सुरक्षा का भी ऑडिट कराया जाएगा। प्रथम दृष्टया जिन अधिकारियों पर लापरवाही का संदेह पाया गया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनकपुरी हादसे के दोषियों पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम होगा। साइट पर पाई गई कमियों को देखते हुए पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

सूद ने पीडब्ल्यूडी, जल बोर्ड और एमसीडी के अधिकारियों को जनकपुरी में जहां-जहां काम हो रहा है वहां पर सुरक्षा के सभी उपायों के साथ साथ विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने को कहा है। निर्माण स्थलों के आसपास पर्याप्त मात्रा में ट्रैफिक मार्शल, रात में लाइट की व्यवस्था, बैरिकेड्स के पास रिफ्लेक्टर आदि भी लगाने को कहा है। निर्माण कार्य करने से पूर्व संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी की लिखित परमिशन का भी ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग यदि मिलकर समन्वय के साथ काम करेंगे तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता है।

# 27 साल की तपस्या एक 'अंधे गड्ढे' में दफन, मां-बाप के पास अब खामोशी

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

**'कमल सिर्फ** मेरा बेटा नहीं, मेरी लाठी था साहब... उसने कभी महसूस ही नहीं होने दिया कि वह मेरा बोझ उठा रहा है।' यह कहते हुए नरेश चंद्र ध्यानी का गला रुंध गया और शब्द आंसुओं में बह निकले। कैलाशपुरी की गली नंबर-11 के किराए के कमरे में फिलहाल रह रहे पिता की सिसकियां और मां की सूनी आंखों का सन्नाटा पसरा है। कमरे के एक कोने में बैठे नरेश उसी जगह को देख रहे हैं, जहां बैठकर 25 वर्षीय कमल अक्सर अपने सुनहरे भविष्य के सपने बुना करते थे। मां शांति देवी की नजरें दीवार पर टंगी कमल की तस्वीर पर जमी हैं, मानो वह अब भी लौट आने का इशारा कर दे।

**27 साल की तपस्या और एक पल में उजड़ा संसार:** मूल रूप से उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के रहने वाले नरेश चंद्र ध्यानी 40 साल पहले एक बेहतर भविष्य की तलाश में दिल्ली आए थे। संघर्षों के बीच उन्होंने कैलाशपुरी की गली नंबर-4 के एक मंदिर को ही अपना घर बना लिया और बीते 27 वर्षों से मंदिर की सेवा और पंडिताई करते हुए अपने तीन बेटों- मयंक (27) और जुड़वा बेटों करण व कमल (25) को पाला। मयंक और करण के पास कोई स्थायी रोजगार नहीं था, लिहाजा पूरे घर की जिम्मेदारी कमल के कंधों पर थी। एचडीएफसी बैंक में काम करने वाले कमल की तनख्वाह से ही घर का किराया, राशन और बुजुर्ग माता-पिता की दवाइयों का खर्च चलता था। वह न केवल घर का आर्थिक आधार था, बल्कि परिवार की हिम्मत भी था।

**अधूरी रह गई आखिरी इच्छा:** नरेश बताते हैं कि 6 फरवरी को उनकी शादी की सालगिरह थी। हादसे से महज दो दिन पहले कमल ने मां के हाथ में 20 हजार रुपये रखे थे। उसने उत्साह के साथ कहा था, 'मां, इस बार सालगिरह पर घर में बड़ा भजन-कीर्तन कराएंगे और फिर सबको वैष्णो देवी लेकर जाऊंगा। पापा, इस बार हम ट्रेन से नहीं, फ्लाइट से चलेंगे। जल्दी जाएंगे और जल्दी लौट आएंगे।' पिता की आंखें छलक उठती हैं, वह कहते हैं- 'किसे पता था कि कमल की यह आखिरी इच्छा कभी पूरी नहीं होगी। जिस बेटे को गोद में खिलाया, उसी कलेजे के टुकड़े को कंधा देना पड़ा। एक पिता के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा?'


कमल ध्यानी


कैलाशपुरी में मंदिर के ऊपर बने कमरे में रहते हैं माता-पिता, मंदिर की सेवा और पूजा करते हैं

### यादों में जिंदा है सबका 'मददगार'

पड़ोसी भी कमल की सादगी और मिलनसार स्वभाव को भूल नहीं पा रहे हैं। पास ही दुकान चलाने वाले मजेश कहते हैं कि कमल बेहद समझदार और हमेशा दूसरों की मदद के लिए तैयार रहने वाला लड़का था। बिजली दुकानदार रजीत बताते हैं कि हादसे की सुबह भी कमल से बात हुई थी। वह अक्सर बाइक मेरी दुकान के सामने खड़ी करता था। दिल्ली जैसे शहर में इतनी लापरवाही देखकर डर लगता है।

### कई सवाल जो अब भी बाकी हैं

बहरहाल, कमल की कमी हर किसी को खल रही है। एक ऐसा बेटा जो पूरे परिवार का सहारा था, अब सिर्फ यादों में रह गया है। पीछे रह गए हैं: टूटे हुए मां-बाप, अधूरे सपने और ऐसे सवाल, जिनके जवाब शायद सिस्टम के पास भी नहीं हैं। कमल जो हमेशा दूसरों की मदद के लिए खड़ा रहता था, हादसे के वक्त खुद मदद के लिए मोहताज हो गया... और यही इस कहानी का सबसे भयानक और डरावना सच है।

### सिस्टम की लापरवाही और प्रशासनिक बेरुखी

हादसे के बाद पूरा परिवार गहरे सदमे में है, लेकिन उससे भी ज्यादा दुख उन्हें सिस्टम के रवैये से है। कमल के चाचा विकास ध्यानी सवाल उठाते हैं कि जिस सड़क पर हादसा हुआ, वहां न तो बैरिकेड थे और न ही जानलेवा गड्ढे को ढका गया था। हादसे के बाद आनन-फानन में दिखावटी इंतजाम किए गए ताकि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच सके। परिवार का आरोप है कि घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी कोई नेता, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी या प्रशासनिक नुमाइंदा उनका हाल जानने नहीं पहुंचा। कमल के चाचा राकेश ध्यानी कहते हैं, 'यह कोई पहली घटना नहीं है। पहले भी हादसे हुए हैं, लेकिन कभी ठोस कदम नहीं उठाए गए। लोग मरते हैं और फाइलें बंद हो जाती हैं। हमें जांच के बारे में भी मीडिया से ही पता चल रहा है। अगर परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिल जाए, तभी यह परिवार सम्मान के साथ जी पाएगा।'

**शादी की सालगिरह के तोहफे की जगह घर पहुंची बेटे की लाश**

# ठेकेदार, इंजिनियर ज़िम्मेदार: DJB

## जांच कमिटी की प्राथमिक रिपोर्ट में सुरक्षा इंतज़ामों में पाई गई खामी

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड (DJB) की लाइन रिहैबिलिटेशन परियोजना के पास हुई दुर्घटना में युवक की मौत ने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। हादसे के बाद जल बोर्ड CEO द्वारा गठित जांच कमेटी ने अपनी जो रिपोर्ट सौंपी है उसमें प्रथम दृष्टया युवक की मौत के लिए सुरक्षा इंतजामों में चूक को जिम्मेदार ठहराया है, जिसमें ठेकेदार और इंजिनियर दोनों जिम्मेदार हैं। जांच रिपोर्ट में ठेका लेने वाली कंपनी समेत चार अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश करते हुए जनकपुरी की घटना को अपर्याप्त सुरक्षा निगरानी के गंभीर परिणामों की चेतावनी बताया है।

घटना को लेकर तैयार प्राथमिक जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि घटना स्थल पर जाकर की गई जांच में वहां सार्वजनिक सुरक्षा, बैरिकेडिंग, खुदाई किए गए गड्ढों की सुरक्षा, रात में लाइट व निगरानी और ठेकेदार द्वारा सुरक्षा प्रोटोकॉल का कितना पालन किया गया कि समीक्षा की गई है। उसमें पता चला है कि दुर्घटना के समय सड़क दोनों ओर से बंद थी और ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया था। मृतक युवक ने शॉर्टकट के चक्कर में प्रतिबंधित एवं बैरिकेड लगे संकरे सड़क वाले हिस्से में प्रवेश कर गया था। उसी दौरान यह हादसा हुआ।

हालांकि, जांच रिपोर्ट में साफ है कि कंस्ट्रक्शन साइट पर की गई बैरिकेडिंग अपर्याप्त थी और उसे सही ढंग से वहां नहीं लगाया गया था। इसी वजह से वहां से आने-जाने के लिए एक हिस्सा खुला रहा जो आम जनता के लिए गंभीर खतरा बना। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे कार्य क्षेत्र की परिधि (एरिया) में मजबूत लोहे के बैरिकेड्स लगाया जाना अनिवार्य था, जो दुर्घटना के समय मौजूद नहीं पाए गए। इसके अतिरिक्त, परियोजना स्थल को बिना किसी निगरानी के छोड़ दिया गया था, जो निर्धारित सुरक्षा मानकों का सीधा उल्लंघन है।

हादसे की जांच रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया कि हरी जाली (ग्रीन मेश नेटिंग) का उपयोग केवल गैर खुदाई वाले इलाकों में सीमित रूप से किया जा सकता है। दुर्घटना स्थल पर यह ठीक से नहीं लगाया गया था। रिपोर्ट के अंत में इसके लिए ठेकेदार कंपनी और अधिकारियों को प्रथम दृष्टया जिम्मेदार ठहराया गया है। ठेकेदार एजेंसी मेसर्स केके स्पन इंडिया लिमिटेड ओ लाइनर जेवी और DJB के संबंधित अधिकारियों पर अपनी जिम्मेदारियों में गंभीर लापरवाही की बात कही गई है। इसके लिए रमेश कुमार गुप्ता, SE (डायरेक्टर प्रोजेक्ट-4Dr), आनंद सिंह ग्रेवाल, EE, सुश्री चंदन, सहायक अभियंता (सिविल) और जेई आलोक कुमार (सिविल), जो संविदा पर हैं उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है।



### जनकपुरी हादसे के कारण

■ घटना स्थल पर बैरिकेडिंग की गई थी, लेकिन वह पर्याप्त नहीं थे
■ रात में वहां निगरानी को लेकर ठेकेदार कंपनी की ओर से कोई इंतजाम नहीं थे
■ लोहे के बैरिकेड्स लगाया अनिवार्य था, जो दुर्घटना के समय मौजूद नहीं पाए गए
■ साइट की ठीक से बैरिकेडिंग नहीं थी, शॉर्टकट के चक्कर में युवक वहां से गया

## HC के रिटायर्ड जज से कराएं जांच: कांग्रेस


देवेंद्र यादव

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एलजी वी.के. सक्सेना से मांग की है कि जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड के गड्ढे में गिरने से हुई युवक की मौत की जांच दिल्ली हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज से कराई जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से बनाई गई उच्चस्तरीय जांच कमिटी में विभागीय स्तर के अधिकारी होने के कारण पक्षपात होने और विश्वसनीयता की कमी के डर के चलते मामला रफा-दफा हो

## AAP ने की मुआवजे की मांग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**जनकपुरी में** युवक की मौत मामले में आम आदमी पार्टी ने कहा है कि एफआईआर में मंत्री आशीष सूद का झूठ पकड़ा गया है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को एफआईआर को पढ़ते हुए कहा कि यह घटना दिल्ली जल बोर्ड और उसके ठेकेदार की ओर से मेन रोड पर बनाए गए गड्ढे को न ढकने के कारण हुई। वहीं, संजीव झा ने CM रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर जनकपुरी हादसे में मारे गए युवक के परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा है कि परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा और एक आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए।


सौरभ भारद्वाज

सौरभ ने कहा कि आशीष सूद ने राजनीति के लिए मृतक को ही अपनी मौत के लिए दोषी बनाने की पूरी कोशिश की थी। भारद्वाज ने सरकार से पुलिस कमिश्नर को सस्पेंड करने की भी मांग की। सौरभ ने कहा कि मौत के लिए सरकार और पुलिस की लापरवाही सबसे बड़ा कारण है, लिहाजा सरकार को तत्काल पुलिस कमिश्नर को हटा देना चाहिए।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-07-2026 21:13 Color:




RC/REP/HARERA/GGM/936/668/2025/39
https://haryanarera.gov.in/

# HARYANA DEVELOPMENT AND REGULATION OF URBAN AREAS ACT 1975

## APPLICATIONS INVITED FOR HIGH RISE APARTMENTS

## AT SECTOR-95, GURUGRAM, HARYANA

APPROVED RERA APPROVED

Promoter : JMS Infra Reality Pvt. Ltd.
Project: JMS Group Silver Living



Artistic Impression

LOAN AVAILABLE **UPTO 75%**

3 BHK @ **₹1.57cr**

REGISTRATION AMOUNT **₹21,000**

## BANG ON DWARKA EXPRESSWAY

**Important Dates:** REGISTER TODAY

आवंटन तिथि (Unit Allocation Starts From) WEDNESDAY, 11TH February 2026

| Area in (Sq. Ft.) | Area in (Sq. Mtr.) | On Allotment | 10% Within 5 Days | 15% Within 30 Days | 75% as per CLP Plan | Total Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1410 | 130.9933 | ₹ 5,00,000 | ₹ 15,73,842 | ₹ 23,60,763 | ₹ 1,18,03,815 | ₹ 1,57,38,420 |
| 1559 | 144.8358 | ₹ 5,00,000 | ₹ 17,40,156 | ₹ 26,10,234 | ₹ 1,30,51,169 | ₹ 1,74,01,558 |
| 1969 | 182.9261 | ₹ 5,00,000 | ₹ 21,97,798 | ₹ 32,96,697 | ₹ 1,64,83,484 | ₹ 2,19,77,978 |



**BBA to be executed after successful Allocation | GST and Possession Charges as Applicable


### AMENITIES *

*Artistic Impression


Terrace Café

Indoor Sports Zone

Swimming Pool

Fitness & Wellness

Multipurpose Hall



Doorstep Delivery

Attendant on Call


Senior Living

Medical Support

### IN CLOSE PROXIMITY TO


Dwarka Expressway

IMT Manesar

Reputed Schools

Hospitals

Railway Station

Shopping Mall

Metro Station

Airport

**Registration Amount is Refundable for Unsuccessful Applicants**

Scan with Google Lens & Register

Bank Loan Available : punjab national bank | HDFC BANK We understand your world | ICICI Bank | केनरा बैंक Canara Bank

For Online Registration :

**www.e-allotment-jms.org**


Helpline No.: **+91-73773 78558**

**Disclaimer:** The Promoter urges every applicant to inspect the project site and shall not merely rely upon any architectural impression, plan, sales, brochure, advertisements, representation, statements of whatsoever nature' and, therefore, requests to make personal judgement prior to submitting an application for allotment. unless otherwise stated, all the images, visuals materials and information contained herein are purely creative/artistic and may not be actual representation of the product and/or any amenities. Further, the actual design may vary in the fit and finished form, from the one displayed above. 75 mtr meter road Location is there as per master plan approved by Government of Haryana. All flats are height of 11 feet Journey time shown, if any, is based upon Google Maps which may vary as per the traffic at a relevant point of time. Rate mentioned above does not include GST and other statutory charges, if applicable. T & C Apply. 1sq.mt. = 10.7639 sq ft..BBA to be executed.


# रंगों से सजी दिल्ली, वीकेंड होगा गुलज़ार

## बोलती दीवारें... शहर की गलियां बनीं रंगों और किस्सों की गैलरी

Katyayani.Upreti@timesofindia.com



Photos: Sunil Kataria



■ सेंट्रल दिल्ली में घूमने का मजा तब और जमता है, जब टहलते-टहलते आप पहुंचते हैं लोदी कॉलोनी। बोलती दीवारें आपके बीच हैं, कई रंग, कई किस्से और एक आम इंसान की पुकारती आवाज। 10 साल पहले लोदी कॉलोनी में 'लोदी आर्ट डिस्ट्रिक्ट' एक ऐसा अड्डा बना, जिसे दिल्ली स्ट्रीट आर्ट St+Art फेस्टिवल के साथ देश-विदेश के कलाकारों ने जीवंत रंग दिए और हर साल सिलसिला चलता रहा। 2026 का जश्न और भी खास है, इस पब्लिक आर्ट डिस्ट्रिक्ट के 10 साल का सफर पूरा हो चुका है। 28 फरवरी तक 'लोदी आर्ट डिस्ट्रिक्ट' में St+Art 2026 के रंगों, दीवारों और कलाकारों के जोश के साथ स्ट्रीट आर्ट के जादू को महसूस किया जा सकता है। इस साल की थीम है आर्ट को विस्तार देता - डाइलेट ऑफ आर्ट स्पेसेज।

देश-विदेश के 100 से ज्यादा कलाकार अब तक दिल्ली के लोदी कॉलोनी को गुलजार कर चुके हैं। इन दिनों भी स्ट्रीट आर्ट (St+Art) इंडिया फाउंडेशन अपने कॉरपोरेट अर्बन स्ट्रीट आर्ट फेस्टिवल के साथ देश-विदेश के आर्टिस्ट का हुनर दिल्ली की दीवारों में बसा रहा है। इस बार पब्लिक इमारतों की दीवारों में छह नए म्यूरल जोड़े जा रहे हैं। फेस्ट के आखिर तक यहां 65 म्यूरल हो जाएंगे। मेहमान कलाकारों में पोलैंड, जर्मनी, अर्जेंटीना, स्पेन के कलाकार शामिल हैं। यादें, आर्किटेक्चर, विजुअल आर्ट हिस्ट्री से लेकर पर्यावरण से लेकर आम जिंदगी के भाव इनमें नजर आ रहे हैं। इलाके में चलने वाले 10 साइकल रिक्शाओं को चलते-फिरते आर्ट पीस में बदल गया है।

> इस साल पब्लिक आर्ट डिस्ट्रिक्ट का 10 साल का सफर पूरा

St+art इंडिया की कम्युनिकेशन हेड अनुष्का राणा कहती हैं, अगर इस देश की अरबों की आबादी तक कला को पहुंचाना है, तो इसे सड़कों पर लाना होगा। पब्लिक आर्ट यानी आम जन की आर्ट। आपको आर्ट गैलरी जाने की जरूरत नहीं, आपकी सड़कें, गलियां ही आर्ट गैलरी हैं। हम इसी एरिया में वर्कशॉप भी रख रहे हैं, संवाद भी करवा रहे हैं, जिसे आम लोग सुनें। सड़क पर गुजरते हुए दीवारों में बनी इस तरह की आर्ट परफॉर्मेंस और म्यूरल्स आपकी रोजमर्रा की जिंदगी के कुछ आम पलों को खास पलों में बदल देते हैं।

लोककथाओं, स्मृतियों, खासतौर पर मेहनतकश महिलाओं को फोकस करती जर्मनी की आर्टिस्ट जूमु कहती हैं मैं चाहती हूं कि लोग दीवारों पर बनी इन परतों को धीरे-धीरे देखें, रुकें और उस विजुअल लैंग्वेज के दायरे में प्रवेश करें, जहां यादें और वर्तमान एक साथ मौजूद हों। हमें काम करते देख लोग ठहर रहे हैं, कुछ सवाल भी कर रहे हैं, यह यहां मेरा पहला शो है, जो कि सुखद है। पोलैंड के कलाकार पेनेर का एब्स्ट्रैक्ट म्यूरल जिंदगी की वास्तविकता को अलग-अलग नजरियों से दिखाता है, तो स्पेन के आर्टिस्ट सूसो तरिणी सेठी और ईशान के साथ भारतीय और स्पेनिश विजुअल हिस्ट्री के आपसी संवाद को पेश कर रहे हैं और अर्जेंटीना के एलियन वाली दीवार में वास्तुकला के साथ अनुभवों को सजा रहे हैं। आर्टिस्ट स्वम् कोहली के साथ अरुणाचल के 13 साल के कलाकार राम सांगडेनू जंगलों से अपने जुड़ाव को पेश कर रहे हैं, तो St+art इंडिया फाउंडेशन के को-फाउंडर यंग आर्टिस्ट हनिफ कुरैशी 'डाकू' की विरासत की यादें भी दीवार पर सहेजी जा रही हैं, जिन्होंने दुनिया को 2024 में अलविदा कह दिया। इस ओर से गुजरने वाले लोग इस फेस्ट को जानने और शामिल होने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। ब्लॉक सी के आगे बाइक से गुजर रहे रमानंद शुक्ला कहते हैं, मैं बस ठहर गया कलाकारों को काम करते देख, गजब क्रिएटिविटी है। मैंने 8-10 तस्वीरें भी ले लीं।

### बने आर्ट पीस

- इस बार पब्लिक इमारतों की दीवारों में जोड़े जा रहे हैं छह नए म्यूरल
- फेस्ट के आखिर तक यहां 65 म्यूरल हो जाएंगे
- मेहमान कलाकारों में पोलैंड, जर्मनी, अर्जेंटीना, स्पेन के कलाकार हैं शामिल
- 10 साइकल रिक्शाओं को आर्ट पीस में बदला

NBT संडे स्पेशल

## अगला वीकेंड DDA के लिए खास, होंगे तीन बड़े आयोजन

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अगला वीकेंड** लोगों के लिए खास रहने वाला है। DDA अलग अलग मिजाज के लोगों के लिए अलग अलग तरह के इवेंट आयोजित कर रहा है। इनमें ग्रीन एक्सपो, फ्लावर फेस्टिवल और मैराथन जैसे आयोजन शामिल हैं।

**चार जगह फ्लावर फेस्टिवल:** DDA 14 से 16 फरवरी तक अपने 4 बड़े ग्रीन स्पेस में सालाना फ्लावर फेस्टिवल 'पलाश' आयोजित कर रहा है। यह फेस्टिवल बिरसा मुंडा चौक के बांसेरा पार्क, जसौला के लाला हरदयाल पार्क, अशोक विहार के अशोक पार्क और नरेला के स्मृति वन पार्क में लगेगा। फेस्टिवल में लोगों को कई तरह की फूलों की सजावट देखने को मिलेगी। 'गार्डन इन कंटेनर' प्रतियोगिता यहां लोगों का ध्यान खींचती है। ट्यूलिप की रंगत भी लोगों को आकर्षित करेगी। इस आयोजन में बागवानी प्रेमी, एनवायरमेंटलिस्ट, आर्टिस्ट और आम लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यहां फूलों के डिस्प्ले और सजावट के साथ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कल्चरल प्रोग्राम, इंटरेक्टिव और क्रिएटिव एक्टिविटी, फूलों की रंगोली प्रतियोगिता और ड्राइंग और पेंटिंग कॉम्पिटिशन भी होंगी।

### 14 और 15 को ग्रीन एक्सपो

14 और 15 फरवरी को बांसेरा में ग्रीन एक्सपो लगाया जाएगा। यह एक्सपो शहरीकरण के ग्रीन और प्राकृतिक आधारित हल पर फोकस करेगा। इसमें दुनिया भर की बेहतरीन प्रैक्टिस को एक राष्ट्रीय मंच मिलेगा। DDA इस एक्सपो के जरिए लीडर्स, पॉलिसी मेकर और शहरी विकास से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहा है। इसका मकसद भारतीय शहरों को जलवायु परिवर्तन के अनुसार तैयार करना है।



### सीरीफोर्ट में ट्रेल रन 2.0

DDA सीरीफोर्ट ट्रेल रन 2.0 15 फरवरी को आयोजित करेगा। इसमें 25 हजार से अधिक लोगों के हिस्सा लेने की संभावना है। 2, 5 और 10 किलोमीटर की दौड़ कराई जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्टर किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपये है। पहले 3 विजेताओं को ट्रॉफी दी जाएगी।




## परीक्षा के दौरान कैसे रहें तनाव से दूर, यहां जानिए

परीक्षा के दौरान बच्चे ही नहीं पैरेंट्स भी कई बार तनाव में आ जाते हैं। ऐसे में एनबीटी रंगमंच क्लब लेकर आया है एक खास वर्कशॉप, जहां पैरेंटिंग एक्सपर्ट और साइकोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका कपूर एग्जाम के दिनों में बच्चे और पैरेंट्स को एंग्जायटी से बचने के तरीके बताएंगी। तो ये मौका हाथ से ना जाने दें, आज ही रजिस्टर करें।

NBT रंगमंच Club



गीतिका कपूर (साइकोलॉजिस्ट)

तारीख: 11 फरवरी (बुधवार)
समय: दोपहर 3 से 4 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल/वट्सऐप करें।

NBT नवभारत टाइम्स NBT रंगमंच Club

## स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ एकांत रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।



■ स्थान: परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
■ तिथि: 27 से 30 मार्च 2026

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें। *शर्तें लागू

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9910475909 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल वट्सऐप पर भेजें।

शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति


## भजन क्लबिंग में हिस्सा लेने का शानदार मौका



अगर आपने सोशल मीडिया पर भजन क्लबिंग की रील्स देखकर एंजॉय किया है तो अब आपके पास है शानदार मौका। नवभारत टाइम्स रंगमंच क्लब के साथ वायब्रेंट दिल्ली में महाशिवरात्रि भजन क्लबिंग नाइट का आयोजन कर रहा है। इस आध्यात्मिक शाम में गजेंद्र प्रताप सिंह, सुहास सावंत और दीने अमन परफॉर्म करेंगे। इसके अलावा गंगा आरती और शिव मंत्रोच्चारण भी होगा। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करना होगा बस एक मैसेज। मैसेज करने वाले चुनिंदा पाठकों को नवभारत टाइम्स की ओर से पास दिया जाएगा।


वेन्यू: जेएलएन ग्राउंड्स, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, प्रगति विहार
दिन-तारीख: रविवार, 15 फरवरी 2026
समय: शाम 6 बजे से

NBT रंगमंच Club

नोट: इसमें हिस्सा लेने के लिए 7003890071 पर अपना नाम और Bhajan लिखकर मैसेज करें। मैसेज करने वाले चुनिंदा लोगों को सूचित किया जाएगा कि उन्हें अपना पास कहां से कलेक्ट करना है।

# वैलंटाइंस डे पर हज़ारों शादियां, ट्रैफिक का बज सकता है 'बैंड'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**इस बार** वैलंटाइंस डे (14 फरवरी) दिल्ली-एनसीआर में शादियों के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है। आमतौर पर वैलंटाइंस डे पर शादी के बड़े मुहूर्त नहीं होते, लेकिन इस बार शुभ मुहूर्त के साथ वीकेंड का संयोग होने से 14 फरवरी की डिमांड काफी अधिक है। शादियों का सीजन 4 फरवरी से शुरू हो चुका है और 12, 14, 19, 20 और 21 फरवरी को शादियों की जबरदस्त बुकिंग है। 14 फरवरी को बैंक्विट हॉलों में दोपहर और रात, दोनों शिफ्टों में शादियां तय हैं।

> शादियों का सीजन 4 फरवरी से हो चुका है शुरू

बैंक्विट संचालकों के अनुसार, दिल्ली में रोज करीब 25 से 26 हजार शादियों की क्षमता है, लेकिन बड़े मुहूर्तों पर यह संख्या 27 से 35 हजार तक पहुंच जाती है। दिल्ली कम्युनिटी वेलफेयर बैंक्विट असोसिएशन के अध्यक्ष रमेश डैंग ने बताया कि इस बार वैलंटाइन डे पर मुहूर्त और छुट्टी का दिन होने से मैनेजमेंट काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। स्थिति को संभालने के लिए बैंक्विट हॉलों ने 20 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाफ रखा है और उन्हें ओवरटाइम भी दिया जा रहा है। यह सीजन व्यस्त होने के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी काफी लाभदायक साबित हो रहा है।

शादियों की इतनी संख्या का असर बाजारों में भी स्पष्ट दिख रहा है। फूलों, फलों और ब्यूटी पार्लरों में भारी रौनक दिख रही है। ग्रेटर कैलाश की मेकअप आर्टिस्ट रश्मि जानी ने बताया कि उनके चारों पार्लरों में ब्राइडल मेकअप की इतनी अधिक बुकिंग है कि वे अब आम ग्राहकों की बुकिंग नहीं ले रही हैं। उन्होंने काम के दबाव को देखते हुए करीब 10 अतिरिक्त स्टाफ भी हायर किया है।

### 14 फरवरी की ज्योतिषीय महत्ता

ज्योतिषीय दृष्टि से भी इस बार 14 फरवरी का दिन काफी शुभ है। आचार्य आशीष शास्त्री के अनुसार, 14 फरवरी को 'उत्तराषाढ़ा नक्षत्र' है, जिसे विजय और सफलता का प्रतीक माना जाता है। साथ ही इस दिन 'शनि प्रदोष व्रत' भी पड़ रहा है। भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा के लिए प्रदोष काल अत्यंत मंगलकारी होता है, जो वैवाहिक बंधन के लिए श्रेष्ठ है।

### कई सड़कों पर ट्रैफिक जाम की चुनौती

इतनी बड़ी संख्या में शादियों के चलते राजधानी की प्रमुख सड़कों पर जाम लगने की पूरी आशंका है। विकास मार्ग, एसपी मार्ग, द्वारका, एनएच-8, महिपालपुर और मायापुरी जैसे इलाकों में, जहां बैंक्विट हॉल और फार्म हाउसों की संख्या अधिक है, यातायात प्रभावित हो सकता है। बैंक्विट संचालकों ने पार्किंग व्यवस्था के लिए अतिरिक्त गार्ड तैनात किए हैं ताकि मुख्य सड़क पर गाड़ियों की कतार न लगे।

## AI से घर बैठे मरीज़ की 24×7 निगरानी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: एआई की मदद से भारत ने एआई कंटीन्यूअस हेल्थकेयर इकोसिस्टम लॉन्च किया है। जो घर बैठे मरीज की 24×7 निगरानी करता है। दावा है कि इस तकनीक के जरिए शरीर में होने वाले छोटे-छोटे बदलावों को बीमारी बनने से पहले ही पकड़ लिया जाता है और दो मिनट के भीतर डॉक्टर, मरीज और उनके परिजनों को अलर्ट कर देते हैं। कार्डियो सर्जन डॉ. राहुल चंदोला के अनुसार, यह तकनीक प्रेडिक्टिव मॉनिटरिंग पर आधारित है। इससे न केवल गंभीर स्थिति बनने से पहले इलाज संभव होता है, बल्कि बार-बार अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत भी काफी कम हो जाती है। iLive Connect के को-फाउंडर डॉ. विवेका कुमार ने यह जानकारी दी।


TIMES interact — To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Bharti Panchal, D/o Ramesh Kumar, R/o Plot No. 485/6, Flat No. 402 (Flat No. 04), Sector 7, Gurgaon, Haryana, have changed my name from Bharti to Bharti Panchal for all future purposes.

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

आम जनता के लिए सूचना

Fortis MEMORIAL RESEARCH INSTITUTE GURUGRAM

tender & notices

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड

निविदा सूचना

https://gem.gov.in www.itdc.co.in

सबसे श्रेष्ठ आतिथ्य की ओर • Tourism • Travel • Hospitality

PROPERTY FOCUS — TIMES interact

THINK GROWTH. THINK GOA. 270 SQ. YDS. WATERFRONT PLOTS @30,000 SQ. YDS. 93-1122-8485

TIMES interact SPECIAL

UNIVERSITY FOR SALE (Hills of NORTH INDIA)

UGC and State Govt. Approved University in Hills with nature surroundings and having excellent connectivity via Road and Air.
→ University Act passed in August 2025.
→ Clear Title under Trust & No Loan.
→ Land Area : Approx. 10 Acres.
→ Covered Area : 80,000 sq. ft.
→ Hostel under construction.
Only interested parties may Contact or Email on +91 86793 39066 (WhatsApp Available).
Email : connectingwidleads@gmail.com

TO BOOK YOUR EDUCATION ADS PLEASE CALL AMIT : 9811790649

TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE — SCAN QR CODE

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES TRIBUTE — PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL — To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES



!! Hare Krishna !!
Sh. Raghbir Singh (Wazirabad, Ggn. wale)
01.01.1935 - 29.01.2026

Dear Pita Ji/Baba Ji, on the auspicious day of your Tehrvi, we express our heartfelt feelings In your final years, you faced pain and discomfort due to unfortunate circumstances & we were helpless even though we wanted to do more. We are truly sorry please forgive us. You will always remain in our hearts, deeply missed and fondly remembered. We pray Lord Krishna grants you shelter onto His Lotus Feet. Satvir, Sunita, Ashish, Kesav, Preeti, Vikram & Family. ABM Survey Ggn all staff. 9810295265

'That which is most needed is a loving heart.' Thus Spake Buddha

TIMES TRIBUTES RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 11 लड़कियों को छुड़ाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image



**डाबड़ी थाना** इलाके में पुलिस ने एक देह व्यापार के अड्डे पर छापेमारी कर 11 लड़कियों को छुड़ाया। इनमें पांच नाबालिग शामिल हैं। यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस ने असोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (AVA) से मिली जानकारी पर की। पुलिस ने मौके से आठ कस्टमर्स और दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिन पर अड्डा संचालित करने का आरोप है। यह अड्डा द्वारका स्थित महावीर एनक्लेव, KFC वाली गली में एक मकान के पहले फ्लोर पर चल रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस को वहां से इस्तेमाल और बिना इस्तेमाल किए गए कंडोम के पैकेट मिले। इसके अलावा सात कुत्ते भी मौजूद थे, जिन्हें लड़कियों को डराने और भागने से रोकने के लिए रखा गया था।

**छुड़ाई गई लड़कियों में पांच नाबालिग है शामिल**

FIR के मुताबिक, 4 फरवरी को छापे के दौरान एक नाबालिग लड़की बदहवास हालत में एक अलमारी के अंदर छिपी हुई मिली, जो डर से कांप रही थी। काउंसलिंग के दौरान लड़कियों ने बताया कि उन्हें पश्चिम बंगाल, असम और उत्तर प्रदेश से नौकरी और बेहतर जीवन का झांसा देकर दिल्ली लाया गया था। उन पर लगातार निगरानी रखी जाती थी और विरोध करने पर धमकाया जाता था। यह घर चारों ओर से बंद था। लड़कियों को बंधुआ हालात में रखा गया था और बिना अनुमति कहीं जाने की इजाजत नहीं थी।

## लूट के आरोप में वॉन्टेड अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** लूट के आरोप में फरार चल रहे वॉन्टेड बदमाश को आनंद पर्वत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। दिल्ली हाई कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी कर रखा था। उसकी पहचान 35 वर्षीय सुखविंदर के तौर पर हुई है। सेंट्रल जिला के DCP अनंत मित्तल ने बताया कि फरार एवं लंबित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 4 फरवरी को एक सूचना के बाद पंजाबी बस्ती से लूट के मामले में फरार चल रहे वॉन्टेड बदमाश सुखविंदर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# एक्सप्रेसवे पर तेज़ रफ्तार ट्रॉले से गिरकर मज़दूर की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image



**कालिंदी कुंज** इलाके में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सड़क निर्माण के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। निर्माण कार्य कर रही एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाला 19 साल का मजदूर ट्रॉला से गिर गया। इसके बाद ट्रॉला का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रॉला ड्राइवर गाड़ी समेत फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के साथी के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नासिर हुसैन (19) के रूप में हुई है। नासिर अपने दोस्त नूरुल इस्लाम के साथ दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर काम में लगे थे।

नूरुल इस्लाम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 फरवरी की रात उनकी ड्यूटी ट्रॉला पर लदे भारी लोहे के सामान को क्रेन की मदद से उतारने की थी। रात में मैदापुर यार्ड में सामान उतारने के बाद वह और नासिर ट्रॉला के पीछे बैठकर मदनपुर खादर की ओर लौट रहे थे। ट्रॉला ड्राइवर के साथ दो गार्ड गाड़ी के केबिन में बैठे थे। नूरुल का आरोप है कि वापसी के समय ट्रॉला ड्राइवर तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहा था। उन्होंने ड्राइवर को आवाज देकर गाड़ी धीरे चलाने के लिए कहा लेकिन ड्राइवर ने बात नहीं मानी। इसी दौरान रास्ते में एक ब्रेकर आया। तेज झटका लगने से नासिर संतुलन खोकर ट्रॉला से नीचे गिर गए।


**PUBLICATION OF ADVERTISEMENT**

**EXPERIENCED** male Car Drivers with no criminal background and knowledge of Delhi Roads & traffic, required on daily wage basis for Army Welfare Transport Society for Toyota Innova, Maruti Ertiga, Tata Nexon EV, Tata Curvv (Petrol & EV) and Dzire cars. Ex-servicemen and their wards will be given preference. The wages will be paid as per minimum rates of Govt of NCT Delhi. Test will be held on **22 Feb 2026** at 0900 hrs at IHQ of MoD (Army) Tpt Unit, Near Durga Bai Deshmukh Metro Station, Dhaula Kuan, New Delhi. Candidates to bring following relevant documents in original and one set of photocopy for screening and driving test. (a) Valid four wheeler driving license. (b) Aadhaar Card. (c) 12th pass cert. (d) Experience certificate. (e) Pension/discharge book of ex-servicemen (if applicable).

For any inquiry, contact No - 011-25614712, 7878705338 & 8979447007.


# कर्ज से परेशान दंपती ने दी जान

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

**कर्ज से** परेशान दंपति ने पालम और दिल्ली कैंट के बीच रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को मृतक के पास से दो आधार कार्ड की कॉपी और एक स्यूसाइड नोट मिला। नोट में मृतक ने कर्जदारों द्वारा परेशान करने की बात लिखी थी और कुछ लोगों का नाम भी लिखा था, जो उन्हें परेशान कर रहे हैं। दिल्ली कैंट रेलवे पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्यूसाइड नोट के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोट में लिखा है कि वह ब्याज दे-देकर थक गए हैं। वह अब तक लाखों रुपये ब्याज के तौर पर दे चुके हैं, बावजूद इसके उन्हें परेशान किया जा रहा था। इस कारण वह जान दे रहे हैं।

**पालम और दिल्ली कैंट के बीच ट्रेन के आगे लगाई छलांग**

पुलिस सूत्रों के अनुसार पांच फरवरी की दोपहर करीब डेढ़ बजे दिल्ली कैंट रेलवे पुलिस को सूचना मिली कि दो लोग ट्रेन की चपेट में आ गए हैं। खबर मिलते ही रेलवे पुलिस पालम और दिल्ली कैंट के बीच रेलवे ट्रैक के पोल नंबर 14/16 के पास पहुंची।

## युवक को मारा था चाकू, आरोपी अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आनंद पर्वत इलाके में बीच बचाव करने एक युवक को बदमाश ने चाकू मार घायल कर दिया। फिर मौके से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान 42 वर्षीय राजेश के तौर पर हुई है। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। सेंट्रल जिला के डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि 2 फरवरी को आनंद पर्वत में चाकू से हमला किए जाने की PCR कॉल मिली थी। सूचना के बाद पुलिस वाले मौके पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।













**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in